

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विरासत का नायाब तोहफा हैं विंटेज कारें व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -185, पृष्ठ -14+4, मूल्यः - 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 25 फरवरी 2024




दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी... 13

**आज का मौसम** 27.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 37 सूर्यास्त 06 : 07

## यात्री बसों, भारी वाहनों में भी लगानी होगी सीट बेल्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईआरएफ का राजमार्ग मंत्रालय से अनिवार्य करने का अनुरोध

सड़क सुरक्षा के वैश्विक निकाय इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) से सड़क दुर्घटनाओं में हताहतों और घायलों को कम करने के लिए यात्री बसों और स्कूल बसों सहित सभी भारी वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य करने का आग्रह किया है।

आईआरएफ के मानद अध्यक्ष केके कपिला ने मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि बसों में सीट बेल्ट उपलब्ध कराने की तत्काल जरूरत है, जिसे अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल दहला देने वाली यात्री बस दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। उनमें से कई लोग बच गए होते, अगर उन्होंने सीट बेल्ट लगा रखी होती। कपिला ने बताया कि 2021 के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में बस हादसों में केवल 14 व्यक्तियों की जान गई। 2022 में चीन में 215 मौतें हुईं। उन्होंने बताया कि विकासशील और विकसित दोनों देशों ने बसों जैसे सार्वजनिक परिवहन के लिए कड़े सुरक्षा मानकों को अपनाकर उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए हैं।

**उप्र पुलिस में 60,244 पदों के लिए 17-18 फरवरी को हुई परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी हुए थे शामिल**

# सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त, छह माह बाद फिर से होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पेपर लीक होने के प्रकरण की एसटीएफ करेगी जांच
- अभ्यर्थियों को मिलेगी रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा सुविधा

**अमृत विचार :** पेपर लीक होने की खबरों के बीच शासन ने उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए हुई परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया है। 17 व 18 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह फैसला किया गया। मुख्यमंत्री ने अगले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

शासन ने पुलिस भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए हैं कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराए जाने का फैसला किया है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह में पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

## आरओ/एआरओ परीक्षा की शिकायतों की होगी जांच

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने 27 फरवरी तक मांगे साक्ष्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी ने आदेश भी जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 के संबंध में शासन को संज्ञान में लाए गए तथ्यों एवं शिकायतों के दृष्टिगत परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता के उद्देश्य में यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायतों का शासन स्तर पर परीक्षण किया जाए। आदेश में कहा गया है कि इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक व नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी. secyappoint@nic.in पर 27 फरवरी तक उपलब्ध करा सकते हैं।

# कासगंज में अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलटी, 23 की जान गई

### मृतकों में 13 महिलाएं और 9 बच्चे, ट्राली के पहिए की बैरिंग टूटने से हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



तालाब में डूबे लोगों को जेसीबी से बाहर निकालती पुलिस और ग्रामीण।

- एटा के गांव नगला कसा से स्नान मुंडन के लिए जा रहे थे गंगा घाट

> घटना दुखद है। शाम तक 23 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। एटा और कासगंज जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूरी जानकारी ली है। घायलों के इलाज के लिए हर पल नजर रखी जा रही है।
> –रविंद्र कुमार, मंडलायुक्त अलीगढ़।

**अमृत विचार :** कासगंज में गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बैरिंग टूटने से अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक घायल हैं। कमिश्नर,आईजी, डीएम, एसपी, राजस्व मंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

एटा जिले के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव नगला कसा निवासी गौरव के छह माह के बेटे का मुंडन होना था। शनिवार को माघ पूर्णिमा पर बच्चे के मुंडन संस्कार को लेकर गौरव के परिवार में भारी उत्साह था। परिजनों, रिश्तेदारों के अलावा गांव के लोगों के साथ आसपास के गांव खिड़िया, रोरी, बरार के भी कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा घाट कादरगंज जा रहे थे। ट्रैक्टर गौरव ही चला रहे थे। पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराला के समीप पहुंचे कि अचानक ट्रॉली के पहिए का बैरिंग टूटने से ट्रॉली अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई और श्रद्धालु पानी में डूब गए। आसपास के ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची इससे पहले ही ग्रामीण ट्रॉली को सीधा करने का प्रयास करने लगे। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने ट्रॉली को हटाया फिर डूबे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। पुलिस भी मदद में जुट गई। लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया जहां एक-एक कर कई लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। दोपहर बाद तक मृतकों की संख्या 23 पहुंच गई। मृतकों में 13 महिलाएं, 9 बच्चे हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान को एटा के गांव कसा एवं कासगंज के गांव ककराला पहुंचने के निर्देश दिए। कमिश्नर रविंद्र कुमार, आईजी शलभ माथुर, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक भी मौके पर पहुंचे। सांसद राजवीर सिंह के अलावा विधायकों ने भी मौके पर और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। घटना में 20 से अधिक लोग घायल बताए गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

## जेल वार्डर के भाई की सऊदी अरब में हत्या

**फतेहपुर।** चांदपुर थाने के बबई निवासी युवक की सऊदी अरब में हत्या कर दी गई। खबर आने के बाद परिजन बेहाल हैं। करीब एक माह में शव के आने की उम्मीद है। चांदपुर थाने के बबई निवासी श्याम बिहारी विश्वकर्मा का पुत्र विजय शंकर डेढ़ साल पहले सऊदी अरब की राजधानी रियाद कमाने गया था। सऊदी में वह ड्राइवर था। बहराइच जेल में वार्डर के पद पर तैनात भाई प्रेम शंकर ने बताया कि करीब 15 दिन पहले भाई की हत्या की खबर उसके मालिक ने दी। भाई की किसी वजह से तीन लोगों ने हत्या कर दी।

## बनभूलपुरा हिंसा का मुख्य आरोपी अब्दुल गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची पुलिस, बेटा और पत्नी अभी भी फरार



**अमृत विचार :** पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची, देर रात मेडिकल कराने के बाद रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मलिक की पत्नी सोफिया और बेटे अब्दुल मोईद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने शनिवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि बनभूलपुरा बवाल के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर-8 आजाद नगर की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत छह टीमें लगी हुई थीं। टीमें दिल्ली, हरियाणा, उप्र, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र में तलाश कर रही थीं।

## आतंकवाद मामले में एनआईए ने चार के घर कुर्क किए

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मादक पदार्थों की बिक्री से अर्जित आय से आतंकी गतिविधियों के वित्त पोषण के मामले में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को चार आरोपियों के आवास कुर्क किए। एनआईए ने एक बयान में कहा कि यह मामला मादक पदार्थों से अर्जित धन का इस्तेमाल जम्मू कश्मीर के हंदवारा-कुपवाड़ा क्षेत्र में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन द्वारा आतंकी गतिविधियों का वित्त पोषण करने के लिए किए जाने से संबद्ध है।

## दिल्ली में आप चार सीटों पर तीन पर कांग्रेस लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों दलों में दिल्ली, गुजरात, गोवा, हरियाणा में बनी सीटों के बंटवारे पर सहमति
- पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर अलग अलग चुनाव लड़ने का फैसला

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा में सीट बंटवारे की घोषणा की जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी गुजरात की भरूच और भावनगर सीट तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है, हालांकि चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी।

विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' घटक दलों के बीच पिछले कुछ दिनों के भीतर सीट बंटवारे से जुड़ी यह दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा है। गत 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का ऐलान किया गया था। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस 17 पर चुनाव लड़ रही है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कांग्रेस और आपका गठबंधन एक अवसरवादी गठबंधन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने आम आदमी पार्टी के नेता संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज और आतिशी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सीट बंटवारे की घोषणा की।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी

**फतेहपुर।** श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुकदमे की पैरवी से लौट रहे पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी व्हाट्सएप कॉल के जरिये दी गई। फोन करने वाले ने खुद को पाकिस्तान के आतंकी संगठन का बताया है। वृंदावन श्रीमठ माहेश्वरी धाम मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर निवासी भृगुवंशी आशुतोष पांडेय ने बताया कि वह मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह वाद के मुख्यवादी और पक्षकार हैं। वे शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई में हाईकोर्ट गए थे। वहां से शाम को मथुरा जा रहे थे। शाम आठ बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने मुकदमा वापस न लेने पर बम से उड़ाने की धमकी दी। एसएसआई संतोष कुमार ने बताया तहरीर की जांच की जा रही है। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सर्विलांस के माध्यम से जांच कराई जा रही है।



# जुलाई से प्रभावी होंगे नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

**अधिसूचना जारी**

- आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य अधिनियम की लेंगे जगह
- हिट एंड रन मामलों के प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे



देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए अधिसूचित किए गए तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, 'हिंट एंड रन' से जुड़े मामलों से संबंधित प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानून को अपनी सहमति दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी तीन अधिसूचनाओं के अनुसार, नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है। वहीं, सरकार ने वाहन चालक द्वारा हिट एंड रन के मामलों से संबंधित प्रावधान को लागू नहीं करने का निर्णय लिया है, जैसा कि ट्रक चालकों से वादा किया गया था। ट्रक चालकों ने इन प्रावधानों का विरोध किया था। एक अधिसूचना में कहा गया कि भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार एक जुलाई, 2024 को उस तारीख के रूप में निर्दिष्ट करती है, जिस दिन धारा 106 की उपधारा (2) के प्रावधान को छोड़कर उपरोक्त संहिता के प्रावधान लागू होंगे। कानून के प्रावधान सामने आने के बाद ट्रक चालकों ने धारा 106 (2) के प्रावधान का विरोध किया था। इसमें उन लोगों को 10 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है, जो तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाकर किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनते हैं और घटना के बारे में पुलिस को सूचना दिए बिना भाग जाते हैं।


**वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा**



बर्निट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।

सबका साथ सबका विकास सबका इलाज

रोगोन्मूलनम् **डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक** दीर्घजीवनम्

**डॉ. अतुल मिश्रा**
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

**डॉ. प्रीति मिश्रा**
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505

त्वचा रोगः खुजली, मुँहासे, सफेद दाग, सोराइसिस, छाजन, मस्से, झांईया एक्जिमा दाद। श्वास रोगः छींक आना एलर्जी, जुकाम, अस्थमा, साइनोसाइटिस। पेट रोगः जलन गैस, अपचन, छाले, एसीडिटी, फैटी लीवर, कब्ज, गैस, बवासीर भगन्दर, मस्से। पथरीः गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी। मूत्र रोगः पेशाब में जलन, प्रोस्टेट। हड्डी रोगः गठिया, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, सरवाइकल, साइटिका। पुरुषों में रोगः शीघ्र पतन, स्वप्न दोष नपुंसकता, धातु रोग।

**अटल अरोग्य® जर्मन होम्यो क्लीनिक**
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की निःशुल्क जाँच

बाल झड़ना एवं गंजापनः डैंड्रफ बालों का झड़ना व सफेद होना। मस्तिक का रोगः सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददास्त में कमी, चिड़चिड़ापन। स्त्री रोगः बच्चे दानी की गाँठ, स्तन में गाँठ, बाँझपन, अनियमित महावारी, सफेद पानी। अन्य रोगः पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दाँतों की बीमारी पार्किन्सन, डिप्रेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइड, हार्निया, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन्न होना।

अब नही कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओ द्वारा सफल इलाज

उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा

लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशिर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा

**फ्री परामर्श व जांच सुविधा 30 जून 2024 तक उपलब्ध**
मुफ्त जाँच | मुफ्त परामर्श

कानपुर

घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक

मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)

ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक

लाल बंगला-हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक

इसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009

# जूही खलवा पुल पर अब नहीं बनेगा नया पंप हाउस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नये स्ट्रार्म वाटर पंप हाउस के निर्माण को लेकर धन न मिलने से खड़ा हुआ संकट
- जलनिगम ने कहा ऐसे में डीपीआर पर पैसा बहाना गलत, धन वापस करने की पेशकश

**अमृत विचार।** जूही खलवा पुल पर पानी निकालने के लिये नये स्ट्रार्म वाटर पंप हाउस के निर्माण को ग्रहण लग गया है। योजना में पैसे निर्गत न करने पर जलनिगम ने हाथ खड़े कर दिये हैं। जलनिगम ने पत्र लिखकर कहा है कि धन आवंटन की असमर्थता के चलते डीपीआर पर खर्च करना ठीक नहीं होगा। इसलिये नगर निगम की ओर से डीपीआर बनाने के लिए आवंटित धन 25 लाख नगर निगम को वापस करना ही उचित होगा।

जूही खलवा पुल पर हर साल बरसात में पानी भर जाता है। मौजूदा संपवेल सुचारू न होने से रास्ता बंद हो जाता है। इसके चलते लोगों को समस्या होती है। पिछली बरसात में भरे पानी में डूबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जिसके बाद नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान चलाकर यहां की नालियों और चैंबर की 20 मीटर तक सफाई कराई। इसके साथ ही पुराने संपवेल को भी सही किया था। इसी समस्या को देखते हुये नये स्ट्रार्म वाटर पंप हाउस के निर्माण की योजना बनाई गई थी।

जलनिगम के परियोजना प्रबंधक जीके चौधरी ने अधीक्षण अभियंता को बताया है कि योजना के सर्वेक्षण औश्र डरपीआर कार्य की प्रगति के संबंध में महापौर के प्रतिनिधि और महापौर ने धन आवंटन पर असमर्थता जाहिर की है। इसलिये डीपीआर पर व्यय किया जाना उचित नहीं होगा। उन्होंने नगर निगम की ओर से डीपीआर के लिये आवंटित धन को भी नगर निगम को वापस करने को कहा है।

# घनी आबादी व मालिन बस्तियां टीबी बैक्टीरिया के घर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरकार ने वर्ष 2025 तक देश को टीबी रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसे देखते हुए जिले के क्षय रोग अधिकारियों ने टीबी के खिलाफ मजबूती से अभियान चलाने की तैयारी की है। अधिकारियों का मुख्य फोकस घनी आबादी वाले क्षेत्र और मालिन बस्तियों पर है। क्योंकि इन क्षेत्रों में लक्षणयुक्त रोगी अधिक मिलते हैं।

शहर में वर्तमान में 12,933 लोग टीबी से ग्रसित है, जबकि 500 लोगों ने इलाज में लापरवाही बरतते हुए टीबी को और गंभीर रूप दे दिया, जिससे अब वह एमडीआर से ग्रस्त हो गए। इन मरीजों पर जिला क्षय रोग विभाग के अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों की नजर रहती हैं। ताकि कोई भी मरीज इलाज के प्रति लापरवाही न बरत सके। क्योंकि एक टीबी का रोगी एक साल में एक दर्जन से अधिक लोगों को टीबी रोगी बना सकता है। इसीलिए सरकार ने वर्ष 2024 में जिला क्षय रोग विभाग को 12,650 टीबी रोगियों को ढूंढ़ने का लक्ष्य दिया है। ताकि ऐसे मरीजों का जल्द से जल्द इलाज शुरू हो और जिला वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त हो सके। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन के तहत चले टीबी रोगी खोज अभियान में जनवरी माह से अब 1948 लोगों में टीबी के लक्षण नजर आए हैं। ये प्री टीबी के मरीज हैं।

टीबी रोगी खोज अभियान, इलाज व जांच के संबंध में शनिवार को जिला क्षय रोग केंद्र में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.रविंद्र प्रताप मिश्रा ने कर्मियों के साथ बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एचएलएफपीपीटी के कॉडिनेटर बलबंत सिंह ने बताया कि सरकार का कंपनी से एमओयू हुआ है। कंपनी के टीम में 32 लोग शामिल है, जो 105 सरकारी कर्मियों के साथ टीबी रोगियों को खोजने में मदद, उनका डाटा दर्ज करने में मदद करेंगे।




जानकारी देते जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ .आरपी मिश्रा, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर राजीव सक्सेना, कंपनी के कॉडिनेटर बलवंत सिंह व अन्य, बैठक में मौजूद कर्मी। अमृत विचार

**500** मरीज बीच में इलाज छोड़ने से जोखिम श्रेणी में

**12,650** टीबी रोगी खोजने का मिला शासन से इस वर्ष लक्ष्य

**13** हजार जिले में टीबी रोगियों की कुल संख्या

**1948** एक माह में मिले टीबी के नए रोगी

### निजी अस्पतालों का भी डाटा होगा दर्ज

प्रोग्राम कॉर्डिनेटर राजीव सक्सेना ने बताया कि जिले में सरकारी अस्पताल में आने वाले टीबी के लक्षण युक्त मरीजों का डाटा जिला क्षय रोग विभाग के पोर्टल में एकत्र किया जाता है, लेकिन अब शहर के रीजेंसी अस्पताल से लेकर सभी निजी अस्पतालों में आने वाले टीबी के लक्षण युक्त मरीज या टीबी के मरीजों का डाटा पोर्टल पर एकत्र किया जाएगा। इसके लिए विभाग व कंपनी के स्वास्थ्य कर्मी को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### अगले माह शुरू होगी कल्चर ड्रग सेंसिटिव लैब

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में 64 लाख रुपये से टीबी कल्चर ड्रग सेंसिटिव लैब स्थापित की गई है। इस लैब की मदद से मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए तीन माह का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सैंपल परीक्षण की स्पष्ट रिपोर्ट लैब से 35 से 40 दिन में ही मरीज को मिल सकेगी। इस लैब में टीबी के एडवांस लिक्विड कल्चर टेस्ट होंगे। लैब संचालन के लिए जीएसवीएम को सीएमओ कार्यालय से चार लैब टेक्नीशियन मिलें हैं, जिनको आगरा में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। प्रशिक्षण के बाद मार्च माह के अंत तक लैब का संचालन शुरू हो सकता है।

### दूषित वातावरण, गंदा पानी सड़ांध से बढ़ रही बीमारी

**कानपुर।** शहर में दो दर्जन से अधिक मलिन बस्तियां है, जहां खुले नालों की वजह से दूषित वातावरण, गंदा पानी, सीलन और बदबूदार माहौल में लोग रहने को मजबूर हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ .रविंद्र प्रताप मिश्रा ने बताया कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में टीबी के लक्षण अधिक नजर आते हैं। धूम्रपान अधिक करने वाले लोग भी इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। नशे का आदी होने की वजह से उनकी प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और वह टीबी की गिरफ्त में आ जाते है। इस वर्ष 12,650 टीबी रोगियों को खोजने का लक्ष्य मिला है, जिस संबंध में तैयारी शुरू कर दी गई है।



# सिद्धनाथ मंदिर में बनेगा कॉरिडोर निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व महापौर ने पूजन कर की शुरुआत, दो चरणों में पूरा किया जाएगा काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ में प्रसिद्ध सिद्धनाथ मंदिर जल्द ही कॉरिडोर के रूप में विकसित कर सुविधाओं से लैस किया जाएगा। शनिवार को इस शिव मंदिर कॉरिडोर के निर्माण कार्य का पूजन के साथ शिलान्यास हुआ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने सिद्धनाथ बाबा का पूजन और आरती करके निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। नगर निगम अवस्थापना निधि से पहले चरण में लगभग पांच करोड़ रुपये से मंदिर के सुंदरीकरण के साथ पार्किंग और आसपास विकास कार्य कराएगा। दूसरे चरण में चार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे मंदिर तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी।

परमट में आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर के बाद अब जाजमऊ में सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर बनाने की तैयारी की गई है। अभी रास्ता चौड़ा करने के साथ ही मंदिर परिसर में 100 चार पहिया वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है ताकि सड़क पर वाहन न खड़े हों।

नगर आयुक्त ने बताया कि सिद्धनाथ मंदिर का भव्य कॉरिडोर डिजाइन पहले से तैयार है। कॉरिडोर निर्माण के तहत मंदिर से जुड़े मार्गों की मरम्मत, प्रवेश द्वारों का सुंदरीकरण के अलावा मंदिर परिसर में जो बिजली के तार लटक रहे हैं, उन्हें अंडरग्राउंड किया जाएगा। कॉरिडोर का निर्माण ऐसा होगा, ताकि बिना किसी रुकावट के लोग मंदिर जाकर शिवलिंग और गंगा के दर्शन कर सकें।



अभिषेक करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और महापौर प्रमिला पांडेय।

> सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर बनाने के कार्यों का शिलान्यास कर दिया गया है। लगभग पांच करोड़ रुपये से पहले चरण में काम होगा। इन कार्यों को आगे भी बढ़ाया जाएगा। नगर आयुक्त और महापौर के प्रयास से काम जल्दी पूरा होगा।
>
> – सतीश महाना, विधानसभा अध्यक्ष

### जागेश्वर और वनखंडेश्वर मंदिर भी बनेंगे कॉरिडोर

नवाबगंज स्थित जागेश्वर मंदिर कॉरिडोर में चिड़ियाघर रोड की तरफ भव्य गेट बनेगा। मैनावती मार्ग का भी सुंदरीकरण किया जाएगा। मंदिर की सीढ़ियों की मरम्मत कर टाइल्स लगाई जाएंगी। पूजा घर के पास पूजन सामग्री की दुकानें बनाई जाएंगी। इस प्राचीन मंदिर से सिग्नेचर सिटी की तरफ जाने वाले मार्ग का निर्माण होगा और नालियां बनेंगी। इन कार्यों की अनुमानित लागत दो करोड़ रुपये है। इसी तरह पीरोड के पास स्थित वनखंडेश्वर मंदिर कॉरीडोर विकसित करके भक्तों का आवागमन सुगम किया जाएगा। सड़क के दोनों तरफ अक्रिमण हटाया जाएगा। सड़क चौड़ी करते हुए फुटपाथ पर पत्थर लगेंगे। सड़क और फुटपाथ के बीच इस तरह से नाली बनाई जाएगी कि वहां वाहन खड़े हो सकें। आकर्षक लाइटें लगेंगी। इस कामकी अनुमानित लागत एक करोड़ रुपये है।

### त्रेतायुग से जुड़ा इतिहास

सिद्धनाथ मंदिर भक्तों के बीच द्वितीय काशी नाम से चर्चित है। मंदिर का इतिहास त्रेतायुग का बताया जाता है। राजा ययाति द्वारा कराई गई खोदाई में शिवलिंग की प्राप्ति हुई थी। प्राचीन काल में यहां लगातार 100 यज्ञ पूरे होने के बाद इस स्थल को काशी का दर्जा मिल जाता, लेकिन 100वें यज्ञ के दौरान एक कौवे ने हवन कुंड में हड्डी डाल दी थी। इसी कारण यह स्थल द्वितीय काशी के रूप में विख्यात हो गया।

### यह है मंदिर की विशेषता

सिद्धनाथ मंदिर को जाजमऊ के कोतवाल के रूप में पूजा जाता है। भक्त गंगा जल से महादेव का जलाभिषेक कर सुख–समृद्धि की कामना करते हैं। श्रावण मास में मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। भक्त बेल पत्र और दूध–दही महादेव पर अर्पित करते हैं। यहां स्थापित शिवलिंग की लंबाई नापने के लिए दो बार खोदाई हो चुकी है, लेकिन शिवलिंग के अंतिम छोर का पता नहीं चल सका।

# सांस फूलने के साथ गला चोक होने की अचानक बढ़ी मुसीबत

**रेस्पेटरी संक्रमण**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम में बदलाव के असर से लोग रेस्पेरेटरी संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। इसमें गले में दर्द होने के साथ सांस लेने में दिक्कत व गला चोक होने की समस्या हो रही है। संक्रमण उनको अधिक नुकसान पहुंचा रहा है, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है या जो नशे का सेवन करते हैं। हैलट व उर्सला अस्पताल के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में ऐसे मरीजों की भीड़ हो रही है, जिन्हें खांसी, जुकाम, गले में दर्द, सीने में जकड़न, सिर व शरीर में दर्द की समस्या है। ऐसे एक तिहाई मरीजों में गला चोक होने की समस्या भी देखी जा रही है। खाना खाने और पानी निगलने में दिक्कत हो रही है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के प्रो. बृजेश कुमार ने बताया कि एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन (सांस संबंधी संक्रमण) गंभीर संक्रमण है। इसमें पहले नाक प्रभावित होती है और लापरवाही बरतने पर फेफड़े भी प्रभावित हो सकते हैं। संक्रमण अगर कंट्रोल में नहीं आता तो यह पूरे रेस्पिरेटरी सिस्टम को अपनी गिरफ्त में ले लेता है। ओपीडी में ऐसे 20 से 25 मरीज इलाज कराने रोज आ रहे हैं। उर्सला अस्पताल के सीएमएस डॉ.शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि यह संक्रमण एक-दूसरे से फैलता है। फ्लू के अलावा धूल भी इसका एक कारण है। सांस के माध्यम से शरीर के अंदर जाने वाले संक्रमण के कणों से नाक व गले को खतरा रहता है।




उर्सला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

- हैलट और उर्सला अस्पताल में रोज पहुंच रहे बड़ी संख्या में मरीज

### यह हैं मुख्य लक्षण

लगातार नाक बहना, खांसी बनी रहना, गले में खराश या दर्द, शरीर में दर्द, सीने में जकड़न व थकावट बनी रहना।

### इस तरह करें बचाव

- पौष्टिक आहार का सेवन करें।
- विटामिन सी युक्त फल–सब्जी खाएं
- बाहर से घर आने पर हाथ जरूर धोएं।
- छींकते समय मुंह पर रुमाल या हाथ रखें।

# अधूरे काम के भुगतान पर कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा पार्षद योगेंद्र शर्मा ने नगर आयुक्त से पत्र देते हुए वार्ड 65 नौबस्ता पश्चिम में हुए अपूर्व विकास कार्य के भुगतान कराने पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि संजय शर्मा कही ओर से नौ लाख आठ हजार सात सौ साठ रुपये लागत कार्य अपूर्ण है। जिसका भुगतान जेई एवं जोनल अधिकारी के द्वारा करा दिया गया। इसी तरह मे ओम कंस्ट्रक्शन के कार्य लागत नौ लाख दो सौ एक्क्यासी का कार्य भी अपूर्ण है। इसका भी भुगतान कर दिया गया। इसी तरह वार्ड 65 में अन्य भी कई कार्य हैं, जहाँ अभी पत्थर तक नही लगे हैं। इन सभी कार्यों का भी भुगतान जेई एवं ठेकेदारों की मिली भगत से कर दिया गया है। पार्षद योगेंद्र शर्मा ने नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन को विकास कार्यों की टीम बनाकर जेई एवं जोनल अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में सरकारी धन का दुरुपयोग आलाधिकारियों एवं कर्मचारियों की ओर से खुलेआम किया जा रहा है।



पार्षद योगेंद्र शर्मा।

# चित्र के जरिए महिलाओं को किया प्रोत्साहित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फिक्की फ्लो का मोतीझील में भित्तिचित्र कार्यक्रम

**अमृत विचार।** फिक्की फ्लो की ओर से मोतीझील में बेटी बचाओ, बेटी कमाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर आयोजित भित्तिचित्र (दीवार पर चित्रों) का उद्‌घाटन कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने विशेष अतिथि महापौर प्रमिला पांडे और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन की उपस्थिति में किया।

फिक्की फ्लो की चेयरपर्सन स्नेहा गुप्ता ने कहा कि यह पहल वित्तीय साक्षरता के महत्व को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को विशेष रूप से जमीनी स्तर और अर्ध-शहरी स्तरों पर, वास्तविक स्वतंत्रता के लिए वित्त प्रबंधन के बारे में शिक्षित करना है।

महिलाओं को सशक्त बनाने में वित्तीय साक्षरता के महत्व पर जोर देते हुए, फिक्की कानपुर में 55 स्थानों पर 5000 से अधिक महिलाओं तक पहुंच चुका है। इन भित्तिचित्रों के पीछे का दृष्टिकोण समाज की मानसिकता में बदलाव लाना और महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को सुविधाजनक बनाना है। फिक्की एफएलओ महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आर्थिक विकास और सामाजिक विकास में सक्रिय रूप से योगदान करने में सक्षम बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में वित्तीय साक्षरता की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है। उन्होंने चित्रों की महत्ता के बारे में समझाया।

भित्तिचित्र के पीछे की रचनात्मक दृष्टि को डिजाइन मेंटर जूही अस्थाना द्वारा जीवंत किया गया, जिनकी विशेषज्ञता और जुनून ने कलाकृति में गहराई और अर्थ जोड़ा। इस दौरान सरकारी इंटरफेस समिति के सदस्य नीतू सिंह, नेहा महाना और तनुषा जी अय्यर शामिल थे। वहीं, कार्यक्रम को इवेंट चेयर कशिश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अनुराधा वार्ष्णेय, आरती गुप्ता, कनिका वैद रहीं।




कार्यक्रम में उपस्थित नगर आयुक्त और कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य। अमृत विचार



परीक्षा देने जाते छात्र– छात्राएं। अमृत विचार

# आठ हजार शामिल हुए बीएड सेमेस्टर परीक्षा में

**कानपुर।** सीएसजेएमयू की ओर से शनिवार को सत्र 2023-24 की बीएड, एमएड, बीपीएड और एमपीएड के पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं शुरू हो गई। पहले दिन लगभग 8 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। पहले और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं को देने आए परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र को सामान्य बताया। अर्मापुर डिग्री कॉलेज व हरसहाय जगदंबा सहाय पीजी कॉलेज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा को संवालित कराया गया। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से नोडल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को भी तैनात किया गया था। इस दौरान कड़ी निगरानी भी की गई।

**बढ़ेगा नवाचार** एनएमट्रानिक्स इंडिया लिमिटेड के साथ हुआ करार, इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग के साथ स्किल डेवलपमेंट पर होगा काम

# आईआईटी में इलेक्ट्रानिक्स का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में एक नया सेंटर ऑफ एक्ससीलेंस स्थापित होगा। इसके लिए आईआईटी कानपुर और एनएमट्रॉनिक्स इंडिया के बीच एमओयू साइन हुआ है। इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नए इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए शोध, बेहतर स्टार्टअप माहौल सहित शैक्षणिक गतिविधियां होंगी।

आईआईटी कानपुर और एनएमट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आईआईटी कानपुर में 'एनएमट्रॉनिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग एंड स्किल्स डेवलपमेंट' की शुरुआत के लिए साझेदारी की है। यह सहयोग उद्योग और शिक्षा जगत के बीच तालमेल स्थापित करेगा। समझौते के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और कौशल विकास का कार्य हो सकेगा। दोनो संस्थानों के बीच साइन हुए समझौते के दौरान डीन ऑफ रिसोर्सेज एंड एलुमनाई आईआईटी प्रोफेसर कांतेश बलानी, एनएमट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, संस्थापक और प्रबंध निदेशक सोनी सरन सिंह व आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर एस गणेश मौजूद रहे। इस दौरान बताया गया कि केंद्र का लक्ष्य आईआईटी कानपुर के शिक्षण और विकास कार्यक्रमों के माध्यम से उन्नत शिक्षण अवसर प्रदान करना है। इसके अलावा अनुसंधान और विकास में सहयोग को बढ़ावा देना है। यह पूरी तरह से स्वचालित सर्फेस माउंट टेक्नोलॉजी लाइन सहित अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा।



एमओयू साइन करते हुए डीन ऑफ रिसोर्सेज एंड एलुमनाई आईआईटी।

### उद्योग और शिक्षा का साझा मंच

आईआईटी निदेशक प्रोफेसर एस गणेश ने कहा कि यह समझौता उद्योग–शिक्षा साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए है। यह संयुक्त अनुसंधान, ज्ञान के आदान–प्रदान और कौशल वृद्धि के लिए मंच प्रदान करता है। इसमें नवाचार और तकनीकी सफलताओं के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। यह साझेदारी अत्याधुनिक अनुसंधान और उद्योग सहयोग के माध्यम से सामाजिक–आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समारोह में एनएमट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, संस्थापक और प्रबंध निदेशक सोनी सरन सिंह ने कहा कि आईआईटी परिसर में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और कौशल विकास के लिए एनएमट्रॉनिक्स उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल नवाचार को बढ़ावा देने और ग्राहकों के लिए उच्च कोटि के उत्पाद बनाने के प्रति महत्वपूर्ण कदम है। इससे शिक्षा और उद्योग की सामूहिक विशेषज्ञता का उपयोग हो सकेगा।

## कार्य की प्रगति के बारे में जाना

**कानपुर।** केंद्रीय भूजल बोर्ड के अध्यक्ष ने सीएसए विवि के कुलपति से मुलाकात की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह व केंद्रीय भूजल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार आंबास्ट के बीच हुई बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में केंद्रीय भूजल बोर्ड की ओर से राष्ट्रीय जल ब्रत्ति मान चित्रण के तहत 300 मीटर गहराई की ड्रिलिंग मशीन नलकूप निर्माण कार्य की प्रगति पर भी चर्चा की गई। इसके तहत भूजल गुणवत्ता व भूजल के दोहन को कम करने के लिए कृत्रिम पुनर्भरण के उपाय तथा जनसंख्या के हिसाब से पानी की पूर्ति व मांग के बारे में अध्ययन किया जाएगा।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड– II, उ0प्र0, जल निगम (नगरीय), कानपुर**

एन10आई0टी0 संख्या– 234/एम–10/17 दिनांक: : 19/2/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से जे.एन.एन.यू.आर.एम. कार्यक्रम के अन्तर्गत कानपुर नगर में पेयजल सम्बन्धी कार्यो हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक 20.02.2024 से 29.02.2024 तक कार्यालय समय में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड – II, उ0प्र0 जल निगम, 123/494, के.एन.टी. बिल्डिंग, फजलगंज कानपुर में की जाएगी तथा दिनांक 01.03.2024 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड– II, उ0प्र0 जल निगम, 123/494, के.एन.टी. बिल्डिंग, फजलगंज कानपुर में अपरान्ह 3: 00 बजे डाली जायेगी एवं अपरान्ह 3: 30 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कार्यो हेतु प्रति निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3000.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 है।

**अधिशासी अभियन्ता**

**आज का मौसम**
बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना।

| 25.4⁰ | 07.6⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 37 | सूर्यास्त 06 : 07 |

## शहर में आज

- **क्रिकेट :** केएसपीएल-7 द्वारा कानपुर विकिंग एंड ग्लैमोरगन के बीच सेमीफाइनल सर पदमपत सिंघानिया में नौ बजे।
- **क्रिकेट :** यूपी और सौराष्ट्र टीम के बीच क्वार्टर फाइनल मैच ग्रीनपार्क में सुबह 10 बजे।
- **प्रदर्शनी :** कानपुर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी द्वारा कमला नगर स्थित जेके लॉन में पुष्प प्रदर्शनी दोपहर 12 बजे।
- **स्थापना दिवस :** दक्षिण भारतीय प्रयाग नारायण मंदिर शिवाला के स्थापना दिवस पर सरसैया घाट में स्नान 10 :30 बजे।
- **शिविर :** भारत विकास परिषद द्वारा स्नेह पैथोलॉजी में स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर सुबह 11 से 2 बजे तक।
- **परिचर्चा :** कानपुर इतिहास समिति द्वारा मिथक बनाम यर्था पर परिचर्चा नवाबगंज डिप्टी श्यामलाल मंदिर में दो बजे।
- **समारोह :** सपा युवजन सभा व अल्पसंख्यक के मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत समारोह सपा कार्यालय में तीन बजे।
- **कार्यशाला :** एसपीएडी द्वारा श्रीअन्न की "डायबिटिज नियंत्रण पर भूमिका" कार्यशाला मर्चेंट चेंबर हाल में शाम चार बजे।

# मेट्रो के दूसरे कॉरिडोर का काम काकादेव में आज से डायवर्जन

## काकादेव भूमिगत मेट्रो स्टेशन निर्माण कार्य के लिए दो साल रहेगा यातायात प्रतिबंध


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव में भूमिगत मेट्रो स्टेशन के निर्माण के लिये प्रस्तावित डायवर्जन प्लान को यातायात पुलिस ने स्वीकृति दे दी है। इसके अनुसार देवकी चौराहा से नीरक्षीर चौराहा के बीच रविवार से डायवर्जन लागू कर दिया जाएगा। इसके लिए देवकी चौराहे से नीरक्षीर चौराहे के बीच का मार्ग बंद कर दिया जाएगा।

कानपुर मेट्रो के लगभग 8.6 किमी लंबे कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) में तीन भूमिगत स्टेशनों रावतपुर, काकादेव और डबल पुलिया का निर्माण होना है। इसके लिए दिसंबर 2023 में केपीआईएल, गुलेरमक संयुक्त उद्यम को टेंडर प्रदान किया गया था। अब कंपनी इस भूमिगत सेक्शन में टीबीएम से टनल निर्माण, डबल पुलिया के बाद रैंप, मुख्य लाइन और डिपो को जोड़ने के लिए कॉरिडोर-2 के डिपो में रैंप तथा भूमिगत मेट्रो स्टेशनों के वास्तुशिल्प व फिनिशिंग आदि कार्य करेगी। जाम न लगे इसके लिए पुलिस भ्ज़ी तैनात रहेगी।

### रावतपुर से होगी काकादेव की तरफ सुरंग की खोदाई

रावतपुर में दोनों कॉरिडोर का जंक्शन बनाने के लिए रोडवेज कार्यशाला के पास निर्माण तोड़ने के साथ ही मलबा हटाया जा रहा है। यह काम अगले माह पूरा हो जाएगा। इसके बाद यहां रावतपुर भूमिगत मेट्रो स्टेशन के लिए गहरी खोदाई और डी-वॉल का निर्माण शुरू होगा। खोदाई और डी-वॉल बनाने के बाद टनल बोरिंग मशीन से काकादेव की तरफ सुरंग की खोदाई शुरू कराई जाएगी। रावतपुर भूमिगत स्टेशन के निर्माण की शुरुआत के बाद काकादेव और डबलपुलिया भूमिगत मेट्रो स्टेशनों का काम शुरू होगा।



डायवर्जन का मैप। अमृत विचार

### इस तरह होगा काकादेव में लोगों का आना-जाना

भूमिगत मेट्रो स्टेशन निर्माण के लिए लागू प्रतिबंध के तहत रावतपुर क्रॉसिंग (गुटैया) से नीरक्षीर चौराहे की ओर जाने वाले वाहनों को देवकी चौराहे से बाएं मुड़कर काकादेव थाने के बाद दाहिने मुड़ना होगा। यहां से वाहन इंदिरा एवेन्यू रोड पर दाहिने मुड़कर बीमा अस्पताल, पांडु नगर से दाहिने मुड़ने के बाद नीरक्षीर चौराहे पहुंच सकेंगे। इसी तरह डबलपुलिया की तरफ से देवकी चौराहा की ओर जाने वाले वाहनों को नीरक्षीर चौराहे से बाएं मुड़कर टिप्सा ऑफिस के पास से दाहिने मुड़ना होगा। इस मार्ग पर राहगीर आगे भदौरिया चौराहे से फिर दाहिने मुड़कर गणेश मंदिर रोड होते हुए देवकी चौराहा पहुंच सकेंगे।



- देवकी चौराहे से नीरक्षीर चौराहे के बीच का मार्ग किया गया बंद अब घूमकर होगा आना-जाना

### कॉरिडोर-2 का स्वरूप

- **8.3** किलोमीटर कॉरिडोर की लंबाई
- **08** मेट्रो स्टेशनों की कुल संख्या
- **04** किमी भूमिगत सेक्शन की लंबाई
- **4.3** एलिवेटेड सेक्शन की होगी लंबाई
- **02** साल छह माह में होगा काम पूरा
- **03** भूमिगत मेट्रो स्टेशन रावतपुर, काकादेव, डबल पुलिया
- **05** एलिवेटेड स्टेशन सीएसएस, विजयनगर, शास्त्री चौक, बर्रा सात और आठ

# शहर के खिलौने से खेलेंगे यूरोप में कुत्ते और बिल्ली

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के कारोबारियों को जानवरों के खेलने वाले खिलौने का बड़ा ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर फ्रांस और जर्मनी के कारोबारियों की ओर से आया है। कारोबारियों की माने तो इस ऑर्डर के बाद निर्यात का नया बाजार खड़ा हो रहा है। 30 करोड़ का यह ऑर्डर कारोबारियों ने चीन के मार्केट से छीना है।

शहर से चमड़े के उत्पादों में सेडलरी, बैग, लेडीज पर्स, बेल्ट, लैपटॉप कवर आदि का निर्यात होता है। यह निर्यात लगभग 6500 करोड़ रुपये का है। इसमें 1450 करोड़ रुपये का निर्यात सिर्फ सेडलरी आइटम का है। शहर के चमड़ा कारोबारियों ने तीन साल पहले 'जानवरों के खिलौने' जैसे उत्पाद बनाना शुरू किया था। शुरुआती दौर में तो बाजार में समस्या आई लेकिन अब यह उत्पाद विदेशी जमीन पर पैर पसार रहा है। इस माह जर्मनी में हुए विश्वस्तरीय चमड़े के मेले में शहर के कारोबारियों के सैंपल लिए गए थे। सैंपल के बाद फ्रांस और जर्मनी से इस उत्पाद के तीस करोड़ रुपये के ऑर्डर शहर के कारोबारियों को मिले हैं। निर्यातक डॉ. जफर नफीस ने बताया कि इस तरह के उत्पाद ज्यादातर छोटे कारोबारी या निर्यातक बनाते हैं। ऐसे में उद्योग के स्वरूप को देखते हुए यह ऑर्डर काफी छोटा लगता है, लेकिन इस ऑर्डर से कम से कम दो सौ कारोबारी सीधे जुड़े हुए हैं।

### चीन के बाजार में सेंधमारी

चर्म निर्यातक मोहम्मद हसीमुद्दीन ने बताया कि विश्व के चमड़ा बाजार में जानवरों के खेलने के लिए खिलौने की मार्केट चीन की ही मानी जाती रही है। इस बार जो बड़ा ऑर्डर मिला है वह गुणवत्ता, वैराइटी और खिलौने पर हाथ की कारीगरी के दम पर मिला है।

### बिल्ली के लिए खास

फ्रांस और जर्मनी में पालतू जानवर रखने का रिवाज अधिक है। इनमें बिल्ली को बससे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। इन्हीं बिल्लियों के लिए सबसे ज्यादा खिलौने बनते हैं।

# नशे में पहुंचा भाजपा पार्षद महिला शौचालय में घुसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दर्शनपुरवा के पार्षद आशुमेंद्र की अशोभनीय हरकत से कार्यकारिणी सदस्य हुए अवाक
- महापौर ने जारी की चेतावनी, परिवार को बुलाकर बातचीत करने की बात कही

**अमृत विचार।** वार्ड-81 दर्शनपुरवा से तीसरी बार के भाजपा पार्षद आशुमेंद्र प्रताप सिंह नशे की हालत में कार्यकारिणी बैठक में पहुंच गए। वह नशे के कारण ठीक से चल नहीं पा रहे थे। यह देखकर अधिकारियों के होश उड़ गए। महापौर और नगर आयुक्त की आपत्ति के बाद पहले पार्षद को अलग बैठाया गया फिर महापौर ने उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया।

बैठक से बाहर निकाले जाने के बाद पार्षद आशुमेंद्र महिला पार्षद कक्ष में घुस गए। यहां महिला पार्षदों के लिए बने बाथरूम में बिना दरवाजा बंद किए पेशाब करने लगे। इस अभद्र हरकत को देखकर महिला स्टाफ बाहर निकल गया। इसके बाद पार्षद नशे की हालत में नगर निगम से बाहर चला गया। कार्यकारिणी के बाद महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि पार्षद के परिवार को बुलाकर बातचीत करेंगे। उसकी हरकत पूरी तरह अशोभनीय है। पार्षद को चेतावनी जारी की गई है। दोबारा इस तरह की हरकत पर सदन से निष्कासित करने की कार्रवाई की जाएगी। परिवार से भी उनके शिकायत करेंगे।

## एक नजर

### 10 को मिला रोजगार

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के प्लेसमेन्ट सेल में प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन हुआ। इस दौरान प्लेसमेन्ट सेल के प्रभारी डॉ प्रभात द्विवेदी ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में निजी कंपनी की ओर से कैम्पस के बी टेक व एमसीए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार के बाद बीटेक व एमसीए के 10 छात्र-छात्राओं का 3 - 8 लाख के सालाना पैकेज पर चयन किया गया। कार्यक्रम का क्रियान्वयन अभिषेक राठौर ने किया। ड्राइव में डॉ प्रशान्त त्रिवेदी, विशाल बाजपेयी रहे।

# एकमुश्त गृहकर जमा करने पर जुलाई तक 10 फीसदी छूट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में शनिवार को आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 का 1866.10 करोड़ का बजट स्वीकृत कर दिया गया। विकास कार्यों का बजट करीब 308 करोड़ रुपये बढ़ाया गया है। बैठक में जलकल विभाग का 341 करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत किया गया। गृहकर में आम जनता को जुलाई-24 तक 10 फीसदी छूट देने के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के एक घर को गृहकर से राहत देने संबंधी प्रस्ताव को भी कार्यकरिणी ने हरी झंडी दिखा दी।

नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में आयोजित बैठक में कार्यकारिणी के सभी सदस्य व नगर निगम अधिकारी पहुंचे। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बताया आगामी बजट में सड़क निर्माण मद में 38 करोड़ की वृद्धि की गई है। पिछले वित्तीय 2023-24 में 75 करोड़ पर खर्च हुए थे। आगामी बजट में एक अरब 13 करोड़ सड़क अनुरक्षण पर खर्च होंगे। नाला-नाली निर्माण के लिए 10.50 करोड़, पार्कों के रखरखाव में 11 करोड़, उद्यानों पर 3 करोड़ रुपये, सार्वजनिक शौचालय में 2.10 करोड़, गौशाला पर 1.50 करोड़, मार्ग प्रकाश पर एक करोड़ का बजट ज्यादा रखा गया है। बैठक में उप सभापति संतोष साहू, निर्देश सिंह चौहान, विकास जायसवाल, देवेंद्र द्विवेदी, दीपक शर्मा, आरती गौतम, पवन गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, अभिषेक गुप्ता मोनू, लियाकत अली, अंजुलि आदर्श दीक्षित मौजूद रहीं।


नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

- कार्यकारिणी में नगर निगम व जलकल का बजट हुआ पास
- स्वतंत्रता सेनानी के एक घर को दी गई गृहकर जमा से छूट

- **1866** करोड़ रुपये का नगर निगम का बजट स्वीकृत
- **341** करोड़ का जलकल का बजट मंजूर हुआ
- **113** करोड़ सड़क सुधार पर खर्च किए जाएंगे
- **22** करोड़ नाला-नाली निर्माण पर खर्च होंगे
- **21** करोड़ रुपये से किया जाएगा पार्कों का रखरखाव

### परमट मंदिर मार्ग पर भव्य गेट बनाने के लिए भक्तों को मिली अनुमति

नगर आयुक्त ने बताया कि ग्रीनपार्क चौराहा से परमट मंदिर मार्ग पर भव्य गेट का निर्माण किया जाएगा। इस पर कमेटी ने फैसला करने के साथ ही नगर निगम ने सहमति दे दी है। भक्त अपने खर्च पर इस गेट का निर्माण कराएंगे।

### जनसुविधा केंद्र में ऑनलाइन शिकायत करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

महापौर ने कहा कि अब नगर निगम मुख्यालय में बने जनसुविधा केंद्र में लोग ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं। इसके बाद भी सुनवाई नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# न्याय नहीं मिलने पर शिखा जनेऊ काटने की दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कैंट में शिक्षिका द्वारा छात्र से यौन शोषण और धर्मांतरण कराने के आरोप का मामला

**अमृत विचार।** कैंट में छात्र पर यौन शोषण और धर्मांतरण के मामले में पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाकर पीड़ित पिता ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर शिकायत की। पीड़ित ने आरोपियों समेत उनका सहयोग करते वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर जनेऊ व शिखा काटने की धमकी दी है।

उन्नाव निवासी युवक ने बताया कि उनका बेटा कैंट स्थित एक विद्यालय में हाईस्कूल का छात्र है। विद्यालय की शिक्षिका बेटे पर जबरन यौन संबंध बनाने और धर्मांतरण करने का दबाव बनाती थी। शिक्षिका ने अपने पति और भाई के साथ मिलकर बेटे की शिखा भी कटवा दी थी।

जिसकी शिकायत स्कूल की प्रधानाध्यापिका करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। मामले की शिकायत पुलिस से करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट के आदेश पर शिक्षिका समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# अनवरगंज व गोविंदपुरी स्टेशन मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अमृत भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल करेंगे वर्चुअल शिलान्यास
- गोविंदपुरी के पुनर्निर्माण पर 18.36 व अनवरगंज में खर्च होंगे 13.36 करोड़ रुपये

**अमृत विचार।** अनवरगंज और गोविंदपुरी स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिकीकरण किया जाना है। इसका वर्चुअल शिलान्यास 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह जानकारी शनिवार को रेलवे सीटीएम आशुतोष सिंह व एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी ने प्रेसवार्ता में दी।

सीटीएम आशुतोष सिंह ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 525 स्टेशनों व इसके साथ ही 1500 आरओबी व आरयूबी का लोकार्पण और शिलान्यास होना है। इसमें कानपुर के दो स्टेशन अनवरगंज और गोविंदपुरी शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन पर जिले के सभी जनप्रतिनिधि, रेलवे के अधिकारी व गणमान्य लोगों की मौजूदगी होगी। प्रेसवार्ता में एसीएम ने बताया कि मंडल में कुल 10 स्टेशनों का शिलान्यास होना है। भारतीय रेलवे को उन्नत बनाने के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। वर्तमान में केंद्र सरकार ने 191813 करोड़ रुपये स्वीकृत किया है। जिससे 5811 से अधिक की परियोजनाएं प्रदेश में प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि अमृत योजना के तहत दोनों रेलवे स्टेशन की रोड का चौड़ीकरण, यात्रियों के लिए पैदल मार्ग, पार्किंग सुविधा, प्रकाश व्यवस्था कराई जाएगी। यात्रियों को निःशुल्क वाईफाई सुविधा भी मिलेगी।


सीटीएम आशुतोष सिंह व एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी वार्ता करते हुए। अमृत विचार

### गोविंदपुरी में महिलाएं करतीं प्रबंधन कार्य

गोविंदपुरी स्टेशन पिंक स्टेशन घोषित है। जो प्रदेश का एकमात्र स्टेशन है, जिसका प्रबंधन व संचालन महिलाओं की ओर से किया जाता है। गोविंदपुरी स्टेशन के पुनर्निर्माण के लिए 18 .36 करोड़ और अनवरगंज के लिए 13 .36 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

# कर्मचारी बीमा अस्पताल बीमार लेकिन निरीक्षण में सुविधाएं मिलीं सेहतमंद


बीमा अस्पताल का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव अनिल कुमार व साथ में अन्य।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मरीजों से बातचीत कर जाना स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल

**अमृत विचार।** शहर में स्थित कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालयों की हालत भी बीमारों जैसी है, सभी अस्पतालों में सभी प्रकार की जांचों की सुविधा नहीं है। बीमा अस्पतालों में पूर्ण रूप से इलाज न मिलने पर मरीजों को हैलट, उर्सला व कांशीराम संयुक्त अस्पताल रेफर किया जाता है। वहीं, डॉक्टर व स्टाफ की भी कमी है, लेकिन निरीक्षण को आए प्रमुख सचिव अनिल कुमार को दोनों अस्पतालों में ज्यादा खामियां नजर नहीं आईं।

श्रम व सेवायोजन के प्रमुख सचिव अनिल कुमार शनिवार को शहर आए। उन्होंने जाजमऊ और पांडु नगर कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों का निरीक्षण किया। दोनों अस्पतालों में व्यवस्थाओं को परखा, कुछ मरीजों से बातकर अस्पताल में दवा व जांच आदि की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव को अस्पतालों में सभी सुविधाएं चाक-चौबंद मिलीं। जबकि बीमा अस्पतालों की हालत ठीक नहीं है। अस्पतालों में सभी प्रकार की जांचें नहीं हो रही है और डॉक्टरों व स्टाफ की भी कमी है। वहीं, उन्होंने डॉक्टरों और स्टाफ से भी कुछ कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया शासन की मंशा है कि अस्पतालों मे आने वाले लोगों का समुचित इलाज हो और बेहतर चिकित्सा व्यवस्था हो। लेकिन वह मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। कहा कि वह शासन के निर्देश पर विजिट पर आए हैं और यहां की व्यवस्थाओं को देखा हैं।

निरीक्षण के दौरान क्या खामियां मिली आदि सवालों पर प्रमुख सचिव कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। वहीं, जानकारी देने से सीएमओ डॉ.गायत्री जैस भी बचती नजर आई। इससे साफ जाहिर है कि अस्पताल में हाइटेक सुविधाएं न के बराबर है। तभी बीमा अस्पतालों से मरीजों को हैलट, उर्सला व कांशीराम अस्पताल में रेफर किया जाता है।

**पुष्प प्रदर्शनी**

## लिलियम और पॉप की खूबसूरती के हुए लोग दीवाने, 60 तरह के विदेशी फूल आकर्षण के केंद्र

# जेके लॉन में महक उठा फूलों का रंग बिरंगा संसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फूलों के शौकीनों के लिए शनिवार को फूलों की महफिल सजी। अजब-गजब के फूलों को देख शौकीन कायल हुए। कोई सेल्फी ले रहा था तो कोई फूलों के बारे में जानकारी जुटाने में मशगूल था। कमला नगर स्थित जेके लॉन में सजे फूलों के मेले में 60 से अधिक प्रजाति के विदेशी फूल रहे। प्रदर्शनी मं बच्चों से जुड़ी प्रतियोगिताएं भी हुई। इन प्रतियोगिताओं में उन्होंने चित्रकारी के जरिए पुरस्कार जीते।

कानपुर फ्लोरीकल्चर सोइसाइटी की ओर से प्रदशनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में फूलों के शौकीनों के लिए खासतौर पर विदेशी फूल सजाए गए थे। इनमें लिलियम, पॉपीख् प्राइमूला, आइरिस, फ्रीजिया, बेगोनिया सहित अन्य किस्म के फूल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। इन फूलों की खासियत यह है कि यह हर तरह के मौसम में नहीं उगाए जा सकते। शहर का भी मौसम इन फूलों के लिए न्रतिकूल नहीं है। इसके बावजूद इन्हें विशेष देखरेख और तापमान को व्यवस्थिति कर लोगों ने अपने घरों में उगाया। प्रदर्शनी के दौरान लोगों ने फूलों से संबंधित जानकारियां भी हासिल की। इन जानकारियों को सीएसए के विशेषज्ञों ने लोगों को दी। प्रदर्शनी के दौरान 12 स्टॉल भी लगाए गए। इन स्टॉल में बागवानी से जुड़े उपकरण, खाद, बीज और ऑग्रेनिक खाद लोगों की खरीदारी के लिए रखे गए थे। पुष्प प्रदर्शनी की शुरुआत सीएसए विवि के कुलपति आनंद कुमार सिंह ने की। उन्होंने प्रदर्शनी के पौधों को भी जाकर देखा। इस दौरान संस्था की सचिव राजश्री डालमिया, अध्यक्ष ऊषा झुनझुनवाला, कंचन गर्ग, आभा अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, मनोज गुप्ता, भारती गर्ग रहीं।


फूलों ने हर किसी को आकर्षित किया। अमृत विचार


विविध तरह के फूलों का अवलोकन करते लोग। अमृत विचार

### बच्चों ने कैनवास पर दिखाई प्रतिभा

प्रदर्शनी प्रदर्शनी में 20 स्कूलों के लगभग दो सौ प्रतिभागियों ने शिरकत की। बच्चों को प्रदर्शनी में शामिल फूलों को देखकर उसे कैनवास पर उतारना था। चार वर्ग में हुई प्रतियोगिता में हर वर्ग से तीन विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। पुरस्कार पाने वाले विजेताओं में सिद्धार्थ वर्मा, अंशिका गुप्ता, अमरजीत, फरहीन हसन, संजना दीक्षित, संध्या गौतम, कृपा साहौता, आराधना पाण्डेय, नजमा अनीस शामिल रहीं।

# उपकरण खरीदने के नाम पर 19.53 लाख हड़पे

**कानपुर।** आईटीआई संचालक व उसकी पत्नी ने उपकरण खरीदने के नाम पर युवक के 19.53 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने रायपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

तेजाब मिल कैंपस निवासी सुशील कुमार बाथम ने बताया कि ओ ब्लॉक किदवई नगर निवासी उमेश कुमार मिश्रा का उनके घर काफी समय से आना जाना था। उमेश व उनकी पत्नी रश्मि कानपुर व उन्नाव में आईटीआई विद्यालय चलाते है। बताया कि प्रशिक्षण संबंधी उपकरण के लिए उमेश ने 9.80 लाख रुपये व उनकी पत्नी रश्मि ने 9.72 रुपये उधार में लिए थे। उधार वापसी मांगी तो उमेश व उनकी पत्नी ने एसबीआई बैंक की दो चेके उनको दी, जो कि बाउंस हो गई। आरोप है कि चेक बाउंस होने के बाद रुपये वापसी का दबाव बनाया तो आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी की।

# ग्वालटोली में सड़क पर बाजार और पार्किंग, फुटपाथ लापता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्वालटोली बाजार में अतिक्रमण इस कदर फैला है कि हर दस मिनट में जाम लगता है। जाम के बीच बाजार में राहगीरों और वाहन सवारों के लिए सबसे बड़ा खतरा बेसहारा मवेशियों का भी है। बाजार रोड पर फल और सब्जी मंडी सड़क पर ही लगती है। मवेशियों को बेकार फल व सब्जी खाने को मिलते हैं, इसलिए झुंड घूमता रहता है। बाजार में अतिक्रमण के कारण सड़क बची ही नहीं है।

ग्वालटोली चौराहा से लेकर थाना तक, इसके बाद पूरे नाला रोड कब्जों से बेहाल है। ग्वालटोली बाजार और नाला रोड पर पैदल चलना दूभर है। चौराहे पर ही फल व सब्जी मंडी सड़क पर ही लगती है। चौराहा से 100 मीटर दायरे में तो सड़क गली नजर आती है। मंडी के बाद जो जगह बचती है वहां ठेला, सब्जी व फल की क्रेटे रखी जाती हैं। सुबह और शाम के समय जब वाहनों का लोड बढ़ता है उस समय इस चौराहा पर करीब पांच मिनट खड़े रहने के बाद ही वाहन आगे बढ़ सकता है। थाने के पास फिर करीब दो दर्जन ठेले सड़क के किनारे की खड़े होते हैं। यही हाल नाला रोड का है। इस पूरी रोड पर जबरदस्त अतिक्रमण है। दिन के समय तो इस रोड पर कुछ राहत रहती है। शाम को सड़क पर ही सब्जी मंडी लगने ने करीब रात 10 बजे तक यहां पैदल चलने की जगह नहीं होती है। ग्वालटोली बाजार में किसी भी घर या दुकान का निर्माण या मरम्मत हो, मलबा रोड पर ही डाला जाता है। कई ट्राली मलबा सड़क पर पड़ा होने से दिनभर जाम की समस्या रहती है। लोगों के अनुसार हफ्तों मलबा नहीं उठता है। सड़क से लेकर फुटपाथ तक भवन सामग्री जमा की जाती है।

## बेजार बाजार


सड़क पर पार्क किया गया वाहन। अमृत विचार


सड़क पर डाल दिया मलवा। अमृत विचार


सड़क पर सजी फल की दुकानें। अमृत विचार

### रोज फंसते हैं स्कूल के वाहन

ग्वालटोली चौराहा से कुछ दूरी पर ही शीलिंग हाउस स्कूल है। सुबह और दोपहर के समय स्कूल के वाहन छात्रों को लेकर निकलते हैं। ग्वालटोली बाजार रोड पर अतिक्रमण व सड़क पर लगी दुकानों के कारण बच्चों के वाहन जाम में फंस जाते हैं। कई बार बच्चे परेशान होकर चिल्लाते हैं। तब पुलिसकर्मी जाम खुलवाते हैं।

### रोड पर ही खड़े होते 500 वाहन

ग्वालटोली चौराहा से थाने तक करीब 500 वाहन रोड पर ही खड़े होते हैं। बाइक सवार डिवाइडर के सहारे लाइन से बाइक खड़ी करते हैं। चार पहिया वाहनों का कब्जा फुटपाथ से लेकर सड़क तक है। पूरी रोड पर डिवाइडर के सहारे दर्जनों बाइकें दिनभर खड़ी दिख जाएंगी। ठेला फेरी लगाने वाले सड़क पर खड़े होकर जाम के हालात पैदा करते हैं।

### जनता का दर्द


जाम की समस्या रोज की है। जब सड़क पर ही दुकानें लगेंगी, सामान रखा जाएगा तो ऐसे हालात बने ही रहेंगे। पूरी बाजार में सड़क दिखती कहां हैं। जाम से छुटकारा पाने के लिए लोगों को खुद पहल करनी होगी।
–अजय गुप्ता, दुकानदार


सड़क पर ही दुकानें लगती हैं। पूरी बाजार में फुटपाथ तो कहीं दिखता नहीं है। ऐसे में जाम की समस्य तो होगी। पुलिस बीच–बीच में सख्ती करती है। उस समय दो–चार दिन के लिए दुकानें हट जाती हैं।
–अनिल कुमार, दुकानदार


जाम की समस्या पूरे शहर में है। ऐसी कोई रोड नहीं जहां जाम न लगता हो। क्षेत्र के स्कूल–कालेजों में छुट्टी होने पर वाहन बच्चों को लेकर निकलते है, तब समस्या ज्यादा होती है।
–अरविंद, कर्मचारी


पुलिस लगातार कुछ दिन तक सख्ती बरते, अभियान चलाए तो कुछ हद तक समस्या से राहत मिल सकती है। बाकी जब सड़क ही गायब हो चुकी है तो जाम लगेगा ही। सड़क से अतिक्रमण हटे तो जाम से राहत मिले।
–सुंदर वर्मा

**पुलिस के सामने सजती है मंडी**
ग्वालटोली चौराहा पर ही पुलिस की ड्यूटी लगती है। दिनभर यहां एक दरोगा व कई पुलिसकर्मी बैठे मिल जाएंगे। इसी रोड पर थाना भी है। पुलिस के सामने ही सड़क पर पूरी मंडी लगती है, मगर कोई ध्यान देने वाला नहीं है।

# फूलबाग से सरेशाम दो साल के बच्चे का अपहरण

## भाई-बहन के साथ खेल रहे बच्चे को बाइक सवार युवकों ने किया अगवा, डीसीपी पूर्वी पहुंचे, सीसीटीवी जांच में संदिग्ध हुए कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फूलबाग बस स्टॉप के पास बड़ी बहन व भाई के साथ खेल रहे दो वर्षीय बच्चे को बाइक सवार युवक ने अगवा कर लिया। छोटे भाई को उठा ले जाने की घटना की जानकारी पाकर जब तक परिजन मौके पर पहुंचे अपहर्ता मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े शहर के व्यस्ततम चौराहे पर अपहरण की सूचना से पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर डीसीपी पूर्वी, एडीसीपी व फीलखाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने आसपास बैंक व प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें कुछ संदिग्ध कैद हुए हैं।


कार्तिक।

मूलरूप से उन्नाव सफीपुर निवासी छोटू राजपूत फूलबाग सब्जी मंडी स्थित फुटपाथ के किनारे पत्नी गुड्डा बेटी वैष्णवी (12), पल्लवी (08) व बेटे शिब्बू (6), कार्तिक (02) के साथ रहता है। बड़े भाई राजेंद्र के मुताबिक छोटू शादी समारोह में वेटर का काम करने के साथ सब्जी का ठेला लगाता है। शनिवार शाम 4:45 बजे बेटा कार्तिक, बड़ी बहन वैष्णवी व भाई शिब्बू के साथ खेल रहा था। खेलते-खलते तीनों फूलबाग बस स्टॉप के पास पहुंच गए।

इसी दौरान सब्जी मंडी के पास से दो बाइक सवार युवक आए और कार्तिक को पुचकार कर उठा ले गए। शिब्बू व वैष्णवी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कार्तिक का कोई पता नहीं चला। इस पर छोटू ने फीलखाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, एडीसीपी लखन यादव, एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह व फीलखाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की।


घटना के बाद रोती बच्चे की मां व भाई– बहन। अमृत विचार


पुलिस अधिकारी से बचाने गुहार लगाते परिजन। अमृत विचार

### मेरा बच्चा दिला दो... खाना मांग रहा होगा

मेरा बच्चा लापता है। खेलने के बाद थोड़ी–थोड़ी देर में कहता है कि मम्मी खाना दे दो। भूखा, प्यासा जाने किस हालत में होगा। सब लोग ढूंढ रहे हैं, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। मेरा बच्चा दिला दो... इस विलाप के साथ कार्तिक की मां गुड्डा की आखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

### दो दिन पूर्व हुआ था विवाद

डीसीपी पूर्वी ने छोटू राजपूत से पूछताछ की तो जानकारी मिली कि दो दिन पूर्व उसका कुछ युवकों से विवाद हुआ था। छोटू ने मामले की शिकायत फूलबाग चौकी में की थी। लेकिन पुलिस ने मामला रफादफा कर दिया था। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है। पुलिस ने नरोना चौराहा, मुरे कंपनी पुल सीसीटीवी की जांच की है।

### पीछे से आए और बाबू को ले गए

भाई के लापता होने से मां से चिपट कर रोते हुए घटना के प्रत्यक्षदर्शी वैष्णवी व शिब्बू ने बताया कि हम लोग खेल रहे थे। पीछे से दो लोग आए, पीछे बैठे आदमी ने चेहरे में मास्क लगा रखा था। वो लोग बाबू को ले गए।

**आरो**
आरोपियों की शिनाख्त के लिए सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। दो दिन पूर्व पीड़ित परिवार से किसी युवक से विवाद की बात सामने आई है। सीसीटीवी में कुछ संदिग्ध कैद हुए हैं। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।
–श्रवण कुमार सिंह, डीसीपी पूर्वी

## एक नजर

### बच्चा चोर समझ राजमिस्त्री को धुना, पुलिस लाई थाने

**कानपुर।** दबौली स्थित दुर्गा मंदिर के पास शनिवार सुबह काम की तलाश में खड़े राजमिस्त्री को बच्चा चोर समझ क्षेत्रीय लोगों ने पिटाई कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस राजमिस्त्री को थाने लेकर आई। मूलरुप से बलिया के नरही गांव निवासी विजय बहादुर दबौली में किराए के मकान में रह कर राजमिस्त्री का काम करता है। काम की तलाश में पिछले कई दिनों से दबौली स्थित दुर्गा मंदिर के पास सुबह खड़ा होता था। विजय रोजाना की तरह शनिवार को भी काम की तलाश में दुर्गा मंदिर के पास खड़ा था। तभी आसपास के लोगों ने उसे बच्चा चोर समझ उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची गोविंद नगर पुलिस उसे थाने लेकर आई। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि युवक राजमिस्त्री का काम करता है। बच्चा चोर की बात अफवाह है।

### दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर दिया तीन तलाक

**कानपुर।** रेलबाजार निवासी महिला ने बताया कि उनकी शादी 2017 में कन्नौज निवासी युवक से हुई थी। उनका पांच साल का एक बेटा है। शादी के कुछ माह बाद से ही ससुराली दहेज की मांग की लेकर प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 10 फरवरी को पति नशे की हालत में घर पहुंचे और दहेज को लेकर मारपीट करने लगे। विरोध करने पर पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया पीड़िता कि शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी के तीन टन लोहा समेत चार गिरफ्तार

**कानपुर।** पनकी पुलिस ने पड़ाव स्थित दिलशाद कबाड़ी की दुकान पर छापा मार कर चोरी का तीन टन लोहा बरामद कर पनकी निवासी कबाड़ी दिलशाद, अमित, सचेंडी निवासी मंगल व मूसानगर निवासी ध्रुव को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने लोहा पनकी स्थित एटूजेड प्लांट से चुराया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोडर भी जब्त कर लिया। थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है।

### खाते से 58 हजार किए पार

**कानपुर।** खलासी लाइन निवासी रविचार ने बताया कि उनका ग्वालटोली पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। वह न तो स्मार्ट फोन नहीं चलाते और न ही उनके पास एटीएम कार्ड है। उनके खाते में इपीएफओ पेंशन का ब्याज आता है। तीन दिन में उनके खाते से 58 हजार रुपए पार हो गए। बैंक में पास बुक अपडेट कराने के दौरान उन्हें घटना की जानकारी हुई।

## वर्क फ्रॉम होम का झांसा, 16 लाख की ठगी

**कानपुर।** वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर साइबर ठगों का शिकार बनी महिला के साइबर सेल ने 9.98 लाख रुपये वापस करा दिए। ठगों ने तीन से चार हजार रुपये रोज कमाने का लालच देकर पीड़िता से 16.33 लाख रुपये की ठगी कर ली थी।

काकादेव रानीगंज निवासी शोभा परिहार ने बताया कि उनके वाट्सएप पर घर बैठे तीन से चार हजार रुपये प्रतिदिन कमाने का ऑफर आया था। दिए गए नंबर पर फोन करने पर युवक ने बताया था कि कुछ टॉस्क दिए जाएंगे, जिन्हें पूरा करना होगा। साइबर ठगों ने झांसे में लेकर टॉस्क पूरा करने के नाम पर शोभा से 16.33 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगी का अहसास होने पर शोभा ने साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साइबर सेल प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए 13 फरवरी को खाता फ्रीज करा 5.35 लाख रुपये व 20 फरवरी को 4.63 लाख रुपये वापस कराए गए।

# रिटायर्ड इंस्पेक्टर ने कारोबारी पर किया हमला, डकैती की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में त्रिमूर्ति अपार्टमेंट के पास सड़क किनारे ट्रैक्टर ट्राली खड़ी करने से नाराज रिटायर्ड इंस्पेक्टर ने बेटे व 43 अन्य साथियों साथ मिलकर मुनीम की पिटाई कर दी। इसके बाद उसकी दुकान में घुसकर मारपीट की। बीच बचाव करने पहुंचे कारोबारी और बेटे को लाठी-डंडों से पीट दिया। पीड़ित का आरोप है कि दुकान में तोड़फोड़ कर 87 हजार रुपये और चेन लूट ली। पुलिस ने कारोबारी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है।

हनुमंत बिहार निवासी अश्विनी कुमार की अश्विनी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से फर्म है। अश्विनी ने बताया कि शुक्रवार को वह त्रिमूर्ति अपार्टमेंट के पास स्थित एक साइट पर मुनीम धर्मेंद्र व ड्राइवर के साथ ट्रैक्टर ट्राली से ईंट भेजी थी। ड्राइवर ट्रैक्टर ट्रॉली अपार्टमेंट के बाहर खड़ी कर चला गया, इस पर वहां मुनीम को भेजा तो पहले से मौजूद रिटायर्ड इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह चौहान, उनके बेटे गौरव, रोमी सचान व हर्ष वर्धन गुप्ता ने धर्मेंद्र संग गाली गलौज शुरू कर दी। गाली गलौज का विरोध करने पर धर्मेंद्र की पिटाई कर दी। इसके बाद दोपहर को महेंद्र सिंह चौहान अपने बेटे वह अन्य लोगों के साथ कार में असलहे और लाठी डंडे से लैस होकर उनकी दुकान पर पहुंचे। जहां दुकान में घुसते ही मारपीट कर तोड़फोड़ शुरू कर दी। मारपीट के दौरान गोलक में रखे 69 हजार रुपये भी लूट लिए। बीच बचाव करने पहुंचे उनके बेटे हर्ष की चेन लूट ली। बेटे के शोर मचाने पर जब वह घर से बाहर निकले तो उन्हें जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया गया। मोहल्ले वालों को इकट्ठा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। इस दौरान आसपास के लोगों ने मारपीट का वीडियो बनाया।

## पांच साल के छात्र ने शराब की दुकान के विरुद्ध लगाई जनहित याचिका

**कानपुर।** आजाद नगर स्थित एमआर जयपुरिया स्कूल के एक छात्र ने हाईकोर्ट प्रयागराज में याचिका दायर कर स्कूल के बगल से शराब की दुकान हटवाने का आग्रह किया है। पांच साल के अर्थव ने शराब की दुकान होने होने वाली समस्या से भी अवगत कराया है। इस जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार के वकील से पूछा कि कानपुर में वह स्कूल अस्तित्व में आने के बाद शराब की दुकान के लाइसेंस का नवीकरण क्यों किया जा रहा है। अथर्व द्वारा दायर इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 13 मार्च, 2024 तय की है।

## बीमारी से आजिज आयकर अधिकारी की मां ने जान दी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में बीमारी से परेशान आयकर (इनकम टैक्स) अधिकारी की मां ने शुक्रवार देर रात आंगन के जाल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पति ने शव लटकता देखकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कोयला नगर, सीओडी कॉलोनी में रिटायर्ड शिक्षक होरी लाल पाल पत्नी प्रभा देवी (65) के साथ रहते थे। होरी लाल के दो बेटे योगेश व रोहित हैं। भतीजे अमरेंद्र पाल ने बताया कि योगेश बरेली में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर व रोहित बरेली में एसबीआई में तैनात हैं। घर में होरीलाल और प्रभा साथ रहते थे। प्रभा बीपी, शुगर समेत तमाम बीमारियों से ग्रसित होने के कारण परेशान रहती थीं। शुक्रवार रात खाना खाने के बाद होरीलाल ऊपर कमरे में सोने चले गए, जबकि प्रभा नीचे कमरे में सो गईं। देर रात उन्होंने आंगन में लगे जाल में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह आंख खुलने पर होरीलाल नीचे आए तो जानकारी हुई।

# ट्रेन से कटकर तीन युवकों ने मौत को लगाया गले, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में चकेरी और कल्याणपुर थानाक्षेत्र में तीन युवकों ने अलग-अलग कारणों से ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। चकेरी में क्रिकेट मैच खेलने की बात कहकर निकला पॉलीटेक्निक छात्र ट्रेन के आगे कूद गया। इस घटनास्थल से पांच सौ मीटर की दूरी पर एक निजी कर्मी की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। तीसरी घटना में दलहन अनुसंधान के पास हुई, जहां डिप्रेशन से ग्रस्त युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



- चकेरी में पॉलीटेक्निक छात्र और निजी कर्मी के 500 मीटर की दूरी पर मिले शव
- दलहन अनुसंधान संस्थान के पास अवसाद पीड़ित युवक बैठ गया रेल पटरी पर

लखनपुर, टेलीफोन कॉलोनी निवासी बीएसएनएल कर्मी कमला देवी पति शेर बहादुर सिंह की मौत के बाद बेटे कुशाग्र सिंह (20) के साथ रहती थीं। उनकी दो बेटियों नेहा व गौरी की शादी हो चुकी है। देवर मनोज सिंह ने बताया कि पिछले तीन माह से कुशाग्र डिप्रेशन का शिकार था, इसका इलाज चल रहा था। शनिवार सुबह कुशाग्र साइकिल लेकर घर से निकला और दलहन क्रासिंग के पास जाकर पटरी पर बैठ गया। इस दौरान उधर से गुजर रहे कमला के परिचित ने फोन कर बेटे के रेल पटरी पर बैठे होने की जानकारी दी। आनन-फानन में परिजन घटनास्थल की तरफ भागे लेकिन जब वह पहुंचे तब तक ट्रेन की चपेट में आकर कुशाग्र की मौत हो चुकी थी। कल्याणपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। दूसरी घटना में अहिरवां निवासी दीपक गुप्ता ने बताया कि उनके पिता धनीराम दाल मिल में काम करते हैं और छोटा भाई सत्यम (29) लखनऊ मेट्रो में काम करता था। दीपक ने बताया कि शनिवार को पिता और वह काम पर चले गए थे, जबकि सत्यम घर पर था। सुबह 11 बजे सत्यम घर से निकला और दिल्ली रूट पर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके। तीसरी घटना चकेरी में इलाहाबाद रेल रूट पर हुई। भाभा नगर निवासी प्राइवेट कर्मी शिव विजय सिंह ने बताया कि उनके दो बेटे अभिषेक, अनुराग (22) व बेटी बिट्टन हैं। अनुराग पॉलीटेक्निक में कंप्यूटर सांइस चतुर्थ सेमेस्टर का छात्र था। शनिवार सुबह वह घर से मैच खेलने की बात कह कर निकला था। शाम चार बजे तक न आने पर मां उमा देवी ने आसपास पूछताछ की तो लोगों ने चकेरी क्रासिंग के पास दो शव मिलने की बात पता चली। परिजन मौके पर पहुंचे।

### जरूर करें मतदान


साइकिल रैली निकाल कर शनिवार को मतदाताओं को जागरूक किया गया। हाथों तख्तियां लेकर सड़कों पर निकली टोली ने राहगीरों को रोककर कहा कि मतदान जरूर करें। अपने अधिकार को जाने और विकास में भागीदारी करने वाला अपना जनप्रतिनिधि चुनें। खुद मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। अमृत विचार

# इंजीनियर हत्याकांडः बसपा के पूर्व विधायक शेखर तिवारी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** इंजीनियर हत्याकांड में सजा पाए बसपा के दिबियापुर क्षेत्र से विधायक रहे शेखर तिवारी की शनिवार को जालौन के जिला जेल से शनिवार को जमानत हुई।

वह इंजीनियर हत्याकांड में जेल में बंद थे। बसपा शासनकाल के दौरान दिबियापुर के एक सरकारी गेस्ट हाउस में अधिशासी अभियंता मनोज गुप्ता की 2008 में पीट-पीट कर हत्या कर देने के मामले में उन्हें अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। वह जालौन के जिला जेल में सजा काट रहे थे। 15 वर्ष बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल सकी। ज्ञात हो कि इंजीनियर हत्याकांड में साक्ष्य छिपाने के आरोप में दिबियापुर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष व शेखर तिवारी की पत्नी विभा तिवारी को भी चार साल की सजा सुनाई गई थी। इंजीनियर हत्याकांड की रिपोर्ट दिबियापुर थाने में दर्ज थी। विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट संजय कुमार सिंह की अदालत ने मनोज गुप्ता हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे शेखर व तीन सहयोगी को 5-5 साल कठोर कारावास की सजा दी थी।


शेखर तिवारी।

### यह था पूरा मामला

दिसंबर 2008 में औरैया के दिबियापुर में गेल कालोनी निवासी लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गुप्ता की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई थी। तब मामले में बसपा के तत्कालीन विधायक शेखर तिवारी और उनके साथियों के विरुद्ध हत्या और गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त शेखर तिवारी और अन्य को न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
LDA शारदा नगर योजना लखनऊ में एक छोटा मकान बिजली, पानी युक्त बिकाऊ है खरीददार स्वयं संपर्क करें–
7379655405

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम VAKEEL था अब मैने बदलकर अपना नाम VAKEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। VAKEEL AHMAD S/O: ABDUL AJEEJ R/O: 60, SAMMANPUR MACHLI GAON SIKANDARPUR, AMBEDKAR NAGAR

**सूचना**
सूचित हो कि मै सुनीता देवी पत्नी राम वृक्ष, निवासी– ग्राम गौरा गूजर परगना व तहसील टाण्डा जिला अम्बेडकर नगर मेरी एल0आई0सी0 पालिसी सं0 216054202 में मेरा पुकारू नाम प्रमिला कुमारी अंकित हो गया है जब कि मेरे आधार कार्ड व अन्य कागजी दस्तावेज में मेरा नाम सुनीता देवी है। यह कि प्रमिला देवी व सुनीता देवी दोनो एक ही महिला के नाम है। अतः मेरी एल0आई0सी0 पालिसी में घरेलू नाम प्रमिला कुमारी के स्थान पर सुनीता देवी अंकित किया जाय

# आंकड़ों का चले चक्कर तभी भाजपा को मिल सकती टक्कर

कानपुर लोक सभा
रविवार विशेष

मनोज त्रिपाठी

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव में यूपी में मिशन -80 का संकल्प लेकर चल रही भाजपा ने कानपुर लोकसभा सीट को जीत की हैट-ट्रिक वाली सीटों में रखा है। बीते 10 साल से इस सीट पर पार्टी का कब्जा है। 2014 में यहां से भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी सांसद बने थे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी श्रीप्रकाश जायसवाल को 1.5 लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव हराया था। इसके बाद 2019 लोकसभा चुनाव में पार्टी ने जोशी की जगह सत्यदेव पचौरी को उम्मीदवार बनाया, उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल को शिकस्त दी और सांसद बने। इस बार कांग्रेस को सपा से गठबंधन में कानपुर सीट मिली है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा से उत्साहित पार्टी अपनी खोई सीट वापस पाने की जुगत भिड़ा रही है। लेकिन बीते दो लोकसभा चुनाव और विधान सभा चुनावों के आंकड़े यह काम कठिन बता रहे हैं। गठबंधन का गणित इसी बात पर टिका है कि सपा विधान सभा चुनावों में मिलने वाले वोट को बरकरार रखे और कांग्रेस लोकसभा में मिलने वाले वोट प्रतिशत को कुछ और बढ़ाए, तभी भाजपा को चुनौती दी जा सकती है।

ग्राफिक्स : विपिन जायसवाल

### 2022 के विधान सभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों को मिले मत

| विधानसभा क्षेत्र | भाजपा | सपा | कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|---|
| गोविंद नगर | 117501 | 36605 | 26267 | 8333 |
| सीसामऊ | 66897 | 79163 | 5616 | 2937 |
| आर्य नगर | 68973 | 76897 | 3309 | 1387 |
| कैंट ( छावनी ) | 74742 | 94729 | 13279 | 3389 |
| किदवई नगर | 114111 | 8397 | 76351 | 3846 |
| वोट प्रतिशत | 49 .40 | 33 .0 | 13 .90 | 02 .20 |

### 1999 से 2014 तक कांग्रेस का गढ़


- कानपुर लोकसभा सीट 1999 से लेकर 2014 तक कांग्रेस के कब्जे में रही। श्रीप्रकाश जायसवाल लगातार तीन बार सांसद बने। अब पिछले दो चुनावों से सीट पर भाजपा का कब्जा बरकरार है।

### गोविंद और किदवई नगर में कांग्रेस की हालत होती पतली

- बीते दो लोकसभा चुनावों के आंकड़ों में कांग्रेस कैंट और सीसामऊ विधानसभा में बढ़त बनाती है। आर्यनगर विधानसभा में पार्टी को औसत वोट मिलता है। लेकिन गोविंद नगर और किदवई विधानसभा क्षेत्र में भाजपा बड़ी बढ़त बना लेती है। यह दोनों विधानसभा क्षेत्र आबादी और क्षेत्रफल में बड़े और ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के सत्यदेव पचौरी ने कांग्रेस प्रत्याशी श्रीप्रकाश को 1,55,033 वोटों से मात दी थी। इस चुनाव में भाजपा को तीन विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली थी, तो कांग्रेस कैंट और सीसामऊ में भाजपा से आगे रही थी।

### मुस्लिम और ब्राह्मण का समीकरण

- कानपुर लोकसभा सीट पर साढ़े सोलह लाख से अधिक मतदाता हैं। पांच विधानसभा सीटें आर्यनगर, गोविंद नगर, कैंट, किदवई नगर और सीसामऊ हैं। इनमें कैंट और सीसामऊ मुस्लिम बहुल्य क्षेत्र हैं, जबकि किदवई नगर और गोविंद नगर विधानसभा ब्राह्मण बहुल्य क्षेत्र हैं। आर्यनगर विधानसभा मिश्रित आबादी क्षेत्र है।



प्रमुख राजनीतिक दलों के पिछले दो लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में मिले मत (प्रतिशत)

### भाजपा 3-2 से पिछड़ी फिर भी 16.30 प्रतिशत वोटों की बढ़त बनाई

- वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव परिणाम के लिहाज से लोकसभा क्षेत्र में भाजपा 1,46,433 वोटों से आगे थी। भाजपा ने गोविंद नगर और किदवई नगर में जीत हासिल की थी, जबकि सपा ने सीसामऊ, आर्यनगर तथा कैंट सीट जीत ली थी।

### पिछले लोकसभा चुनाव में किसको मिलें कितने वोट

| विधानसभा क्षेत्र | भाजपा ( सत्यदेव पचौरी ) | सपा ( रामकुमार ) | कांग्रेस ( श्रीप्रकाश ) |
|---|---|---|---|
| गोविंद नगर | 121047 | 16629 | 45308 |
| सीसामऊ | 66600 | 7089 | 68823 |
| आर्य नगर | 70944 | 4730 | 61935 |
| कैंट ( छावनी ) | 72794 | 7806 | 88489 |
| किदवई नगर | 135057 | 11449 | 46854 |

## एक नजर

### मंत्री वीरेंद्र खटीक 29 को शहर में करेंगे प्रवास

**कानपुर।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड के केंद्रीय क्लस्टर प्रभारी सामाजिक न्याय और अधिकारिता केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक 29 फरवरी को कानपुर प्रवास पर रहेंगे। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने बताया कि वह सुबह 11 बजे आगामी कार्यक्रमों को लेकर लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति एवं कोर कमेटी की बैठक करेंगे। दोपहर 2 बजे अकबरपुर लोकसभा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में सभी एडवोकेट शिक्षक चार्टेड अकाउंटेंट एवं सभी प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करेंगे। कानपुर लोकसभा के गोविंद नगर विधानसभा के लाभार्थियों से भी संपर्क संवाद करेंगे।

### खाते से निकाल लिए 45 हजार रुपये

**कानपुर।** चकेरी के श्याम नगर निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि बीती 20 फरवरी को उनके पास एक काल आई, जिसने क्रेडिट कार्ड बनाने की बात कही। इस दौरान युवक ने उनसे व्यक्तिगत डिटेल ले ली। कुछ देर बाद उनके खाते से 45 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। जिसके बाद पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# गठबंधन को प्रत्याशी की घोषणा का इंतजार

## मतदेय स्थलों की तैयारी में सपा, कांग्रेस से आगे, कार्यकर्ता लगाएंगे जुलूसों और रैलियों में लालटोपी

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस और सपा का गठबंधन फाइनल होने और कानपुर सीट कांग्रेस को देने की घोषणा के बाद दोनों पार्टियों ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। सपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस के प्रत्याशी की घोषणा तो होने दीजिए, अबकी किसी भी कीमत पर सीट भाजपा के खाते में नहीं जाने दी जाएगी। जुलूसों में लालटोपी अनिवार्य होगी।

नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में शनिवार को हुई तैयारी बैठक में जिलाध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि गोविंदनगर, आर्यनगर, सीसामऊ, छावनी व किदवईनगर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी 70 जनसभाएं आयोजित करेगी। कानपुर लोकसभा क्षेत्र की समस्त बूथ कमेटियां गठित करके पार्टी मुख्यालय लखनऊ भेज दी गयी हैं। कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि सभी जुलूसों में लालटोपी पहनकर आएं। महमूद कहते हैं कि 88 वार्डों के अध्यक्षों की बैठक शीघ्र बुलाकर चुनावी रणनीति पर पांच मार्च से बैठकें शुरू हो जाएंगी। शनिवार की बैठक में प्रदेश सचिव केके शुक्ला, शैलेंद्र यादव मिंटू, संजय सिंह बंटी सेंगर, अनवर अली, पप्पू मिर्जा, राहुल यादव, सैय्यद आरिफ जावेद, जमील, राजेंद्र सोनकर, अनिल चौबे उपस्थित रहे।

### क्या बोले सपा विधायक



छावनी से सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी कहते हैं कि कानपुर से कांग्रेस प्रत्याशी को हर हाल में समर्थन देना और जिताकर लोकसभा भेजना है। अपने विधानसभा क्षेत्र के समस्त वार्ड और बूथ पर हम गठबंधन के प्रत्याशी को मजबूती देंगे। आर्यनगर से विधायक अमिताभ वाजपेयी की भी ऐसी ही तैयारी है। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक इरफान सोलंकी के जेल में होने के कारण सपा संगठन ने सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी ले ली है। जिला अध्यक्ष का कहना है कि सीसामऊ क्षेत्र में संगठन ने दो अध्यक्ष तैनात किए हैं। दो प्रभारी और वह खुद सीसामऊ क्षेत्र देख रहे हैं।



### कांग्रेस ने बूथ कमेटियों पर कवायद शुरू की

- तिलकहाल में शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, शंकरदत्त, मिश्रा, ललन अवस्थी, हरप्रकाश अग्निहोत्री क्रिय दिखे। शंकरदत्त मिश्रा बूथ कमेटियों के गठन को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। दावेदारों में अजय कपूर ने दिल्ली में डेरा डाला है तो आलोक मिश्रा प्रचार और सियासी गोटें फिट करने में व्यस्त हैं। पवन गुप्ता, मदनमोहन शुक्ला, करिश्मा ठाकुर, विकास अवस्थी भी क्षेत्र में सक्रिय रहे।



### सपा बेरोजगारी व महंगाई को मुद्दा बनाने की तैयारी में

- नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में शनिवार को जिलाध्यक्ष फजल महमूद, प्रदेश सचिव केके शुक्ला व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने पूर्व छात्र नेताओं, महिला सभा के सदस्यों, मतदान केंद्र प्रभारी व युवाओं के साथ बैठक की। तय हुआ कि सपा बेरोजगारी और महंगाई को चुनावी मुद्दा बनाएगी करेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने युवा व पूर्व छात्र नेताओं की पांच सदस्यीय टीम गठित की है।

# 20,788 बूथों पर आज सुनी जाएगी मन की बात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 52 विधानसभाओं में हज़ारों की संख्या में शामिल हुए सपा, कांग्रेस, बसपा व सामाजिक कार्यकर्ता भी रविवार को पीएम नरेन्द्र मोदी की मन की बात 20788 बूथों पर सुनेंगे।

लाभार्थी सम्पर्क अभियान व अन्य अभियानों की विस्तृत चर्चा करते हुए क्षेत्रीय मुख्यालय पर बुलाई गयी क्षेत्रीय पदाधिकारियों व अभियानों के प्रमुखों की बैठक में भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि चुनाव अधिसूचना से पहले जिला व विधानसभा स्तर तक पार्टी युवा महिला सामाजिक व्यापारी व सभी प्रकोष्ठों के सम्मेलन आयोजित कर रही है। जिसकी जिम्मेदारियों में सभी पदाधिकारियों को लगा दिया गया है। प्रकाश पाल ने कहा की बूथों पर मन की बात सुनने के बाद बूथ समितियों की बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। जिसमें बूथ लेबल तक सभी सदस्यों को लोकसभा चुनाव के संबंधित बूथ पर किये जाने वाले कार्यों का आवंटन भी कर दिया जायेगा। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी सांसद, विधायक अन्य जनप्रतिनिधियों को लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अंतर्गत आवंटित बूथों पर सम्पर्क करना है। मन की बात के क्षेत्रीय संयोजक अनूप अवस्थी ने बताया लोकसभा प्रभारी व लोकसभा संयोजकों को आग्रह किया गया है। अपने कार्यालय में भी सुनेंगे।


क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल।

# ट्रेलर के डीजल टैंक में लगी आग, हाई-वे जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजैनी हाईवे पर शनिवार दोपहर पीवीसी तार के बंडल लाद कर हरियाणा से वाराणसी जा रहे ट्रेलर का टायर फट गया। जिससे उठी चिंगारी ट्रेलर के डीजल टैंक तक पहुंच गई। पीछे आ रहे वाहन चालकों ने ट्रेलर चालक को जानकारी दी। लेकिन जब तक चालक ट्रेलर रोकता आग ने तार के बंडलों को चपेट में ले लिया। ट्रेलर धू-धू कर जलने लगा। इस घटना से हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

हरियाणा के सिरसा निवासी चालक ओम प्रकाश, परिचालक राजेंद्र के साथ ट्रेलर पर पीवीसी पाइप लाद कर हरियाणा से वाराणसी जाने के लिए निकला था। शनिवार शाम गुजैनी हाईवे पर अचानक ट्रेलर से टायर फटने की आवाज आई और ट्रेलर में आग लग गई। पीछे से आए वाहन सवारो ने ट्रेलर के डीजल टैंकर में आग लगने की जानकारी की। जब तक चालक ने ट्रेलर को किनारे लगाया तब तक आग ने विकराल रुप ले लिया। आग ने ट्रेलर पर रखे पीवीसी तारों को चपेट में ले लिया। फजलगंज फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। देर शाम फायर ब्रिगेडकर्मियों ने आग पर काबू पाया। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। ट्रेलर में आग लगने से भौंती-रामादेवी हाईवे की वाहनों का लंबा जाम लग गया। आग की लपटें उठती देख पुलिस ने दूसरी लेन भी बंद करा दी।


उठतीं आग की लपटें। अमृत विचार

# रंगनाथ स्वामी की सिंहासन पालकी यात्रा पर भक्तों की पुष्प वर्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रयाग नारायण मंदिर शिवाला में शनिवार को श्रीब्रम्होत्सव ( माघ मेला ) का धूमधाम से आयोजन हुआ। परंपरापग रूप से सिंहासन पालकी यात्रा निकाली गई। बैंड बाजों के साथ चल रही यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शिवाला परिसर में यात्रा के लौटने पर मंदिर में रंगनाथ स्वामी का अभिषेक किया। आचार्यों ने विधि विधान से पूजन कराया और श्रद्धालुओं में पंचमेवा का प्रसाद वितरण किया गया।

शनिवार सुबह छह बजे सिंहासन पर रंगनाथ स्वामी की पालकी यात्रा मंदिर से से भक्तों ने निकाली। मंदिर परिक्रमा के बाद यात्रा जनकपुरी गई। जहां कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण हुआ और यात्रा वापस मंदिर आई। मंदिर में रंगनाथ स्वामी का परंपरागत अभिषेक वृंदावन, उत्तराखंड, गोरखपुर, प्रयागराज व अयोध्या से आए संतों-महात्माओं की मौजूदगी में हुआ। मंदिर के प्रधान व्यास पंडित करुणाशंकर ने पूजन कराया। इसके बाद भव्य स्वर्ण सिंहासन पर सवार रंगनाथ स्वामी की यात्रा बैंड बाजों के बीच गंगा के लिए प्रस्थान हुई। रंगनाथ स्वामी के सिंहासन के आगे संत, महात्मा, आचार्य स्तुति करते हुए चल रहे थे। रास्ते में जगह-जगह पालकी व शोभायात्रा का स्वागत हुआ। पुष्पवर्षा की गई।

सरसैया घाट तक पूजन का सिलसिला चलता रहा। घाट पर भक्तों, आचार्यों ने जयकारा लगाते हुए स्वामी को गंगा की धारा में स्नान कराया। इसके बाद घाट पर ही स्वामी का श्रृंगार किया गया और शोभायात्रा ने मंदिर के लिए रवाना हुई। शिवाला मंदिर में यात्रा के प्रवेश पर संतों, आचार्यों को दक्षिणा दी गई। इसके बाद महाप्रसाद व भंडारा हुआ। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। रात में सिंहासन पर सवार स्वामी की पालकी निकली तो आतिशबाजी की गई। इसके बाद मंदिर में पूजन के साथ 11 दिवसीय श्रीब्रम्होत्सव का समापन हुआ। यह सभी कार्यक्रम मंदिर के अध्यक्ष मुकुल विजयनारायण तिवारी व प्रबंधक अभिनव नारायण तिवारी की देखरेख में हुआ। इस मौके पर सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक अमिताभ बाजपेई, महापौर प्रमिला पांडेय, धर्मप्रकाश गुप्त, डॉ. श्याम बाबू गुप्त, सरदार राजू खंडूजा, अंबरीश मिश्र, सुरेश अवस्थी, अनुज शुक्ल, संदीप तिवारी, सतीश निगम, हरिभाऊ खांडेकर रहे।


पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु और समाजसेवी। अमृत विचार

## आस्था की डुबकी, दानकर पुण्य कमाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माघ पूर्णिमा पर शनिवार को गंगा घाटों पर आस्था का सैलाब दिखा। हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई, फिर दानकर पुण्य लाभ कमाया। सूर्य को अर्घ्य दिया, गुरु के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिरों में पूजन कर माथा टेका।

माघ पूर्णिमा पर गंगा में डुबकी लगाने के लिए शनिवार भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। गंगा बैराज, भौरोघाट, सरसैया घाट, भगवत घाट समेत अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई, फिर सूर्य देव को अर्घ्य दिया। श्रद्धालुओं ने घाटों पर बैठकर पूजन करने के बाद दान कर पुण्य कमाया। घाटों पर मंदिरों में पूजन किया और संतो-पुजारियों का आशीर्वाद लिया। हर- हर महादेव का जयघोष होता रहा।

### भरकर ले गए गंगाजल

गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु गंगाजल भी भरकर घर ले गए। श्रद्धालुओं ने बताया कि घरों में पूजा के दौरान गंगाजल की जरूरत पड़ती है। सरसैया घाट, भगवत घाट पर एक दिन पहले ही दुकानें लग गईं थीं। पूजापाठ की सामग्री के साथ बच्चों के खिलौने दुकानों पर सजे थे। शनिवार को गंगा स्नान के बाद लोगों ने मेले में खरीदारी की। बड़ों ने पूजापाठ, जरूरत का सामान खरीदा तो वहीं बच्चों ने खिलौने, गुब्बारे खरीदकर आंनद उठाया। वहीं समोसा, टिकिया के ठेलों पर भी भीड़ रही।

धर्म -अध्यात्म

सेंट्रल पार्क में कथा के तीसरे दिन सुधांशु महाराज ने श्रद्धालुओं को गुरु महिमा बताई

# आनंद और उत्साह के साथ संतुष्ट रहना जीवन की पूंजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीवन में प्रगति के लिए हर दिन प्रेरणा की आवश्यकता होती है। इसके लिए गुरु की ज्ञान गंगा में हर दिन डुबकी लगाना आवश्यक है। सद्गुरु जीने की कला देते हैं। आनंदित व संतुष्ट और प्रेमपूर्ण व उत्साही रहना, जीवन की वास्तविक पूंजी है। इन वचनों से सुधांशु महाराज ने दिव्य भक्ति सत्संग महोत्सव सेंट्रल पार्क में तीसरे दिवस श्रद्धालुओं को उत्साहित किया।

सुधांशु महाराज ने कहा कि गुरु से आपका जितना गहरा लगाव व विश्वास होगा, उतना ही अधिक जीवन में शुभता मिलेगी। गुरु की कृपा से मन का अंधकार और चित्त का विकार दूर होता है। परमात्मा की अनुभूति होती है। शरीर के समस्त ऊर्जा केंद्र खुल जाते हैं। सद्गुरु हमें सिखाते हैं हर दिन कम से कम 24 मिनट भक्ति के लिए, 24 मिनट अपने स्वास्थ्य के लिए, 24 मिनट सेवा के लिए और 24 मिनट का समय अपने रिश्तों के लिए जरूर निकालें। आपकी यात्रा मायालोक से शिवलोक की है, इसलिए मंत्र, प्रार्थना व ध्यान से परमसत्ता से जुड़ें। उन्नाव के सासंद साक्षी महाराज भी कथा स्थल पर पहुंचे और सुधांशु महाराज को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।


प्रवचन करते सुधांशु महाराज।


सत्संग में शामिल हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

### रिश्तों और नैतिक मूल्यों को बचाने में आगे आएं


**कानपुर।** मौजूदा समय विडंबनाओं से भरा है। हम सभी को मिलकर उसे सही दिशा में लेकर जाना होगा। समाज में कई ऐसे असामाजिक तत्व हैं, जिनसे नैतिक मूल्यों में गिरावट आ रही है। यह बात सुधांशु महाराज ने शास्त्री नगर स्थित एक हॉल में प्रेसवार्ता में कही। महाराज ने बताया कि रिश्तों की गरिमा समाप्त हो रही है। बहनों के प्रति दायित्व कम हो रहा है। पति-पत्नी के संबंध में भी गिरावट आई है और तलाक के मामले बढ़े हैं। हम सभी को रिश्तों को बचाना होगा। पति-पत्नी के सामंजस्य पर कहा कि व्यक्ति के जीवन में 60 प्रतिशत सुख आपसी रिश्ते हैं। जीवन में यदि संबंध अच्छे हैं तो सब कुछ अच्छा होगा। जीवन की नैया पार लग जाएगी। माता-पिता के प्रति कर्तव्य पर कहा कि अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं। बच्चों को धन से अमीर नहीं संस्कारों से भरें। हम अपने माता-पिता की याद में 15 दिनों का श्रद्ध कर्म मनाते हैं, उसी तरह पर्यावरण को बचाना है।


सूरदास व कृष्णदास की मूर्तियां बना रहे हैं फाइन आर्ट्स के विद्यार्थी। अमृत विचार

# सूरदास की प्रतिमा पारासौली जाएगी

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ़ फाईन आर्ट्स के दो विद्यार्थियों की बनाई सूरदास प्रतिमा पारासौली में स्थापित होगी। मथुरा के गोवर्धन के निकट सूरसाधना स्थली पारासौली, सूरदास व अष्टछाप कवियों की भजनस्थली है। वहाँ पर ब्रज भाषा एकेडमी में सूरदास व कृष्णदास की बैठी हुई तीन फ़ीट की प्रतिमा लगाई जानी है। इस प्रतिमा का निर्माण विश्वविद्यालय में हो रहा है। विद्यार्थियों का निर्देशन डॉ राजकुमार सिंह कर रहे हैं।

प्रतिमा बनाने वाले दो विद्यार्थियों अनुराग मौर्य व नेहा यादव का चयन राज्य ललित कला अकादमी की ओर से किया गया है। मूर्तिकला के अध्यापक जेबी यादव ने बताया कि यह मूर्तियां जीवन्त एवं सजीव आकार लें इस पर विद्यार्थियों का ध्यान केन्द्रित है।



करौली शंकर महादेव कथा कहते हुए। अमृत विचार



हर- हर महादेव का जयघोष करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# लोस चुनाव के रण में कील कांटे मजबूत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा की सभी विधानसभाओं की संचालन समिति की शनिवार को बैठक हुई। सीसामऊ विधानसभा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के रण में सभी कील कांटे मजबूत करके उतर चुकी है।

सभी कार्यकर्ता 25 तारीख को होने वाली माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद बूथ कमेटी के साथ बैठकर बूथ चलो बूथ जीतो अभियान से जुड़ेंगे। इसके साथ युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा चौपाल का भी आरंभ हो जाएगा। बैठक में लोकसभा के सह प्रभारी रमाकांत त्रिपाठी, रीता शास्त्री, वीरेंद्र श्रीवास्तव, आनंद मिश्रा, अंकित बाजपेई, विस्तारक भानु प्रताप सिंह, प्रमोद विश्वकर्मा, नवाब सिंह, रंजीत भदोरिया, दीपक सिंह, बबीता निगम, शर्मिला सिंह, अनुराग शर्मा, राम अवतार सिंह, गौरव पांडे, अभिमन्यु सक्सेना, करन यादव रहे।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय। अमृत विचार

# भव सागर से पार कराता है सद्गुरु: करौली शंकर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- करौली शंकर धाम में गुरु दीक्षा उत्सव का आयोजन
- करौली शंकर महादेव ने गुरु की महिमा बताई

**अमृत विचार।** करौली शंकर धाम में माघ पास की पूर्णिमा पर आयोजित उत्सव में करौली शंकर महादेव ने देश- विदेश से आए भक्तों को गुरु की महिमा के बारे में बताया और दीक्षा दी। श्रद्धालुओं के जीवन में किसी तरह का रोग, शोक न रहे इसके लिए आयोजित हवन में भक्तों ने आहुति प्रदान की। इस दौरान हर- हर महादेव का जयकारा वातावरण में गूंजता रहा।

करौली शंकर महादेव ने कहा कि अपने शिष्य को गुरु ही भव सागर से पार कराता है। गुरु का ज्ञान और शिक्षा ही जीवन का आधार है। गुरु के बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है। गुरु जगत व्यवहार के साथ- साथ भव तारक, पथ प्रदर्शक भी होते हैं। सनातन अवधारणा के अनुसार इस संसार में मनुष्य को जन्म भले ही माता-पिता देते हैं लेकिन मनुष्य का सही अर्थ गुरु कृपा से ही प्राप्त होता है। जिस प्रकार माता-पिता शरीर का सृजन करते हैं उसी प्रकार गुरु अपने शिष्य का सृजन करते हैं। कहा कि कुम्हार जैसे घड़े को सुन्दर बनाने के लिए भीतर-बाहर हाथ से थाप मारता है उसी तरह गुरु अपने शिष्य को अनुशासन में रख ज्ञान प्रदान करता है। जो पूरी निष्ठा से अपने सद्गुरु का अनुसरण करता है वह उसके समान हो जाता है। गुरु ही अपने शिष्य को अपने स्तर तक उठाने में मदद करता है। करौली शंकर ने कहा कि सद्गुरु की महिमा अपरंपार है। जिस तरह पारस पत्थर लोहे को सोना बनाता है उसी प्रकार गुरु अपने शिष्य को स्वयं जैसा बनाते हैं। यदि अपनी दिव्यता को पुनः प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको अपने गुरु की शरण में जाना ही होगा। गुरु और शिष्य का संबंध स्वार्थ रहित है।

### भगवान परशुराम का बनेगा विशाल मंदिर

दो चरित्र ऐसे हैं जिन्हें सर्वाधिक दबाया गया। एक भगवान श्रीकृष्ण हैं जिन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई। प्रभु कृष्ण योगेश्वर थे। रासलीला की बातें भ्रामक हैं। हमारे आराध्य के बारे में गलत बातें पुराणों में जोड़ी गईं। दूसरा चरित्र है भगवान परशुराम का जिसे दबाने की कोशिश की गई। प्रभु परशुराम का विशाल मंदिर आश्रम जल्द बनवाएगा।

# समतामूल सामाजिक दर्शन यात्रा निकाली

## संत रविदास जयंती पर मानवतावादी विचारों की याद दिलाई, झांकियों पर पुष्पवर्षा कर लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मन चंगा तो कठौती में गंगा कहकर देश-दुनिया को नया विचार देने वाले संत रविदास की जयंती शनिवार को उत्साह के साथ मनाई गई। नगर में विभिन्न संस्थाओं ने कार्यक्रम आयोजित किए और शोभायात्रा निकाली। जिसका जगह-जगह स्वागत हुआ।

संत रविदास समिति की ओर विजय नगर महात्मा गांधी इंटर कालेज में जयंती मनाई गई। इस मौके पर समिति की ओर से आठ झांकियां और समतामूल सामाजिक दर्शन यात्रा पर शोभायात्रा निकाली गई। झांकियां महापुरुषों के मानवतावादी विचारों से सजी थीं। लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा व विचार गोष्ठी में अतिथियों ने संत रविदास की मानवतावादी चौपाइयां सुनाकर जनमानस को उनके समता मूलक सामाजिक जीवन दर्शन को बताया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीएसआईसी अजय कुमार ने संत रविदास को इंसानियत व मानवता का मसीहा बताया। मुख्य वक्ता डॉ. उदाधिका सिंह ने कहा कि संत रविदास आडंबर, पाखंड से अलग इंसानियत व मानवता का संदेश दिया है। विशिष्ट अतिथि एसपी टेकला, दिनेश कुमार, कीरन कुमार, अनिल पाल, शैलेंद्र सचान, संजय सचान, डॉ. सुनील दोहरे ने लोगों ने कहा कि संत रविदास के विचारों को जीवन में उतारकर हमें जाति, शोषण विहीन समता मूलक समाज बनाना होगा, तभी राष्ट्र व समाज की उन्नति होगी। समिति के अध्यक्ष, कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम भारतीय ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह आध्यात्मिक संत ही नहीं, जन चेतना की प्रचंड मशाल थे। अध्यक्षता आरके भास्कर और संचालन राधेश्याम भारतीय ने किया।

समारोह में गौतम कुमार अंबेडकर, शिव कुमार कुरील, दिनेश कुमार, पीसी गौतम, शैलेंद्र कुमार, डॉ. हरीश चौधरी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. एसके कनौजिया, डॉ. एमपी दोहरे, पन्नालाल जैसवार, विजय कुमार शंखवार, विजय कुमार गौतम, राम कुमार कुरील, संजन भारती, मुन्ना गौतन, विजय भारती मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार



यात्रा के स्वागत में जुटे लोग। अमृत विचार

### शोभायात्रा में शामिल रहे बसपाई

संत रविदास जयंती शोभायात्रा में बसपाई भी शामिल हुए। संत रविदास समिति की शोभायात्रा विजय नगर से शास्त्री नगर, मरियामपुर, नजीराबाद से हर्षनगर होते हुए संत रविदास मेला ईदगाह पहुंची। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा बबलू चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष आरके भास्कर, मुन्ना हजारिया, सोहन भारती, शेष राम भारती, चंद्र प्रकाश गौतम आदि रहे। उधर बीएस-फोर के महासचिव राजू भारती ने आचार्यनगर स्थित कबीर मंदिर में संत रविदास की जयंती मनाई। मंडल अध्यक्ष यूनुस अहमद, जग्गनाथ वर्मा, विजय कुमार वर्मा आदि रहे।

## संत रविदास को कांग्रेसियों ने किया याद

**कानपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर ने रविदास जयन्ती पर तिलक हाल में चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि संगोष्ठी में संत रविदास को धर्मपरायण महान समाज सुधारक बताया। कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि 15 वीं व 16 वीं शताब्दी में भक्ति अभियान के दौरान धर्मनिष्ठ परिवार में माघ पूर्णिमा के दिन बनारस (काशी) में जन्मे संत रविदास आशुकवि वैश्विक बन्धुता, सहिष्णुता व देशप्रेमी होने के साथ ही जातिभेद, रंगभेद व भेदभाव के कट्टर विरोधी थे। छन्दों एवं कविताओं को सिख पंथ प्रवर्तक गुरुनानक देव जी को समर्पित कर दिया था, जिन्हें सिखों के पाचवें गुरु अर्जुन देव ने अपने पवित्र धर्म ग्रन्थ गुरुग्रन्थ साहिब में समावेश कराकर उनकी विद्वता व श्रेष्ठता को सम्मान भी दिया था। संगोष्ठी का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर दत्त मिश्र ने किया तथा मदन मोहन शुक्ला, पवन गुप्ता, राजेश गौतम, महेश मेघानी, दिलीप शुक्ला, आरके जगत, राधेश्याम कश्यप, दिलीप बाजपेई, लल्लन अवस्थी, नीरज द्विवेदी, रामशंकर राय, जावेद जमील उस्मानी, आरके त्रिपाठी, रामाश्रय पाल, चन्द्रमणि मिश्र, दिनेश बाजपेई, भुवनेश भूषण, रामचन्द्र गुप्ता, राकेश निगम, प्रमोद गुप्ता ने श्रद्धासुमन समर्पित किए।



पुष्प अर्पित करते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

## नशे में धुत सिपाही सड़क पर पड़ा मिला वीडियो हुआ वायरल

**कानपुर।** कल्याणपुर रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को नशे में धुत एक कांस्टेबल ने तमाशा कर दिया। कांस्टेबल रोड पर एक पेड़ के नीचे नशे में धुत होकर पड़ा हुआ मिला। सिपाही को रोड में पड़ा देख राहगीरों ने डॉयल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी सिपाही को थाने लेकर आई।

शनिवार दोपहर कल्याणपुर स्टेशन के पास नशे में धुत सिपाही राजेश कुमार पेड़ के नीचे पड़ा मिला। राहगीरों ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस राजेश को कल्याणपुर थाने लेकर आई, जहां उसने बताया कि वह फर्रुखाबाद के कमालगंज का रहने वाला है और वर्तमान समये में जिला कारागार माती कानपुर देहात में तैनात है। सिपाही ने बताया कि घर जाने के दौरान उसने शराब का सेवन कर लिया था। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि थाना में तस्करा दाखिल किया गया है। सिपाही का मेडिकल करा कर कार्रवाई की जा रही है।

# जेडी क्लब ने जीता टी- 20 का फाइनल मुकाबला



विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एकलव्य टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसियेशन व एमपूसी क्लब की ओर से आयोजित एकलव्य टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में पालिका स्टेडियम पर खेले गए फाइनल मैच में जेडी क्लब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नेशनल क्लब को 88 रनों से हराकर मैच जीत लिया।

जेडी क्लब ने 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए। जेडी क्लब के खिलाड़ी अमन राजपूत ने 86, युवराज सिंह ने 80 रनों का योगदान दिया। वहीं नेशनल क्लब ने 19.5 ओवरों में ऑल आउट होकर 111 रन ही बना सकी। टीम की ओर से शिवम दुबे ने सबसे अधिक 46 रन बनाए। अधिकांश खिलाड़ी 17-18 रन पर ही पवेलियन लौट गए। जेडी क्लब ने जीत दर्ज की और टीम के खिलाड़ी शिवम दुबे प्लेयर ऑफ दि मैच रहे। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी व पुरस्कार प्रदान किया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नेशनल क्लब के शिवम दुबे, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जेडी क्लब के जहीरूददीन प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत सचिव सुरेश तिवारी व आकाश वर्मा ने किया। केसीए सचिव कौशल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संजय तिवारी, संयुक्त सचिव सौरभ गुप्ता, केपीएल कमिश्नर अश्विनी कोहली, पूर्व अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा, ऐके द्विवेदी, विजय पांडेय, गोपाल चटर्जी, नंद किशोर मिश्रा, अनिल मिश्रा, देवाशीष वर्मा, मोहित शुक्ला, हर्षित शुक्ला रहे।

## चार बैटरी समेत तीन चोर गिरफ्तार

**कानपुर।** एक माह पूर्व कल्याणपुर के बैरी से ई रिक्शा चालक नासिर हुसैन के रिक्शे की चार बैटरी चुराने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने बिठूर रोड के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की बैटरी व घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम बिल्हौर निवासी सूर्यकांत, नौबस्ता निवासी अंकित कुमार गुप्ता व शिवली निवासी राम जी गौतम बताया। कल्याणपुर इंस्पेक्टर कुशल पाल सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि की।

## सार-संक्षेप



शोभायात्रा में शामिल जैन मुनि व श्रद्धालु। अमृत विचार

### मुनि संघ का मंदिर में हुआ मंगल प्रवेश

**कानपुर।** श्री दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर जनरलगंज में शनिवार को मुनि संघ का मंगल प्रवेश हुआ। सीसामऊ मंदिर से संत संघ व श्रद्धालु शोभायात्रा लेकर पहुंचे। यात्रा का कई जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। संत शिरोमणि श्री 108 विद्यासागर महाराज के परम शिष्य मुनि पुंगवश्री 108 सुधा सागर महाराज और छुल्लक रत्न गंभीर सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश शनिवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर हमें हुआ। मुनि संघ नवनिर्मित जैन मंदिर सीसामऊ से शोभायात्रा के साथ यहां पहुंचे। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु कीर्तन करते हुए पधारे। श्री दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर में मुनिश्री का स्वागत किया गया। इसके बाद शाम को मुनिश्री ने श्रद्धालुओं को उपदेश दिया। इस मौके पर श्रद्धालुओं की जिज्ञासुओं का भी समाधान किया गया।



खिचड़ी भोज में किया सम्मानित। अमृत विचार

### माघी पूर्णिमा एवं रविदास जयंती पर हुआ खिचड़ी भोज

**कानपुर।** नमामि गंगे विभाग भाजपा, रोटरी क्लब, न्यू कानपुर आरोग्यधाम के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को माघी पूर्णिमा एवं संत रविदास जयंती पर सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन सरसैया घाट पर हुआ। गया प्रयाग नारायण शिवाला की ओर से श्रीनाथ भगवान की शोभायात्रा निकालकर व तुलसी माता की आरती उतारी गई। प्रदेश संयोजक श्रीकृष्ण दीक्षित बड़े जी ने कहा कि आज पवित्र दिन हम सब ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर खिचड़ी भोज का आनंद लिया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे लाना ही ईश्वर की सेवा है। डॉक्टर हेमंत मोहन ने कहा कि अन्न दान महादान है। हम सबको कोई ना कोई सेवा अवश्य करनी चाहिए। क्लब अध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने सभी जनता व अतिथियों का स्वागत किया। गरीबों की सेवा ही राष्ट्र की सेवा है। कार्यक्रम का संचालन संदीप मिश्रा ने किया। प्रमुख रूप से शिक्षक आरआर मोहन, डॉक्टर ज्ञान प्रकाश, अतुल गुप्ता, अनूप चौधरी, तापसी चक्रवर्ती, धर्मेंद्र पांडे, पंकज गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, श्वेता गुप्ता, अनूप भदौरिया, कृष्णा दुबे, विनायक दीक्षित, अनंत दीक्षित रहे।

# शब- ए- बरात आज, शहर में बदला रहेगा यातायात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** शब-ए-बरात रविवार को है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने पूर्वजों की कब्र को सजा दिया है। पुलिस ने भी यातायात डायवर्जन कर लिया। शहर की मस्जिदों में धार्मिक तकरीर आदि को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। रविवार शाम पांच बजे से शनिवार सुबह पांच बजे तक यह व्यवस्था लागू रहेगी।

- आरसी होटल की तरफ से आने वाले वाहन जिसे कर्नलगंज चौराहा की तरफ जाना है, ऐसे वाहन हर्ष नगर पेट्रोल पंप से दाहिने मुड़ कर ब्रह्म नगर चौराहा, रामबाग चौराहा होते हुए जाएंगे।
- ग्वालटोली तिराहा से बकरमंडी ढाल होकर आरसी होटल की तरफ जाने वाले वाहन कर्नलगंज बस अड्डा तिराहा से शनिदेव मंदिर के दाहिने मुड़ कर छः बंगलिया होते हुए जाएंगे।
- लाल इमली होकर बकरमंडी ढाल, आरसी होटल की तरफ जाने वाले वाहन चुन्नीगंज चौराहे से दाहिने मुड़ कर शनिदेव चौराहा होकर जा सकेंगे।
- यतीमखाना की तरफ से बकरमंडी ढाल, आरसी होटल की तरफ जाने वाले वाहन कायस्थाना चौराहा से दाहिने मुड़ कर लाल इमली चौराहा से होते हुए जाएंगे।

**अंडर-23 सीके नायडू** यूपी और सौराष्ट्र की टीमें रविवार को ग्रीनपार्क में भिड़ेंगी

# सेमीफाइनल के लिए होगी कांटे की टक्कर

खेल के मैदान से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंडर-23 कर्नल सीके नायडू प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए यूपी व सौराष्ट्र की टीमें रविवार को ग्रीनपार्क में भिड़ेंगी। क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए दोनों टीमों ने ग्रीनपार्क स्टेडियम में दो दिनों से कड़ा अभ्यास किया है।

यूपी और सौराष्ट्र टीम ने लीग मैचों में बेहतर प्रदर्शन कर नॉकआउट में जगह बनाई है। अगर देखे तो यूपी अपने ग्रुप में टॉप पर है और अपने घरेलू मैदान में खेलने के कारण मुकाबले में टीम का पलड़ा भारी है। पिच और ग्राउंड को देखें तो शुरुआत में बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिलेगा। ऐसे में टॉस की भूमिका इस मैच में अहम होगी। वहीं यूपी टीम इस बार खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। टीम के बल्लेबाजों का इसबार सत्र में अच्छा प्रदर्शन रहा है। इसी की बदौलत टीम ग्रुप-ए में 36 अंक लेकर पहले नंबर पर रही। समीर रिजवी, स्वस्तिक चिकारा सहित कई खिलाड़ी बीते साल ग्रीनपार्क में यूपी टी-20 लीग में अपनी छाप छोड़ी थी। टीम ने अभी बीते आखिरी मुकाबले में भी जम्मू-कश्मीर के खिलाफ एक पारी व 42 रनों से जीत हासिल की थी। सौराष्ट्र से भिड़ने के लिए भी यूपी टीम तीन दिन से अभ्यास कर रही है। शनिवार को दोनों टीमों ने मैदान पर जमकर पसीना बहाया। टीम के कोच मोहम्मद अमीर भी कानपुर के है, लिहाजा उन्होंने खिलाड़ियों को हर चुनौती का सामना करने के लिए प्रशिक्षित किया है। दूसरी तरफ सौराष्ट्र टीक के खिलाड़ी भी संघर्ष करते दिखे। लीग मैचों में सौराष्ट्र ग्रुप-सी में था, उसने सात मैच में चार जीता। तीन ड्रा खेलकर 31 अंक लेते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है। दोनों टीमों को इस सीजन में अभी हार का सामना नहीं हुआ है। ऐसे में ग्रीनपार्क का मुकाबला कांटे का है। दोनों टीमें पहली पारी में बढ़त लेकर सेमीफाइनल का टिकट लेने का प्रयास करेंगी।



ग्रीन पार्क में मैच की तैयारी। अमृत विचार

# डिफेंस कॉरिडोर पहुंचे मुख्यमंत्री के सिक्योरिटी चीफ

## उद्घाटन कल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** साढ़ में निर्माणाधीन डिफेंस कॉरिडोर की पहली यूनिट बनकर तैयार है, जिसका 26 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उद्घाटन करेंगे। उनके साथ सेनाध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर शनिवार को उनके सिक्योरिटी चीफ विनोद कुमार ने डिफेंस कॉरिडोर पहुंच कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कमिश्नर के साथ मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स समेत सूटिंग रेंज और स्टॉक गोदाम का भी निरीक्षण किया।

साढ़ में अडाणी ग्रुप की ओर से निर्माणीधीन डिफेंस कॉरिडोर की पहली यूनिट बनकर तैयार हो चुकी है। यहां दो यूनिटों का काम दिन-रात चल रहा है। डिफेंस कॉरिडोर की पहली यूनिट का उद्घाटन 26 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। उद्घाटन के साथ यहां हथियार और कारतूस का उत्पादन शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर शनिवार दोपहर सीएम के सिक्योरिटी चीफ विनोद कुमार और पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार डिफेंस कॉरिडोर पहुंचे।

उन्होंने डिफेंस कॉरिडोर में मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स के साथ सूटिंग रेंज और भंडारण कक्ष का निरीक्षण किया। सिक्योरिटी चीफ ने कमिश्नर अखिल कुमार ने सुरक्षा इंतजामों के बारे में जानकारी जुटाई और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान कड़े सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए। उनके साथ एसीपी घाटमपुर रंजीत कुमार सिंह भी मौजूद रहे।


पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। अमृत विचार


अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी डिफेंस कॉरिडोर पहुंचे। अमृत विचार

### सीएम के साथ सेनाध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे

डिफेंस कॉरिडोर के उद्घाटन समारोह में भारतीय सेना के सेनाध्यक्ष और थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पाण्डेय भी मौजूद रहेंगे। डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण दिसंबर 2022 में शुरू हुआ था। यहां कारतूसों की टेस्टिंग के लिए 300 मीटर और 30 मीटर की दो-दो शूटिंग रेंज बनकर तैयार हो चुके हैं। हथियार और कारतूसों के निर्माण के बाद भंडारण के लिए अलग-अलग स्टोरेज यूनिट भी बन गई हैं। यहां से देश भर में हथियार और कारतूस की सप्लाई होगी।

### अपर मुख्य सचिव ने भी देखीं तैयारियां

डिफेंस कॉरिडोर के उद्घाटन को लेकर शनिवार को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने भी दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के साथ डिफेंस कॉरिडोर में बनकर तैयार पहली यूनिट का निरीक्षण करने के साथ ही उद्घाटन स्थल की तैयारियां देखीं। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा इंतजामों के साथ अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश द्वार पर भी नजर दौड़ाई। उन्होंने डिफेंस कॉरिडोर के अधिकारियों से भी जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान नर्वल एसडीएम ऋषभ वर्मा भी मौजूद रहे।

# पुलिस आयुक्त से मिले व्यापारी, मांगी सुरक्षा

संवाददाता, बिल्हौर

- बिल्हौर में नया कोतवाली भवन कस्बे से बाहर बनाए जाने पर जताई असुरक्षा का संभावना

**अमृत विचार।** कस्बे से बाहर नए कोतवाली भवन का निर्माण होने को लेकर बिल्हौर व्यापार मंडल के सदस्यों ने शनिवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कस्बे से बाहर बन रही कोतवाली के बारे में चर्चा करते हुए कस्बे में ही रखने की अपील की। इसके साथ ही सराफा बाजार के व्यवसायियों की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की गई। व्यापार मंडल के विनीत कुमार गुप्ता के साथ पहुंचे व्यापारियों को पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सराफा बाजार की सुरक्षा के लिए अलग से पुलिस चौकी बनाई जाएगी, जिसमें 10 पुलिस कर्मियों का स्टाफ होगा। व्यापारियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी।


पुलिस कमिश्नर से मिलते व्यापारी।

# दुराचार के आरोपी ने पुलिस की गाड़ी से लगाई छलांग, पैर टूटा

## मेडिकल के लिए अस्पताल जाते समय पुलिस अभिरक्षा से भागने की कोशिश

संवाददाता, बिल्हौर

- पुलिस कर्मियों ने घेरकर दबोचा टूटे पैर का कराया गया इलाज

**अमृत विचार :** ककवन थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को पांच वर्षीय मासूम के साथ दुराचार करने वाले आरोपी सलमान ने शनिवार को पुलिस की अभिरक्षा से भागने की कोशिश की। मेडिकल के लिए ले जाते समय सीएचसी के गेट पर पहुंचते ही उसने पुलिस की गाड़ी से छलांग लगा दी, जिससे उसका पैर टूट गया। पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया और फिर पैर का इलाज कराया।

शुक्रवार को अपने घर के बाहर खेल रही पांच वर्षीय मासूम को आरोपी सलमान पुत्र तस्लीम ने बिस्किट और टॉफी खिलाने के बहाने अपने घर ले जाकर दुराचार किया था। मासूम के घर पहुंचने और अपनी मां को पूरी बात बताने के बाद दुराचार का खुलासा हुआ था। हालांकि मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाई और दबिश देकर आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर लिया था। इस वारदात के बाद गांव में तनाव गहरा गया।शनिवार को ककवन थाने की पुलिस आरोपी सलमान का चालान भेजने से पहले मेडिकल जांच के लिए उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रही थी। पुलिस के मुताबिक ककवन सीएचसी के गेट पर पुलिस की गाड़ी पहुंचते ही सलमान ने गाड़ी का दरवाजा खोला और छलांग लगाकर पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया। छलांग लगाने से वह खाईं में जा गिरा, जिससे उसके बाएं पैर की हड्डी टूट गई और वह भागने में नाकाम रहा। पुलिस कर्मियों ने उसे दबोच लिया।

थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने बताया कि आरोपी सलमान ने पुलिस की हिरासत से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस कर्मियों की सक्रियता से वह कामयाब नहीं हुआ। उसका इलाज कराने के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।


आरोपी सलमान। अमृत विचार

### मासूम की रात में ही हुई मेडिकल जांच

ककवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार की रात ही मासूम की मेडिकल जांच कराई गई। डॉ. दिव्यारानी ने मासूम का परीक्षण किया। एसीपी बिल्हौर अजय कुमार त्रिवेदी का कहना है कि पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को कड़ी सजा दिलाने के लिए हर संभव कार्रवाई कर रही है।

### गांव में अभी भी तनाव खत्म नहीं, पुलिस तैनात

घटना के बाद से गांव में तनाव अभी खत्म नहीं हुआ है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। गांव में अभी भी पुलिस तैनात है। मामला दो संप्रदायों से जुड़ा होने के कारण पुलिस गंभीरता बरत रही है। अधिकारी पल-पल की अपडेट ले रहे हैं।

# धोखाधड़ी करने में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा

**रेवना।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला की तहरीर पर धोखाधड़ी करने वाले युवक समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एफआईआर दर्ज करने के साथ ही पुलिस ने पूरे मामले की गहराई से छानबीन शुरू कर दी है।

रेवना पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने आरोप लगाया है कि टिकटॉक के जरिए उसे झांसे में लेकर उसके साथ धोखाधड़ी की गई है। उसने जब हकीकत समझी तब उसे धोखाधड़ी का पता चल सका। महिला की तहरीर पर पुलिस ने संदीप सिंह, जयदीप सिंह, कुलदीप सिंह चिंटू, अमरदीप गुलशन, संगीता, करिश्मा, कविता, सरोज के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर पंजीकृत की है। थाना प्रभारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपियों के साथ चार अज्ञात लोगों के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अंडरपास के लिए बेमियादी धरना

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने नेशनल हाईवे पर अंडरपास व कट की मांग को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने एक बार फिर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। एसडीएम व एसीपी ने मौके पर पहुंचकर समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने समस्या का समाधान होने के बाद ही धरना खत्म करने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

मरियानी गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 91 पर अंडरपास व कट की मांग हाईवे निर्माण के शुरुआती दिनों से ही हो रही है। विभागीय और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यदायी संस्था के लोगों को ग्रामीणों ने बताया था कि गांव की 80 फीसदी उपजाऊ भूमि हाईवे के दूसरी ओर दक्षिण दिशा में है। गांव का पूर्व माध्यमिक विद्यालय व अस्पताल भी दूसरी ओर है। ऐसे में किसानों को जहां खेत जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, वहीं स्कूल के बच्चों व अस्पताल जाने वाले मरीजों को दो किमी का चक्कर काटना पड़ेगा।


मरियानी गांव के सामने बेमियादी धरने पर बैठे ग्रामीण। अमृत विचार

- मरियानी के लोगों ने बिल्हौर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन देते लोग।

हाईवे का निर्माण अंतिम चरण में होने के बावजूद कोई समाधान न होने से आक्रोशित लोगों ने बुधवार को प्रदर्शन कर विरोध जताया था, लेकिन अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंगी। ग्रामीणों ने शनिवार को गांव के सामने हाईवे की सर्विस लेने के किनारे तख्त, बेंच व कुर्सियां आदि लगाकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

दोपहर में एसडीएम रश्मि लाम्बा, एसीपी अरुण त्रिवेदी और कार्यदाई संस्था के अधिकारी मनोज शर्मा मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने अपनी समस्या दोहराई। ग्रामीणों ने कहा कि अंडरपास अथवा कट न दिए जाने से क्षेत्र के नोनहा नरसिंह, जवासी बगिया, निवादा, काशीनाथ पुरवा आदि गांव के लोगों को आवागमन में दिक्कतें होंगी। एसडीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से बात करने और तकनीकी टीम को मौके पर बुलाकर कोई न कोई रास्ता निकालने की बात कही, इसके बावजूद ग्रामीण धरना खत्म करने को राजी नहीं हुए। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और कहा कि समस्या का समाधान होने के बाद ही धरना खत्म होगा। एसडीएम रश्मि लाम्बा ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से बात कर समस्या का हल निकालने का प्रयास होगा।

## आस्था की डुबकी...


माघी पूर्णिमा पर शनिवार को शिवराजपुर क्षेत्र के खेरेश्वर गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। भोर पहर से गंगा तट पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। भक्तों ने गंगा स्नान करके शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना की और शिवलिंग पर जल, दूध, चंदन, अक्षत, बेलपत्र, धतूरा, फल, मिष्ठान आदि अर्पित कर मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना की। क्षेत्र के खेरेश्वर, दूधेश्वर, भूतेश्वर आदि मंदिरों में भीड़ रही। खेरेश्वर मंदिर परिसर में मेला भी लगा था, जहां महिला एवं पुरुषों ने जरूरत का सामान खरीदा। भीड़ को देखते हुए गंगा घाट और मंदिरों में पुलिस बल मुस्तैद रहा। • अमृत विचार

# योजनाओं का लाभ उठाएं श्रमिक

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार :** भाजपा श्रम प्रकोष्ठ कानपुर ग्रामीण इकाई की ओर से शनिवार को कस्बे में श्रमिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश संयोजक भूपेश अवस्थी और विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संयोजक अनिल त्रिपाठी का लोगों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। सम्मेलन में श्रमिकों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया गया।

सम्मेलन में प्रदेश संयोजक भूपेश अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं, जिनका उन्हें सीधा लाभ दिया जा रहा है। मजदूर, श्रमिक श्रम विभाग में अपना रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं का लाभ उठाएं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय रोजगार योजना के अंतर्गत श्रमिकों को 100 दिन का काम देने के साथ कई सुविधाओं से जोड़ा गया है। उन्होंने लोगों से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। सम्मेलन की अध्यक्षता सत्येंद्र द्विवेदी ने की और संचालन जिला सह संयोजक संदीप सचान ने किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के भाजपा सभासदों के साथ युवा मोर्चा के जिला मंत्री अंकुर दीक्षित, श्यामू दीक्षित, गोपी पांडेय, लालाजी आदि मौजूद रहे।



श्रमिकसम्मेलन में पहुंचे प्रदेश संयोजक भूपेश अवस्थी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### घाटमपुर में मनाई गई संत शिरोमणि रविदास जयंती

**घाटमपुर :** संत रविदास देव स्थान में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में संत रविदास देव स्थान समिति के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य राजनारायन कुरील और घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सभी लोग संत शिरोमणि रविदास जी के पद चिह्नों पर चलकर उनके भावों का अनुशरण करें। पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी, पूर्व सांसद एवं अकबरपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी राजाराम पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष ग्रामीण दिनेश कुशवाहा, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय सचान, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप पाल, सभासद नीरज कुरील, सपा नगर अध्यक्ष राजू वर्मा, रणविजय सिंह चंदेल, सौरभ द्विवेदी, हंसराज कुरील, रामसागर पाल, रघुवीर कुशवाहा, ओमबाबू गुप्ता, अवनीश साहू, प्रधान सुमित यादव, अंकित सचान, रामभजन पाल आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ों लोगों ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया और अपने-अपने विचार रखे। सन्त रविदास जयंती पर भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के लोगों ने पहुंचकर संत रविदास के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला और उनका अनुसरण करने पर जोर दिया।


रविदास जयंती में भाग लेते जनप्रतिनिधि। अमृत विचार


विज्ञान प्रतियोगिता में मॉडल प्रदर्शित करते बच्चे। अमृत विचार

### खेल और विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**चौबेपुर।** कस्बा स्थित वीवीआईपी स्कूल में शनिवार को स्पोर्ट फीस्टा एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्पोर्ट फीस्टा व विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ उन्हें तकनीकी रूप से भी बेहतर बनाना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी जरूरी है। खेलों मे रुचि रखने से बच्चों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। इस दौरान बच्चों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान के मॉडल देख सराहना की। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम बाजपेई, उप्र राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय शुक्ला, सचिव आदित्य बाजपेई ने भी बच्चों को प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर निदेशक राजेश बाजपेई, प्रधानाचार्य अंकित बाजपेई, डीन कैफी आजमी, संजय, अमरीश, सोनाली, रजनी, नेहा और आलोक आदि मौजूद रहे।

**गूंजी शहनाई** — मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ आयोजन, खुशनुमा माहौल में पड़ीं भांवरें, परिवारों में खुशी की लहर

# ढोल-तांसों के साथ निकली बारात, 80 जोड़े बने हमसफर

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार :** बिल्हौर विकास खंड कार्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 80 जोड़ों ने सात फेरे लेकर अपना जीवनसाथी चुन लिया। ढोल के साथ बारात निकली। फिर खुशनुमा माहौल में भांवरें पड़ीं। इस दौरान जोड़ों के परिवारों में एक अलग ही खुशी की झलक देखने को मिली।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बिल्हौर और ककवन ब्लाक के 40-40 जोड़ों की शादी कराई गई। सामूहिक विवाह के लिए ब्लाक परिसर में भव्य पांडाल सजाया गया था और फेरों के लिए अलग-अलग बेदियां बनाई गई थीं। सामूहिक विवाह में शादी के पोशाक में सजे दूल्हों की ढोल-तांसों की गूंज के बीच बारात निकली, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और जिले के अधिकारी भी शामिल हुए। जीटी रोड तक बारात की आगवानी के बाद विवाह स्थल पर पहुंची।

बारात की आगवानी के बाद जयमाल और फिर सामूहिक रूप से जोड़ों की भांवरें पड़ीं। एक-दूजे को हमसफर चुने जाने के बाद जहां सभी परिवारों में खुशी की लहर थी, वहीं खंड विकास अधिकारी शिवनरेश राजपूत व दिनेश कुमार वर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव, सिपाही लाल कठेरिया, एडीओ समाज कल्याण शिवेंद्र प्रताप के साथ क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया और योजना के अंतर्गत सभी जोड़ों को उपहार स्वरूप सामग्री उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनरेगा उपायुक्त रमेश चंद्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, अधिवक्ता शुशांक मिश्रा, कमल मिश्रा समेत क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।



बिल्हौर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान जयमाल के बाद बैठे जोड़े। अमृत विचार


सभी जोड़ों को उपहार स्वरूप गृहस्थी का सामान भेंट किया गया। अमृत विचार

### ढोल के साथ लगाए ठुमके

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आए वर पक्ष के नाते-रिश्तेदारों ने कार्यक्रम का भरपूर लुफ्त उठाया। उत्साही बारातियों ने डीजे की धुन पर खूब ठुमके लगाए। एक तरफ भांवरे और दूसरी तरफ डांस का धमाल चलता रहा।


ढोल के साथ निकली बारात।

# अंतर्जनपदीय लुटेरों ने सर्राफ से की थी लूटपाट

## 14 फरवरी को हुई थी 22 लाख की लूट, एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद से मौरावां पुलिस ने दबोचे लुटेरे

**खुलासा**

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत बीती 14 फरवरी को सर्राफ से हुई 22 लाख की लूट को अंजाम देने वाले छह बदमाशों को पुलिस ने दबोचा है। एसओजी और आईजी की सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस टीम ने बदमाशों के साथ लूट का माल खरीदने वाले दो लोगों को भी पकड़ा है। इनके पास से पुलिस ने ढाई लाख की नकदी समेत 18 लाख के सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद किये हैं। उन्हें जेल भेजा गया है।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने पुलिस लाइन में शनिवार को लूट की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि मौरावां थानांतर्गत असगरगंज चौराहा स्थित कंचन ज्वेलर्स के मालिक अमित सोनी उर्फ विक्की अपनी दुकान बंद कर शाम करीब आठ बजे बाइक से अपने घर मोहद्दीनपुर लौट रहा था। तभी रास्ते में स्कूटी सवार दो



पुलिस गिरफ्त में पकड़े गये लुटेरे। अमृत विचार



घटना की जानकारी देते एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना। अमृत विचार

- लूटकांड में शामिल 6 लुटेरों और 2 खरीददारों को पुलिस ने भेजा जेल

बदमाशों ने उसकी बाइक में स्कूटी भिड़ा दी थी। तभी एक कार से पीछे से उसके चार साथी आए और सर्राफ को तमंचा लगाकर बैग छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर सर्राफ के सिर पर किसी वजनदार वस्तु से प्रहार किया। जिस पर वह अचेत होकर गिर गया और बदमाश बैग लूटकर भाग निकले थे। सर्राफ के भाई अंकित ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आईजी तरुण गाबा के निर्देश पर खुलासे के लिए मौरावां, दही व सदर कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी और अपनी सर्विलांस टीम को खुलासे के लिए लगाया था। सीसीटीवी फुटेज की जांच और संयुक्त टीमों ने पड़ोसी जिला तक दबिश देकर घटना में शामिल छह लुटेरों को पकड़ा और लूट का माल बरामद किया। एसपी के मुताबिक पकड़े गए अमित उर्फ राज उर्फ प्रिन्स उर्फ राजा पुत्र राजेश मिश्रा, आशीष उर्फ गुड्डू पुत्र बिन्दादीन नाई निवासी गांव रामपुर मिल्किन मजरा लोदीपुर थाना खीरों रायबरेली, संजय उर्फ संजू पासवान पुत्र शिवकुमार निवासी गुजैनी रविदासपुरम मायापुरम कच्ची बस्ती गुजैनी कानपुर, सागर सिंह नोनिया पुत्र रामशंकर गांव पतरसा थाना पनकी कानपुर नगर मूल निवासी महराज नगर थाना चौबेपुर कानपुर, गौरव पुत्र विजय शर्मा निवासी भिवानी (हरियाणा), अमित वाल्मीकि निवासी बर्रा-8 राम गोपाल चौराहा थाना बर्रा कानपुर नगर को गिरफ्तार किया। इनके पास से लूट के 13 लाख के सोने और 5 लाख के चांदी के जेवरात के अलावा ढाई लाख की नगदी समेत लूट में प्रयुक्त कार व पांच मोबाइल फोन बरामद किये। इसके अलावा पुलिस ने राजू सोनी और उसके भाई गोपाल सोनी को लूट का माल खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लुटेरों ने वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। खुलासे के दौरान एएसपी अखिलेश सिंह सहित घटना में खुलासे में लगाई गई पुलिस टीमें मौजूद रही। जिन्हें एसपी ने 25 हजार रुपये से पुरस्कृत करने की भी घोषणा की।

# तमंचे के साथ युवक का वीडियो हुआ वायरल

**नवाबगंज उन्नाव।** तमंचे के साथ एक युवक का वीडियो शोसल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक का तमंचे के साथ वीडियो शोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। जिसमें युवक हाथ में तमंचा लेकर वीडियो बना रहा है। किसी ने तमंचे के साथ उसका वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का बताया जा रहा है। हालांकि ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जांच शुरू की है। अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



तमंचे के साथ युवक।

## सार-संक्षेप

### थाने से आये बुलावे पर युवक ने लगाई फांसी

**उन्नाव।** दही थानांतर्गत पत्नी की शिकायत पर थाने से आए बुलावे के बाद पति कमरे में मफलर का फंदा बनाकर लटक गया। जानकारी पर दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि परिजनों ने तहरीर में उसे मानसिक परेशान बताया है। दही थानाक्षेत्र के सराय कटियान गांव निवासी परशुराम पासवान (35) पुत्र स्व. कैलाश बीती शाम सात बजे कमरा बंद कर मफलर का फंदा बनाकर छत के कुंडे से लटक गया। भाई अरविंद उसे खाना खाने के लिए बुलाने पहुंचा तो दरवाजा बंद देख भाई को आवाज दी। कोई उत्तर न मिलने पर दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे परिजन उसे लटका देख फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी तीन साल पहले बीघापुर के ओसियां गांव निवासी सीमा से शादी हुई थी। बीते बुधवार भी उसने पत्नी को पीटा था। प्रताड़ना से ऊबकर पत्नी ने दही थाने में इसकी शिकायत की और मायके चली गई थी। पुलिस ने परशुराम को कई बार थाने आकर अपना पक्ष रखने का संदेश भिजवाया लेकिन, वह नहीं गया। पुलिस की दबिश के डर के चलते उसने आत्महत्या कर ली। छोटे भाई अरविंद ने बताया कि परशुराम की यह तीसरी शादी थी। इसके पहले भी दो शादियां हुई थीं। दोनों पत्नियों ने उसे छोड़ दिया था।



परशुराम।

### दो मवेशी तस्कर पकड़े गये

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत गांव ततियापुर में यूकेलिप्टस के बागों व जंगलों में बीते करीब एक वर्ष से पशुओं के अवशेष व कंकाल मिल रहे थे। साथ ही पशुपालकों के पशु व गोशाला के मवेशी भी रहस्यमय ढंग से गायब हो रहे थे। इसीलिए गोशाला का केयर टेकर व पशुपालक रातों में जागकर निगरानी कर रहे थे। बीती शुक्रवार देररात बाइक सवार चार लोग गोशाला के पास पहुंचे और गायों की चोरी का प्रयास करने लगे। तभी पशुपालकों के शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़े और एक गो-तस्कर को गोशाला के पास से और एक को भागने के दौरान पकड़ लिया। जबकि दो तस्कर बाइक से रात के अंधेरे में भाग निकले। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी राजकुमार व नगर चौकी प्रभारी राजेश मिश्रा ने पशुपालकों के चंगुल से दोनों गो-तस्करों को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। पुलिस ने गौशाला केयर टेकर श्याम मोहन पुत्र हेमंचल की तहरीर के आधार पर गो-तस्कर मो. सलाम पुत्र मो. गुलाम निवासी गोंडा टोला बांगरमऊ व सलमान पुत्र मुसर्रत निवासी गांव रघुरामपुर बांगरमऊ कोतवाली के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा है। जबकि पुलिस मौके से भागे अजमेरी और हसीन की तलाश करने में जुटी है।

# पशु क्रूरता अधिनियम में तीन बंजारे गए जेल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत बंजारों के डेरे में पशु तस्करी की आशंका में पहुंचे युवकों से हुई मारपीट के बाद शनिवार को पुलिस ने हिरासत में लिए गए तीनों बंजारों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद सभी को जेल भेज दिया। बरामद मवेशियों को डेरे की महिलाओं को सौंप दिया।

बंजारों की टोली गुरुवार शाम मवेशियों के साथ अचलगंज के बेहटा नथई गांव के पास रुकी थी। देररात तीन बाइकों में आठ युवक डेरे में पहुंचे थे और मवेशी चोर समझ उनसे रुपयों की मांग की थी। युवकों को डेरे में घुसा देख औरतों ने शोर मचा दिया। इस पर ग्रामीणों ने युवकों को घेरकर पीटा था। सूचना पर रात में ही पहुंची पुलिस तीन बंजारों और युवकों को थाने लाई थी। शनिवार को राजस्थान प्रांत के डबलाना थाना के बड़गांव रानीपुर माताजी का झोपड़ा निवासी हरी सिंह, कैलाश व केशया पर पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की और जेल भेजा। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि 120 गौवंशीय 10-10 के झुंड में मवेशी एक रस्सी में बंधे थे।

सभी मवेशियों यह लोग डंडे से पीट रहे थे। बताया कि सभी मवेशियों को मुक्त कराकर उनके चारे व्यवस्था कराई गई है। मवेशियों को डेरे की महिलाओं के सुपर्द कर दिया गया।

# तेज गति से बाइक चलाने पर कोतवाल ने दी हिदायत

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली पुलिस द्वारा जनसार मार्ग पर बिना हेलमेट लगाये और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले युवाओं की जांच कर हिदायत दी गई।

अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने कुसुंभी मार्ग पर जैसे ही वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया तो क्षेत्र के युवा बाइकें लेकर गलियों में भागने लगे। तेज रफ्तार वाहन चला रहे युवाओं को रोका और हिदायत दी कि बिना हेलमेट के बाइक न चलाएं। साथ ही गाड़ी के कागजात लेकर चलें। निर्देश दिये कि यह बात जन-जन में फैलाएं कि वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। साथ ही धीमी गति से वाहन चलाएं।

# योजनाओं के बारे में दी जानकारी

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के गांधी मैदान में नगर पंचायत द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक श्रीकांत कटियार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक ने आयुष्मान, आवास, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला सहित सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना व आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी बांटे। इसमें जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व बैंक आफ इंडिया द्वारा शिविर लगाकर जानकारी दी गई। प्रचार वाहन द्वारा भी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रूबी, ईओ अरविंद सिंह, चेयरमैन पति हाजी सलीम कुरैशी, भाजपा नेता गिरीश वर्मा, अजय तिवारी, अखिलेश सिंह, कल्लू मियां, लाखन यादव व धर्मेंद्र सहित सभी सभासद व नगर पंचायत कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन फजलुर्रहमान ने किया।



लाभार्थी को प्रमाणपत्र देते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

- पीएम शहरी आवास योजना व आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को बांटे गये प्रमाणपत्र

# एसीएमओ ने सीएचसी में गंदगी देख जताई नाराजगी

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने की प्रगति रिपोर्ट भी चेक की

**अमृत विचार।** सीएचसी नवाबगंज का एसीएमओ हरि नंदन प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। वार्ड में साफ-सफाई की स्थित सही न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने की प्रगति रिपोर्ट भी चेक की।

शनिवार को नवाबगंज सीएचसी निरीक्षण करने पहुंचे एसीएमओ ने सबसे पहले हाजिरी रजिस्टर चेक किया। इसके बाद उन्होंने दवा वितरण के संबंध में जानकारी ली। वार्ड पहुंचने पर वहां फैली गंदगी देख उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि सीएचसी हाईवे से सटी है। यहां की सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद होनी चाहिए। लेकिन सफाई व्यवस्था संतोष जनक नहीं है। सीएचसी अधीक्षक को इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने की हिदायत भी दी। अस्पताल से दवा वितरण के बाद भी मरीजों को बाहर की दवा लिखे जाने की भी शिकायत पर उन्होने प्रभारी चिकित्साधीक्षक डा. अस्थाना को व्यवस्थाएं जल्द दुरुस्त करने को कहा। जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। एसीएमओ ने फाइलेरिया रोधी दवा खिलाए जाने की जांच की।

# समस्याओं का करायें निस्तारण : सिंह

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान एवं पंचायत लखनऊ मंडल द्वारा विकासखंड सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में महिला प्रधानों को नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल व लैंगिक समानता विषयक के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया।

समापन पर पहुंचे रवि प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि सभी महिला प्रधानों को ग्रामीणों से गांव की समस्याओं की जानकारी लेनी चाहिए और उनका संबंधित अफसरों से मिलकर निस्तारण कराना चाहिए। उन्होंने महिला प्रधानों को गांव की समस्याओं से अवगत कराने पर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।



महिला ग्राम प्रधानों को जानकारी देते मुख्य अतिथि व अफसर। अमृत विचार

एडीओ मोनिका सिंह ने कहा कि आज के समय में बेटा-बेटी में फर्क न करें और कन्याभ्रूण हत्या, दहेज़ प्रथा आदि के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का संकल्प लें। प्रशिक्षक जनक सिंह, अमिता यादव, दीपक कुमार ने प्रधानों को ग्राम्य विकास योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने के लिए बेहतर तरीके से कार्य योजना बनाने के गुर सिखाए। वहीं लैंगिक समानता के प्रति जागरूक किया। ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी व निगरानी के बारे में बताते हुये पोषण आहार की महत्ता के बारे में बताया। इस दौरान एडीओ मनोज कुमार, निर्भय जायसवाल मंडल समन्वयक पंचायती राज विभाग, महिला प्रधान सुनीता रावत, प्रतिभा यादव, सन्नो देवी, सुमन आदि समेत राघवेंद्र सिंह, शिवम सिंह, विजय कुमार रहे।

# पुलिस व लेखपालों ने कराई निशानदेही

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- परिवार के लोगों को निशानदेही न मिटाने की दी गई हिदायत

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव रहमतगंज में किसान के खेत की मेड़ जबरन काटकर कब्जा करने के मामले में लेखपाल ने पुलिस की मौजूदगी में निशानदेही करवाने के साथ फसल कटने पर मेड़ बंधवाने के लिये कहा। साथ ही फसल कटने पर दोबारा कब्जा दिलाने की बात भी कही।

कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि रहमतगंज के अशोक गुप्ता की रहमतगंज में जमीन है। जिसमें की हदबरारी सन-2018 में एसडीएम के आदेश पर कब्जा दिया गया था। लेकिन, गांव के शमशाद अली, जव्वाद अली, मैकूलाल, रामेश्वर, रामजीवन आदि ने जबरन दोबारा खेत पर कब्जा कर लिया था। रिपोर्ट दर्ज होने पर भी आरोपियों ने कब्जा छोड़ने के बजाय वहां फसल बो दी। जिस पर तहसील से लेखपाल उमाशंकर व धीरेंद्र शुक्ला की टीम मौके पर गई। जिन्होंने मौके पर नापकर निशानदेही की। मौके पर दूसरे पक्ष से कोई नहीं आया। लेकिन, उनके परिवार की औरतें वहां आ गईं। निशानदेही करने के बाद औरतों को हिदायत दी गई कि कोई भी इस निशानदेही को न मिटाए। फसल कटने पर कब्जा किया जायेगा।

# तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बने अरविंद

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** दिल्ली मुख्यालय में आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नगर निवासी एक उच्च अधिकारी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। निर्वाचन की घोषणा होते ही नगर व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

नगर के मोहल्ला टेढ़ा शिवाला निवासी पूर्व शिक्षक स्व. कन्हैयालाल त्रिवेदी के बड़े बेटे अरविंद त्रिवेदी आईआरएस अधिकारी हैं। वे वर्तमान में दिल्ली मुख्यालय में संयुक्त आयकर आयुक्त के पद पर तैनात हैं। इसके पूर्व वे कानपुर सहित देश के कई शहरों में तैनात रह चुके हैं। उनके छोटे भाई संजीव त्रिवेदी वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। जबकि दूसरे छोटे भाई अजय त्रिवेदी युवा कल्याण विभाग में गोरखपुर, देवीपाटन व बस्ती तीनों मंडलों में उपनिदेशक पद पर तैनात हैं। दिल्ली के संयुक्त आयकर आयुक्त इसके पूर्व दो बार आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद रह चुके हैं। बीते शुक्रवार आयकर मुख्यालय लखनऊ में आयोजित संघ के चुनाव में वे तीसरी बार निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। उनके इस पद पर चुने जाते ही नगर व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस पर धीरेंद्र शुक्ल, सतीश बाजपेई, विपिन द्विवेदी, विपिन तिवारी, रामसेवक यादव, विक्रम निषाद, मनीष मिश्रा, विमल चन्द्र शुक्ल आदि रहे।



अरविंद त्रिवेदी को माला पहनाकर सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

**लापरवाही** शनिवार को कासगंज में हुये भीषण हादसे से नहीं लिया जा रहा सबक, देख कर भी आंखें बंद किये हुए हैं जिम्मेदार

# माल वाहनों से ढोई जा रही सवारियां, मौत से हो रहा समझौता

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** कहते हैं कि सरकारी नियम अधिकारियों-कर्मचारियों के लिये सिर्फ कोरम से अधिक नहीं होते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण जिले में हर रोड, गली व नुक्कड़ों में आसानी से देखने को मिल जाता है। यहां के लगभग हर मंदिर, पर्यटन स्थल, गंगातट या शादी ब्याह में बेरोकटोक माल वाहनों का इस्तेमाल सवारियां ढोने में किया जा रहा है। जिससे लगातार हादसे होने और इसमें लोगों की जान जोखिम में जाने का खतरा बना रहता है। पुलिस और जिम्मेदार विभागों के अफसर भी इस ओर गंभीर नहीं हैं। जैसे सभी को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

जिले में मांगलिक कार्यक्रमों में मंदिर जाने व प्रमुख गंगा स्नानों और अंतिम संस्कार में गंगाघाट जाने के लिए गावों के लोग ज्यादातर ट्रैक्टर-ट्राली का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में हर समय किसी न किसी हादसे का अंदेशा भी बना रहता है।




सफीपुर में सवारियां बैठाकर जाती ट्रैक्टर-ट्राली। अमृत विचार

शनिवार सुबह कासगंज जिले में हुए दर्दनाक हादसे में जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान गवां दी। वहीं करीब एक साल पूर्व कानपुर में हुए भीषण हादसे के बाद योगी सरकार ने कड़ा फैसला लेते हुए सवारी वाहनों में सवारियां बैठाने पर प्रतिबंध लगाया था। एक ओर लोग जहां इन हादसों से सबक नहीं ले रहे हैं वहीं दूसरी ओर पुलिस और जिम्मेदार विभागों के अफसरों के भी कान में जूं नहीं रेंग रही है। जिले में अभी भी ट्रैक्टर-ट्राली खुलेआम सवारियां बैठाकर फर्राटा भरते दिख जाएंगी वहीं अन्य भार वाहनों का भी सवारियां बैठाने में इस्तेमाल किया जा रहा है।

**शासन से हुआ था 10 हजार तक जुर्माना और सजा तक का प्रावधान :** ट्रैक्टर-ट्राली से हुए हादसे के बाद शासन ने भार वाहनों में सवारिया बैठाने पर 10 हजार का जुर्माना व सजा तक का प्रावधान किया था। लेकिन, समय बीतते ही नियम दरकिनार कर दिये गए और खुलेआम ट्रैक्टर-ट्राली में सवारियां बैठाई जा रही हैं।

- जिले में सवारियां ले जाने में जमकर हो रहा माल वाहनों का इस्तेमाल
- पुलिस व जिम्मेदार विभागों के अधिकारी भी इस ओर से बने हुए हैं अंजान

### सवारियों के लालच में होता है माल वाहनों का इस्तेमाल

ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले शादी ब्याह में जाने को बारातियों के लिए, मंदिरों में दर्शन के लिए बच्चें व औरतें, तथा गंगा स्नान व अंतिम संस्कार के लिए माल वाहनों का जमकर उपयोग होता है। इसमें प्रमुख रूप से लोडर, ट्रैक्टर, मेटाडोर या ट्रक तक को सवारियशं ढोने के काम में लाया जाता है।

### बोले आमजन

ट्रैक्टर-ट्राली मालिक हरपाल सिंह ने कहा कि ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग सिर्फ खेती करने व माल ढोने में ही होना चाहिए। ट्रालियों में सवारियां बैठाकर उनके जान के साथ खिलवाड़ किया जाता है। इस नियम का सख्ती से पालन करवाने के साथ लोगों को जागरूक भी किया जाना चाहिए।

समाजसेवी अवधेश सिंह फौजी ने कहा कि कासगंज जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए पुलिस को सतर्कता दिखाते हुए चेकिंग अभियान चलाना चाहिए। मंदिरों या अन्य कार्यों में भार वाहन अगर सवरियां ढ़ोतें मिले तो उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### बोले जिम्मेदार

प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। बीट आरक्षियों को निर्देश दिये हैं कि इस पर नजर रखी जाए। अगर कोई ट्रैक्टर-ट्राली चालक या अन्य माल वाहक वाहन सवारियां ढोता मिलता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चोरों ने शिव मंदिर से तांबे के शिव व शेषनाग किये चोरी

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला कस्बा टोला स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार रात घुसे चोरों ने शिवलिंग पर लगी शिव व शेषनाग की तांबे की प्रतिमा पार कर दी। चोरों ने मंदिर के घंटे भी खोलने का प्रयास किया।

कस्बा टोला में अवधेश अवस्थी के मकान के बगल में शिव मंदिर है। मंदिर में मोहल्ले के सैकड़ों श्रद्धालु पूजन-अर्चन करते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में शिवलिंग पर तांबे के शिव और शेषनाग की प्रतिमाएं स्थापित कराई गई थीं। बीती शुक्रवार रात चोर मंदिर में घुसे और तांबा से निर्मित शिव व शेषनाग की प्रतिमाएं चोरी कर ले गए। चोरों ने मंदिर में बंधे पीतल के घंटों को भी खोलने का प्रयास किया। शनिवार सुबह पूजन के लिए मंदिर पहुंचने पर भक्तों को घटना की जानकारी हो सकी। मोहल्ले के कृष्ण कुमार गुप्ता सभासद, प्रेम कुमार, अरविंद कुमार, गुड्डन, रज्जू, रमाशंकर गुप्ता, शोभित कुमार, रमेश चंद्र द्विवेदी, शंकर कुशवाहा व धर्मवीर आदि ने पुलिस को तहरीर देकर जल्द खुलासा किए जाने की मांग की है। विधायक श्रीकांत कटियार ने भी प्रभारी निरीक्षक से चोरों की जल्द गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया है।



मंदिर में विराजमान शिवलिंग।


गंगा तट स्नान के लिये मौजूद श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार


गंगाजल लेकर लोधेश्वर महादेव जाते कांवरिया। अमृत विचार

# माघ पूर्णिमा पर हर हर गंगे के उद्घोष से गूंजे गंगा तट

❍ श्रद्धालुओं ने तटों और घरों पर सत्यनारायण की कथा सुनी ❍ दान-दक्षिणा देकर श्रद्धालुओं ने कमाया पुण्य

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


ट्रेन पर बैठने के लिये धक्का-मुक्की करते स्नानार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माघ पूर्णिमा के दौरान शनिवार को गंगा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने पतित पावनी मां गंगा में डुबकी लगा कर तटों पर भगवान सत्यनारायण की कथा सुनी। वहीं घरों और मंदिरों में भी भगवान विष्णु की पूजा व कथा का श्रवण किया गया। सुबह से लेकर दोपहर बाद तक गंगा तटों पर हर हर गंगे के उद्घोष से गुजते रहे। माघ मास के आखिरी पूर्णिमा स्नान के दौरान नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में नगर के पुराना यातायात पुल, बालूघाट, मिश्रा कॉलोनी घाट, गंगा विशुन घाट और जाजमऊ उमड़ घाट में स्नानर्थियों की भारी भीड़ उमड़। कुछ श्रद्धालु एक दिन पहले से ही गंगाघाट क्षेत्र आ गये और रात को ही स्नान करने के लिये घाटों पर आ गये थे लेकिन तड़के पांच बजे से ही घाटों पर स्नान का क्रम शुरू हो गया जो दोपहर तक चलता रहा। माघ पूर्णिमा के अवसर पर गंगा तटों पर श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व होता है। इसलिये घरों में भी प्रभु सत्यनारायण की कथा सुनी गई। गंगा के तटों पर भी कथा सुनने वालों की भीड़ लगी रही। माघ पूर्णिमा कि मान्यता है कि इस दिन दान-पुण्य करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिल जाती है। माघ पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु और हनुमान जी की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु की कथा सुनने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**परियर संवाददाता** के अनुसार, माघ पूर्णिमा पर शनिवार को स्थानीय गंगातट पर श्रद्धालुओं ने ब्रह्ममुहूर्त से स्नान करना शुरू कर दिया था। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर हवन व पूजन-अर्चन कर पुरोहितों से सत्य नरायण भगवान की कथा सुनी और दान दक्षिणा दी। श्रद्धालुओं के जत्थे गंगा किनारे, जानकी कुण्ड आश्रम, बलखण्डेश्वर मन्दिर परिसर में शुक्रवार शाम से ही पहुंचना शुरू हो गए थे।

रात में श्रद्धालुओं ने कीर्तन भजन के बाद सुबह गंगास्नान व पूजन-अर्चन किया और परिवार की मंगल कामनाएं की। रास्ते में पड़ने वाले बाबा बलखण्डेश्वर मंदिर, जानकी कुण्ड, भीमेश्वर, जंगलेश्वर आदि मंदिरों में जलाभिषेक किया। इस दौरान गंगातट पर श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। माघ पूर्णिमा से ही 170 किमी दूर बाराबंकी जिला स्थित बाबा लोधेश्वर महादेव में श्रद्धालु यहां से गंगाजल भरकर पैदल जलाभिषेक करने जाते हैं। यह मेला शिवरात्रि तक चलता है।

इस कांवर मेले की शुरुआत शनिवार से हो गई। कांवरियों ने बम भोले के उद्घोष के साथ गंगाजल भरकर शनिवार से पैदल चलना शुरू कर दिया।

### स्टेशन पर रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने को बालामऊ, लखनऊ, जैतीपुर, उन्नाव, सोनिक, अचलगंज, रायबरेली, लखनऊ व कानपुर समेत तमाम दूर दराज से आने वाले स्नानार्थियों ने अमावस्या पर गंगा स्नान में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे। जहां वापस जाने के लिये घंटों रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते रहे।

### मां गंगा की हुई महाआरती

माघ पूर्णिमा को देखते हुये शनिवार शाम नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से मां गंगा की महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें घंटा और घड़ियालों की गूंज से पूरा गंगा तट गूंजमय हो गया। आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर शिल्पी राकेश दीक्षित, राजू पंडा, शिवराम राजपूत के अलावा तमाम गंगा भक्त मौजूद रहे।

### स्नान के बाद की खरीदारी

गंगा तट पर स्नान करने के बाद पुराने यातायात पुल के नीचे लगी दुकानों से खूब खरीददारी हुई। वहीं महिलाओं ने भी सौंदर्य प्रसाधन का सामान खरीदा। वहीं बच्चों ने भी खेल खिलौने खरीदे। इसके साथ ही बच्चों ने चाट-चाउमीन का भी लुत्फ उठाया।

# रविदास जयंती पर जगह जगह हुये तमाम कार्यक्रम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को संत शिरोमणि रविदास की 647वीं जयंती नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मनाई गई। इसके साथ ही पंचशील बौद्ध विहार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके बाद प्रसाद बांटा गया। जहां पालिकाध्यक्ष ने रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इसके साथ ही रविदास पार्क में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये।

पंचशील बौद्ध विहार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और उनके पति संदीप पांडे ने रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही माल्यार्पण कर पूजा वंदना की। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र गौतम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने दलितों के प्रति समाज की विचारधारा को बदलने की दिशा में जो कार्य किया उसी की वजह से आज दलितों को समाज में स्थान मिला है। उनके कहे वचन 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। वहीं इंद्रा नगर में रविदास पार्क स्थित रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये गये। जिसके बाद खीर का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर अमन गौतम, अजय पाल, पुत्तन लाल, कैप्टन संतराम, रमाकांत गौतम, देवीचरण, रेखा गौतम, जे जे लाल, गंगा प्रसाद, संतोष कपूर, गंगा सागर, धर्मेंद्र सोनकर, रामसेवक, जीतेन्द्र सोनकर, सौरभ सोनकर, रामआसरे, कमलेश गौतम, ने भी संत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

### कांग्रेसियों ने मनाई रविदास जयंती

रविदास जयंती को देखते हुये नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता रविदास पार्क पहुंचे। जहां उन्होंने रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद प्रसाद बांटा। इस मौके पर पुत्तीलाल वर्मा, मुन्ना सोनी, रवि गुप्ता, मयंक बाजपेई, राम प्रकाश, संजय सिंह, जयपाल साहू, पिंटू तिवारी मौजूद रहे।


रविदास के चित्र पर माल्यार्पण करतीं पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और संदीप पांडे।

# स्कूली बच्चों से भरी वैन ने महिला को मारी टक्कर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


दुर्घटना के बाद सहमे खड़े स्कूली बच्चे। अमृत विचार


दुर्घटना में घायल बबली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद मार्ग पर बच्चों से भरी वैन आजाद मार्ग पर कानपुर की ओर से मरहला की तरफ जा रही थी, तभी नया खेड़ा गांव के पास वैन अनियंत्रित हो गई और सड़क पार कर रही महिला को टक्कर मार दी। महिला को काफी दूर तक घिसटते हुये ले गई। जहां सड़क के किनारे लगे पोल में टकरा गई। दुर्घटना के बाद बच्चों में चीख पुकार मच गई। आस पास के लोगों ने वैन चालक को पकड़ लिया और घायल महिला को इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शक्ति नगर निवासी वैन चालक अभिषेक शनिवार दोपहर कानपुर के एक स्कूल से 10 बच्चों को बैठाकर हाईवे से आजाद मार्ग होते हुये मरहला चौराहे की ओर आ रहा था, तभी नया खेड़ा गांव के पास वहीं की रहने वाली 48 वर्षीय बबली पत्नी नौशाद सड़क पार कर रही थी। इस दौरान वैन अनियंत्रित हो गई और बबली को टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर जा गिरी और वैन में फंस गई। जिससे वह काफी दूर तक घिसटती हुई चली गई। इस दौरान वैन सड़क के किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। नहीं तो बच्चों से भरी वैन सड़क के नीचे उतर जाती। जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। दुर्घटना के बाद बच्चों में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और बच्चों को किसी तरह से वैन से बाहर निकाला। इस दौरान लोगों ने वैन चालक को पकड़ लिया। जिसके बाद घायल बबली को इलाज के लिये ले गये। वहीं हादसे की जानकारी पर वाहन स्वामी भी मौके पर पहुंच गया, जिसके द्वारा महिला को इलाज कराने की बात कही है। परिजनों ने अभी तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है।

# 1.21 अरब से होगा शहर का सर्वांगीण विकास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका उन्नाव की दूसरी बोर्ड बैठक में शहर के विकास कार्यों का खाका खींचा गया। सदर विधायक पंकज गुप्ता व चेयरमैन श्वेता मिश्रा की मौजूदगी में हुई बैठक में 1.21 अरब के 24 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।

शनिवार को नगर पालिका उन्नाव सभागार में शुरू हुई बैठक में सभी वार्डों के सभासदों ने अपने-अपने वार्ड में विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव दिए। इसमें सफाई, मार्ग प्रकाश, दुरुस्त सड़कें, इंटरलॉकिंग व बिजली सहित आवश्यकता के हिसाब से कंप्यूटर ऑपरेटर, वाहन चालक, इलेक्ट्रीशियन व लाइनमैन आदि रखने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी। इसके अलावा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए जागरूक करने व जुर्माना लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। वहीं 2019-20 राज्य वित्त आयोग से 138 निर्माण व सुंदरीकरण कार्य पर भी मुहर लगा दी गई। इसी प्रकार 1.21 अरब से कुल 24 प्रस्ताव को बोर्ड की बैठक में स्वीकृति मिली है। वहीं सभासदों ने प्रस्ताव रखा कि वार्ड में किए गए कार्यों का भुगतान सभासद के संतुष्टि प्रमाणपत्र जारी किए बिना न करें। बिना बोर्ड के जानकारी के न ही कोई टेंडर हो और न भुगतान किया जाए। हर माह बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की जाए।

## सार-संक्षेप

### संत निरंकारी मिशन आज करेगी गंगा सफाई

**शुक्लागंज।** आजादी का अमृत महोत्सव, स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत शुक्लागंज में संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में मां गंगा की साफ सफाई कराई जायेगी। इसके लिये मिशन के दो सौ सेवादार आज बालूघाट स्थित नमामि गंगे घाट पहुंचेंगे। यह जानकारी सिद्ध किशोर शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि आज सुबह आठ बजे से दोपहर बारह बजे विशेष गंगा सफाई अभियान चलाया जायेगा।

### सरकारी राशन की दुकान निलंबित

**शुक्लागंज।** ग्राम सभा कटरी पीपर खेड़ा के अहमद नगर निवासी नौशाद पुत्र स्व. बाबू अली के नाम से रहमत नगर में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान आवंटित हुई थी। दुकान लेने के लिये फर्जी शैक्षिक दस्तावेज लगाये गये थे। जिसकी शिकायत एडवोकेट स्वदेश शुक्ला ने जिला पूर्ति अधिकारी से की। जिस पर उन्होंने शैक्षिक दस्तावेजों की जांच कराई। जिसमें टीसी फर्जी पाई गई। टीसी फर्जी मिलने पर दुकानदार को तीन दिन की मोहलत दी गई और अपने सही प्रमाण पत्र दाखिल करने को कहा गया लेकिन प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा पाये। जहां जिलापूर्ति अधिकारी राजबहादुर सिंह ने दुकान को निलंबित कर दिया है।

### राजीव नगर खंती में जेसीबी चलने से मचा हड़कंप

**शुक्लागंज।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जाना है। ऐसे में राजीव नगर बस्ती पर एक बार फिर खतरा मंडराने लगा है। पूर्व में काम करा रही कार्यदायी संस्था ने बस्ती के पास भूमि का चिन्हांकन कराया था। इसके साथ ही बस्ती की ओर बाउंड्री वॉल भी बनवाई जायेगी। जिससे बस्ती में रहने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# थाना दिवस : नौ मामलों में एक भी निस्तारित नहीं

**शुक्लागंज।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से शिकायत लेकर लोग पहुंचे। दरोगा ने समस्याएं सुनी। किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।

शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। इस दौरान पालिका कर्मी, राजस्व कर्मी मौजूद रहे। जिले से कोई सक्षम अधिकारी ने आने पर आरओ और थाने के दरोगा ज्ञान सिंह ने समस्याएं सुनी। कुल 9 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें पुलिस के 8 मामले राजस्व से संबंधित आये। मौके पर कोई निस्तारित नहीं हो सका। जिस पर दरोगा ने संबंधित लेखपाल को निस्तारण के लिये सौंपा है। वहीं पालिका से संबंधित एक मामला पहुंचा। उसका भी निस्तारण नहीं हो सका।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, चार हुए घायल

उन्नाव। माखी थानांतर्गत उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बाइक में टक्कर मारने के बाद सड़क पर गिरे युवक को डंपर ने रौंद दिया। वहीं पीछे बैठी पत्नी गंभीर घायल हो गई। जिसे अस्पताल भेजा गया। वहीं, सफीपुर कोतवाली अंतर्गत देररात हुए हादसे में घायल हुए एक मजदूर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके अलावा फतेहपुर चौरासी में डीसीएम पलटने से चालक व खलासी घायल हो गए।

**केस 01** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव पुरवा कुडीना निवासी राजकुमार सिंह (46) पुत्र स्व. नन्हे की माखी थानांतर्गत थाना गांव स्थित अपनी ससुराल में 15 साल से रह रहा था। चार दिन पहले उसके पिता की बीमारी से मौत हो गई थी। इस पर वह घर गया था। शनिवार को वह पत्नी नीलम के साथ बाइक से लौट रहा था। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर रऊ बाजार के पास सामने से आए डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह उछलकर सड़क पर गिरकर डंपर के टायर के नीचे आ गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं, पीछे बैठी पत्नी को भी गंभीर चोटें आई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़ भाग निकला। सड़क में शव पड़ा होने से जाम लग गया। पुलिस पहुंची और रोड से शव हटवाया। तब जाकर यातायात सुचारु हो सका। दिवंगत भाइयों में दूसरे नंबर का था। बड़े भाई सरवन की भी मौत हो चुकी है। उसके कोई संतान नहीं थी। चार दिन में परिवार में दो मौतों से परिजन बेहाल हैं।

**केस 02** **सफीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के सलींद गांव निवासी कल्लू (40) पुत्र पहाड़ी उर्फ रहमत अली व रामशंकर (35) शंकर पुत्र सुन्दर लाल मजदूरी करते थे। शुक्रवार रात दोनों हुलासी कुआं से लकड़ी काटकर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार की टक्कर से दोनों घायल हो गए थे। जिन्हें सीएचसी लाया गया था। जहां से जिला अस्पताल फिर कानपुर के एलएलआर अस्पताल रेफर किया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान कल्लू ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।


**केस 03** **फतेहपुर चौरासी।** कौशाम्बी जिला के मंझनपुर से शरबती धान लादकर बरेली जा रही डीसीएम शनिवार दोपहर दो बजे फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत हरदोई-उन्नाव मार्ग पर लम्बुई गांव के पास टेंपो को ओवरटेक कर रहे ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें चालक दिलशाद पुत्र मो. सेन व खलासी उमेश पुत्र होरीलाल डीसीएम के केबिन में फंस गए। इसी दौरान उधर से गुजर रहे नायब तहसीलदार दीपक कुमार व राष्ट्रीय गौरक्षक दल के जिला उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय ने दोनों को बाहर निकलवाकर सीएचसी भिजवाया। जहां से उमेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**केस 04** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी रज्जाक (40) पुत्र सुकरू शनिवार किसी काम से कस्बा मियागंज आ रहा था। आसीवन थानांतर्गत किरमिली गांव के मोड़ के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे मियागंज लेकर आई। जहां से प्राथमिक इलाज देकर डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सियासत — उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने दिया बयान, बोले, मायावती आयरन लेडी अन्य से फिर भी ठीक है

# राहुल गांधी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं : साक्षी महाराज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


सांसद साक्षी महाराज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अपने बयानों से हमेशा सुर्खियों में रहने वाले उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने शनिवार को एक और बयान दिया जिससे वे चर्चा में रहे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। इसलिये उन्हें उपचार की जरूरत है। कहा कि वर्तमान में कांग्रेस की स्थिति धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का जैसी हो गई है। उन्होंने मायावती को आयरन लेडी भी बताया।

साक्षी महाराज शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र उन्नाव पहुंचे थे। जहां अपने कार्यालय में उन्होंने कांग्रेस व राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उनके वाराणसी की सड़कों पर नशे में लोगों के घूमने वाले बयान पर कहा है कि राहुल गांधी को उपचार की जरूरत है। मोदी के खौफ के आगे राहुल गांधी मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य पार्टियों से आयरन लेडी मायावती फिर भी ठीक हैं। कहा कि भाजपा से किसी भी गठबंधन का प्रश्न का जवाब जेपी नड्डा के पास है। उन्होंने राहुल गांधी पर बोलते हुए कहा कि ऐसी अभद्र भाषा किसी भी पार्टी के नेता को शोभा नहीं देती है। कम से कम भाषा में शालीनता होनी चाहिये। राहुल गांधी का भगवान ही मालिक है, भगवान शिव उनको सद्बुद्धि प्रदान करें। बोले, राहुल गांधी कब क्या कह दें, क्या पत्रकार को कह देंगे, क्या युवाओं को कह देंगे, कब आलू से सोना निकाल दें कुछ नहीं कहा जा सकता। कहा कि बिना सत्ता के कांग्रेस तड़प रही है। हर प्रकार के बयानों का जवाब सिर्फ जनता के पास है और आगामी लोकसभा चुनाव में जनता सभी बयानों के जवाब दे देगी।

### युवाओं के जीवन से खिलवाड़ कर रहीं भाजपा सरकारें : अन्नू टंडन

उन्नाव। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें छात्रों के भविष्य और जीवन से खिलवाड़ कर रही हैं। पहले रिक्तियां निकालकर आवेदन के नाम करोड़ों रुपये वसूलती हैं। बाद में कोई न कोई कारण बता भर्तियां निरस्त कर युवा पीढ़ी को ठगती हैं। यह बात विकासखंड नवबगंज में गावों में भ्रमण के दौरान आयोजित नुक्कड़ सभाओं में पूर्व सांसद व सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने कही। उन्होंने माघ पूर्णिमा पर जन्मे महान संत व समाज सुधारक संत रविदास को नमन किया। पुलिस भर्ती परीक्षा रद होने पर उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती कराने का खिताब लूटने वाली भाजपा सरकार ने परीक्षा को निरस्त कर विश्व की असफल प्रदेश सरकार का खिताब भी जीत लिया है। जबकि एआरओ भर्ती को निरस्त करने की कोशिश प्रगति पर है। उन्होंने जनता से ऐसी सरकार को आगामी लोकसभा चुनाव में धूल चटाने की अपील की। शनिवार को उन्होंने ब्लाक नबाबगंज के बिचपरी, जगदीशपुर, जंसार, रैनापुर, दरियापुर, बहाउद्दीनपुर, सधीरा, नानाटीकुर, दिलवल, भौली, अजगैन, मकूर, लखनापुर, जैतीपुर, भैंसोरा, आशाखेड़ा आदि गावों का दौराकर भाजपा की लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ जनजागरण किया। इस दौरान अशोक सिंह गुड्डू, संतराम, डा. एसके वर्मा, बृज पाल यादव, गिरीश मिश्रा पूर्व अध्यक्ष बार ऐसोसिएशन उन्नाव, सेवकलाल, अमित शुक्ला, अनवर सिद्दीकी, देवा, बालेन्द्र, रामसिंह लोधी, विजय शंकर लोधी, शिवशंकर वर्मा, मंजीत यादव, राजकुमार लोधी, मो. शलीम, राकेश भारती, सोनी गौतम, बबलू सिंह, मनु मिश्रा, ओम प्रकाश रावत, लाला भइया, सुरेन्द्र सिंह, पुत्ती सिंह, अनुपम वर्मा, राहुल यादव, धर्मवीर आदि रहे।


सभा में मौजूद लोगों को संबोधित करतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन। अमृत विचार


बच्चों को प्रतीक चिह्न भेंट करते डायरेक्टर और प्रधानाचार्य। अमृत विचार

# विदाई समारोह में छात्र-छात्राएं हुए भावुक

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आनंद नगर स्थित शिवम कान्वेंट में रविवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने नम आंखों से कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं को विदाई दी। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देकर विदा किया।

शनिवार को शिवम कान्वेंट स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। जहां कक्षा सात के छात्र-छात्राओं ने कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं को नम आंखों से विदाई दी। इस दौरान विद्यालय में गेम्स का भी आयोजन हुआ। वहीं बच्चों ने डांस कर खूब धमाल मचाया। विद्यालय के डायरेक्टर अंकुर शुक्ला एवं प्रधानाचार्य रश्मि शुक्ला ने मिस्टर फेयरवेल, मिस फेयरवेल समेत अन्य टाइटिल से बच्चों को नवाज कर प्रतीक चिंह भेंट किया। इसके साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ऐश्वर्य शुक्ला, स्मिता चटर्जी, प्रियंका शुक्ला, शालिनी तिवारी, मीनाक्षी शर्मा, दीपेन्द्र कुमार, जय प्रकाश आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# भारत की प्रज्ञा में ऋषि का सम्मान



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों- आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।"

अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्त ऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्त ऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंतःकरण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधु कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं।

भारत की प्रज्ञा में बहुत ऊंचे स्थान तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्य यंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराण काल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया। वे देवर्षि कहे गए। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाए। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं। लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि मंडल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है।

भारत का मन ऊर्ध्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे हैं। सो स्तुतियां पाते हैं। चंद्र ऊपर है, हम उन्हें ब्रह्मांड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं? अब तक सिद्ध नहीं लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आए हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई पर डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं।

विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।" सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाईवे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की वे' कहा जाता है। यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है। लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तरांचल, उ.प्र., बिहार और प. बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती है लेकिन गंगा जल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकाण्ड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताए गए हैं।

आचार्य वराह मिहिर ने 560 ई. के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर बृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चन्द्र ने इस की व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्त ऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्त ऋषियों को आकाश में ऐसे प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, "सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है।" बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों में एक भालू के आकार की कल्पना की गई है।" ये सप्त ऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अग्नि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिए गये हैं।" तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भारतीय भावबोध ने उन्हें आकाश में बैठाया है।

ऋग्वेद सहित चार वेदों में अनेक ऋषियों के लगभग बीस हजार मंत्र हैं। सभी ऋषि आदरणीय हैं। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी ने अपनी सूची दी है। महाभारत में सप्त ऋषियों की दो सूचियां हैं। अलग-अलग संदर्भ में। ऋग्वेद में दस मण्डल या खण्ड हैं। दूसरे से लेकर सातवें मण्डल तक 6 मंडलों को 'वंश मंडल' कहा जाता है। 6 मंडलों में 6 ऋषि कुलों के मंत्रों के संकलन हैं। यह सूची स्थायी है। दूसरा मंडल गृत्समद वंश कुल का है और तीसरा है विश्वामित्र वंश का। चौथा वामदेव का, पांचवा अत्रि का, छठा भरद्वाज और सातवां वशिष्ठ कुल का। बताते हैं कि गृत्समद ने बाद में स्वयं को शौनक कुल घोषित कर दिया था इसलिए उन्हें शौनक कुल भी कहा जाता है। कण्व कुल के भी तमाम मंत्र हैं। ये सात ऋषि ऋग्वेद के मुख्य द्रष्टा हैं। मूल बात है इन्हें 'नभ-मण्डल' में प्रतिष्ठित करना। सृष्टि जब तक रहेगी, तब तक सूर्योदय व सूर्यास्त भी होंगे। आने वाले हरेक सूर्यास्त के बाद आकाश में दिखाई पड़ेंगे विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि और भरद्वाज सहित सात ऋषि। हमारे प्रतिभाशाली पूर्वज। क्या हम उन्हें भुला सकते हैं? वे आकाश में बैठे हुए भूलने की कोशिश असफल कर देंगे।

# साहित्यकार और भैंस

> मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कवियों और साहित्यकारों पर यदि मैं कोई तीखी टिप्पणी करूं, तो इस वर्ग के लोग हमें आड़े हाथों ले लेंगे, किंतु यदि मैं किसी बड़े की आड़ ले लूं, तो आक्रमण से बच जाऊंगा। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने एक विचारोत्तेजक लेख "कवियों में उर्मिला विषयक उदासीनता" में कहा है कि 'कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं, जी में आये तो राई को पर्वत बना दें और कभी कहो पर्वत पर भी ध्यान न दें'। बात सही है। अब देखिए दुधारू पशुओं में गाय के गीत तो सबने गाये। हिंदुओं की तो वह माता भी हैं। भगवान भी अवतार लेते समय गाय और ब्राह्मण के ही हितकारी (गो द्विज हितकारी, जै असुरारी, सिंधु सुता प्रिय कंता) होते हैं। मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है। दूध भी कम ही देती है, किंतु पुराने से लेकर नए साहित्यकारों ने इसका नामोल्लेख किया है। संस्कृत के नीति शास्त्रज्ञों ने इसके गले के थन को उपमा के लिए प्रयुक्त किया।' अजा गलस्तनस्तैव तस्य जन्म निरर्थकम्'। तुलसी बाबा को भी बकरी का खुर-चिह्न ही उपमा के लिए याद आया' "जे सुमिरे गिरि मेरु सिला कन होत अजा खुर बारिधि बाढ़े'(कवितावली)। रही सही कमी गांधी जी ने पूरी कर दी, क्योंकि उन्हें बकरी का दूध ही पसंद था। फतेहपुर जिले की बिंदकी तहसील में 'टिकरी' और 'बकरी' नाम के गांव हैं। पूरा नाम तो 'पैगम्बरपुर बकरी' है, किंतु रोजमर्रा में 'बकरी' ही कहते हैं। किसी ने भैंस की सुधि नहीं ली, जब कि वह सबसे ज्यादा दूध देती है और बहुत सीधी होती है। बस रंग रूप काला है। इसे पक्षपात नहीं तो क्या कहेंगे? साहित्यकारों ने यह भी नहीं सोचा कि अंत समय में इन्हीं के पुत्र (भैंसा) की सवारी वाले यमराज से सामना होना है। कुछ तो डरते। इस मामले में नामचीन उपन्यासकार बाबू भगवतीचरण वर्मा होशियार निकले। उन्होंने भैंस को तो इग्नोर किया, किंतु भैंसा को डाइरेक्ट साध लिया और "भैंसा गाड़ी" शीर्षक एक लंबी कविता लिख दीः-

चरमर चरमर चूं चरर मरर जा रही चली भैंसा गाड़ी। भर भर कर फिर मिटने का स्वर, कॅप कॅप उठते जिसके स्तर स्तर। हिलती डुलती हंफती कॅपती, कुछ रुक रुक कर कुछ सिहर सिहर।।

चरमर चरमर चूं चरर मरर-।

विद्वान साहित्यकारों द्वारा किए गए इस अन्याय की काफी कुछ भरपाई गांव गिरांव के सीधे-साधे कम पढ़े लिखे लोगों ने जरूर कर दी है। उन्होंने भैंस पर तमाम लोकोक्तियां बनाई हैं, जिनका धड़ल्ले से प्रयोग होता है जैसे- गई भैंस पानी में, भैंस के आगे बीन बजावै भैंस खड़ी पगुराय, खइबे दूध चरइबे भैंसी, पढ़ैं लिखैं की ऐसी तैसी, माठा रोटी घर मा खइबे झबरेन भैंस चरइबे जाय, जोण्डी की रोटी भैंस का दूध, मानो रन जीतो रजपूत। इत्यादि।

हमारी जन्मभूमि के जिले कानपुर ने भी भैंसे का ध्यान रखकर एक गांव का नाम "भैंसऊ'रक्खा है और कर्मभूमि के नगर लखनऊ में श्मशान घाट को "भैंसाकुंड" कहते हैं। हालांकि यहां अब इस मरघट को "बैकुंठ धाम" कहने लगे हैं। कुछ बड़ों ने साहित्य क्षेत्र में 'वाद' चलाए हैं, जैसे 'छायावाद', 'रहस्यवाद' आदि। अब अगर हमारे लेख से प्रेरित हो कलम के सिपाहियों ने भैंस के साथ न्याय कर दिया, तो हम एक नये वाद "भैंसवाद" के प्रवर्तक माने जाएंगे।

# आंदोलन से उपजी समस्याओं की कौन लेगा सुध



अजय कुमार मिश्र
मुख्य सतर्कता अधिकारी
इफको, बरेली

> संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं।

एक बार फिर किसान आंदोलन चर्चा में है। जिस प्रकार पिछले किसान आंदोलन में तांडव हुआ था उसको देखते हुए पंजाब हरियाणा बॉर्डर और दिल्ली की ओर आने वाले सभी राजमार्ग सुरक्षा के घेरे में है। किसान अपनी मांगों पर अड़े हैं जबकि सरकार उनकी मुख्य मांग को मानने में अपनी मजबूरी बता रही है और इन दोनों के बीच दिल्ली और आसपास के प्रदेशों की जनता पिस रही हैं। इस समय बच्चों की परीक्षा चल रही है। अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित है लेकिन पक्ष-विपक्ष राजनीति में व्यस्त हैं। बॉर्डर पर जिस तरह की स्थिति है उसे देख कर यह कतई नहीं लगता कि आंदोलनकारी शांतिपूर्ण आंदोलन की राह पर हैं पर सरकार बल प्रयोग करके अपनी सत्ता खतरे में नही डालना चाहती और दूसरी ओर सरकार को किसानों की मुख्य मांगें मानने में देश की आर्थिक अव्यवस्था डगमगाने का डर भी है।

संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं। वह उस रूप में अपने व्यवसाय के माध्यम से देश की भी सेवा कर रहा है। मजदूर से लेकर किसान और नौकरीपेशा सभी का देश की प्रगति में योगदान है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है जिसमें हम अपनी बात और अपनी मांग लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से चुनी हुई सरकार के सामने रख सकते हैं लेकिन लोकतंत्र की आड़ में अराजकता फैलाना और अव्यवथा फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह पिछला किसान आंदोलन चला था और यह आंदोलन चल रहा है यह सोची समझी रणनीति के तहत राजनीति से प्रेरित उग्र और अराजक आंदोलन है जिसमे पूरे देश के 10 प्रतिशत किसान भी वैचारिक रूप से शामिल नहीं है।

आंदोलनकारियों को न तो आम जनता को हो रही परेशानियों से मतलब है और न ही इस प्रकार की मांग जबरन थोपने पर देश में होने वाले असर से मतलब है, उन्हें तो बस सरकार को घुटनों पर लाना है। मजेदार बात यह है कि किसानों की एक मुख्य मांग डब्लूटीओ से देश को अलग करने की भी है जबकि डब्लूटीओ में देश को शामिल करने वाली तत्कालीन सरकार वाली कांग्रेस और किसान आंदोलनकारी आज साथ-साथ है। आंदोलन को प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन कर रही विपक्षी पार्टियां सत्ता में रहते हुए किसानों के लिए क्या करती रही हैं। वह सबके सामने है। मेरे विचार से पिछले किसान आंदोलन में सरकार के ढुलमुल रवैए ने ही एक बार फिर यह विषम स्थिति सामने खड़ी की है। अगर सरकार सत्ता लोभ से दूर होकर पिछले किसान आंदोलन में हुई अराजकता को सबक सिखाती और बलप्रयोग करके कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देती जो कि सरकार का दायित्व भी था तो शायद आज यह बुरी स्थिति सामने न आती।

हमारा समाज कृतज्ञ समाज है। सबको सम्मान देना हमारी संस्कृति है। इसी के चलते हम डॉक्टर को ईश्वर के रूप में, शिक्षक/ गुरु को ईश्वर से भी बड़ा और किसानों को अन्न दाता कहकर सम्मानित करते है लेकिन वर्तमान स्थितियां अलग हैं। ऐसे परिपेक्ष्य में जब समाज में अधिक से अधिक लाभ कमाने की होड़ है, जहां डॉक्टर और शिक्षक की प्राथमिकता ही व्यावसायिक हो चुकी है जहां अनैतिक लाभ के लिए इंजेक्शन वाली लौकी और अन्य सामान खेतों से सीधे बाजार में आता हो और आम जनता धोखे में यूरिया मिला नकली दूध लेने को विवश हो, वहां किसी को अन्न दाता या ईश्वर के रूप में सम्मानित करना बेमानी है। सब अपने अपने लाभ के लिए अपने विवेक और अपनी व्यक्तिगत नैतिकता के आधार पर काम कर रहे हैं। इसलिए किसी को अतिरिक्त सम्मान देना अनावश्यक है। एक और बात जिसका मैं स्वयं गवाह हूंः बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश में होने वाले कठिया गेहूं की कीमत खुले बाजार में 40/50 रुपए प्रतिकिलो है। इस दाम पर भी बमुश्किल ही यह गेहूं लोगों को मिल पाता है। आपने भी देखा होगा कि पिसे हुए आटे का प्रचार किया जाता है कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के गेहूं से बना हुआ आटा है। कभी यह नहीं प्रचारित किया जाता कि यह पंजाब के गेहूं का आटा है। अगर आमजनता में जिसके पास आर्थिक विकल्प उपलब्ध है, वह पंजाब के गेहूं को कतई उपयोग नहीं करना चाहता क्यों कि सबको पता है कि वहां का गेहूं अनेक प्रकार के अंधाधुंध कीटनाशकों और रसायनों से पैदा हुआ है। पंजाब की जमीन वहां का पानी घोर प्रदूषण का शिकार है वहां की पराली केवल पंजाब ही नहीं दिल्ली तक को प्रदूषित कर रही है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

# भारतीय-संस्कृति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय-संस्कृति को केवल किताबों में पढ़ कर तो जाना नहीं जा सकेगा। संस्कृति प्रवाह की तरह है, गतिशील है। भारत की सांस्कृतिक-धाराओं, उपधाराओं, अन्तर्वर्ती-धाराओं को लोकजीवन में उतर कर ही जाना जा सकेगा। ये धाराएं किस प्रकार मिलती हैं और बिछुड़ती भी हैं।

लोकधारा में आपको शैव और शाक्त धारा भी मिलेंगी और वैष्णव-धारा भी। बौद्ध-धारा कहीं चली नहीं गई, लोकधारा में उनकी भी पहचान की जा सकती है। विभिन्न जनपदीय, जनजातीय, प्रदेशीय संस्कृतियों का संगम होता है और उस संगम से नई अवधारणाओं का जन्म होता है। नए विचारों का जन्म होता है। नए सौंदर्यशास्त्र का जन्म होता है। सांस्कृतिक-प्रवाह को हम किसी संप्रदाय में बांध कर नहीं समझ सकते। उदाहरण के लिए हम भक्ति-आंदोलन को ही लें, भक्ति-आंदोलन में लोकमानस का तत्त्व बहुत प्रबल है। इस आंदोलन का स्रोत केवल वेद-वेदान्त, उपनिषद ही नहीं है, इसमें आगम-परंपरा भी है, आलवार भी हैं, सिद्ध भी हैं, सहजिया-वैष्णव भी हैं, सहजयानी और वज्रयानी भी हैं। योग-परंपरा न होती तो समाधि की बात कैसे आ जाती, आउ समाधि भीतर। लोकधारा किसी से परहेज नहीं करती। इस्लाम का प्रभाव भी भाषा के रूप में देखा जा सकता है। सचाई तो यह है कि सभी सांस्कृतिक-धाराओं का स्रोत लोक में है। सभी दर्शनों का जन्म और विकास लोक की धरती पर ही होता है, लोक के लिए होता है। जो लोकातीत है, वह भी लोक के लिए ही है। लोक जीवन का सत्य दायरों में कैसे समा सकता है?

# ब्रह्मविद्या -गुरु एवं शिष्य



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यम् निरञ्जनम्।/ अमृतस्य परं सेतुं/ दग्धेन्धनमिवानलम्।।-निर्गुण निराकार ब्रह्म के ध्यान की विधि बताते हुए श्रुति कहती है कि जो सोलह कलाओं अर्थात् संसार के सभी संबंधों से रहित, सर्वथा क्रियाहीन अर्थात् कूटस्थ, परमशांत और सब प्रकार के दोषों से रहित है, जो अमृत स्वरूप मोक्ष के परम सेतु हैं, जिनका आश्रय लेकर मनुष्य अत्यंत सुगमता पूर्वक इस संसार समुद्र से पार हो सकता है, जो लकड़ी का पार्थिव अंश जल जाने के बाद धधकते हुए अंगारों वाली अग्नि की भांति सर्वथा निर्विकार, निर्मल, प्रकाश स्वरूप हैं, निर्विशेष, निर्गुण निराकार परमात्मा को तत्व से जानने के लिए उन्हीं देव की मैं शरण लेता हूं। जिस प्रकार आकाश को चमड़े की भांति लपेटना मनुष्य के लिए सर्वथा असंभव है, उसी प्रकार परमात्मा को जाने बिना कोई भी जीव इस दुख समुद्र से पार नहीं हो सकता। यह बात प्रसिद्ध है कि श्वेताश्वतर नामक ऋषि ने तप के प्रभाव से उन परमदेव परमेश्वर को उन्हीं की दया से जान लिया था और ऋषि परंपरा से सेवित इस परम पवित्र ब्रह्मतत्व का उपदेश परमहंस संन्यासियों को दिया। इस परम गुह्यविद्या के ज्ञान का वर्णन पूर्वकल्प मे भी उपनिषदों मे किया गया था अर्थात् यह ब्रह्मविद्या परंपरागत रही है। पुत्र व शिष्य को इस विद्या का अधिकारी बनाना आचार्य का दायित्व है। भाव यह है कि शिष्य के गुणों को जानकर ही उसे ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया जाना चाहिए। जिसकी परमेश्वर में अत्यंत भक्ति है और जैसी परमेश्वर में है, वैसी ही भक्ति गुरु में भी है ऐसे श्रद्धावान महात्मा के हृदय मे ही इन उपदेशों का गूढ़ अर्थ प्रकाशित होता है।

# कुरीतियों के सुधारक संत रविदास



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

सद्गुरु रविदास भक्तिकालीन संत परंपरा में बहुत सम्मानीय कवि हैं। उनकी रचनाओं में समतामूलक समाज की परिकल्पना, चेतना, जन आंदोलन हैं, पाखंड का विरोध है। समतामूलक की कल्पना में वे कहते हैं- रविदास जन्म के कारने, होत न कोई नींच।/नर कुं नींच करि डारि है, ओछे कर्म की कींच।/ न जच्चा बसलों होति, न जच्चा होति ब्राहमणों।/ कामन्ना बसलों होती, कामन्ना होति ब्राहमणों। -आशय यह है मानव जाति एक है सभी मनुष्य एक जैसे ही जन्मते हैं, मानव को जाति के आधार पर पशुवत जीवन जीने को बाध्य करना कुकर्म की श्रेणी में आता है। मैं रूखी सूखी खाऊं, औरन की भूख मिटाऊं। का संदेश देते हैं खुद भी खाओ और भूखे प्राणियों पर भी दया करो। मन्दिर-मस्जिद एक हैं, इन महं अंतर नाहिं।/रैदास राम रहमान का, झगड़ऊ कोऊ नाहिं।।/ एक माटी के सभै भांडे, सबका का एकै सिरजनहार।/रैदास व्यापै एकौ घट भीतर, सभ को गढ़े कुम्हार।

धर्मनिरपेक्षता का संदेश देते हैं जो आज भी प्रासंगिक है हिंदू मुस्लिम एकता पर बल है। मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश है आपके विचार पवित्र हैं तो कहीं तीर्थ या गंगा में जाने की जरूरत नहीं। कर्मकांड और आडंबर के कभी नहीं, जो गए थे पास। सदा याद रखेगा उनको, भारत का इतिहास। दुखियों का दुख हारन हारा, मानवता के दास। सभी जन नमन करें हैं उनको, जो हैं संत रविदास।

# मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

मयखाने गए हैं कभी आप? ना गए हों तो बदनसीबी आपकी। ये दुनिया की उन बेहतरीन जगहों में शामिल है जहां कदम रखते ही आदमी अपनी सारी दुश्वारियां भूल जाता है। दुनिया की तमाम आफ़तें, मिलकर भी मयकदे की सीढ़ियां चढ़ने की हिम्मत नहीं कर पाती। यहां की आबो-हवा आपको खुद पर यक़ीन दिलाएगी। हौसला बढ़ाएगी आपका। सुकून महसूस करेंगे आप। यदि ऐसा न होता तो अब्दुल हमीद अदम जैसे शायर भला ये क्यों कहते।

मय-कदा है यहां सुकूं से बैठ
कोई आफ़त इधर नहीं आती।

आदमी को चाहिए क्या? बस चैन चाहिए। और जो ऐसा चाहते हैं उनके लिए मयकदे से बेहतर कोई दूसरी जगह तलाशना मुश्किल है।

यहां की आबोहवा आने वाले को पलक झपकते एक खुशमिजाज, ज़िंदादिल और मिलनसार इंसान में बदल देती है। यदि आपको सच्चे दोस्तों की तलाश है तो इससे मुफ़ीद जगह कोई दूसरी नहीं। यहां बने दोस्त बचपन के लंगोटियां दोस्तों को मात कर सकते है। ऐसे दिलदार और हाज़िरजवाब लोग जो बिना जान पहचान के आपके गले लग जाएं, अपनी जेब की आखरी पाई तक आप पर लुटा दें, आपके दुख दर्द बांट लें, आपके लड़खड़ाने पर सहारा दे और आपको घर छोड़ जाने की ज़िम्मेदारी भी उठा लें। ऐसे मददगार लोग जो अपनी कहने के साथ-साथ आपकी भी सुनते है, मशविरा देते हैं और मदद करते हैं।

और फिर मयखाने में जाने वाले रोज़ जाते हैं वहां। वही बने रहना चाहते हैं और उसके प्रति वफ़ादार होते है। ज़ाहिर है ऐसे लोग भरोसेमंद है, अमीर मीनाई तस्दीक़ करते हैं इसकी।

मस्जिद में बुलाते हैं हमें ज़ाहिद-ए-ना-फ़हम!
होता कुछ अगर होश तो मय-ख़ाने न जाते।

और फिर पीने वाला और कहीं जाए भी क्यों? मयकदे तो पुण्यात्माओं की पनाहगाह है। अहमद हुसैन माइल कहते हैं।

तौबा खड़ी है दर पे जो फ़रियाद के लिए
ये मय-कदा भी क्या किसी क़ाज़ी का घर हुआ।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से है। ये नेकदिलों की बस्ती है। सो इसकी बुराई वही करते हैं जो इससे नावाक़िफ़ या नासमझ हैं।

दुनियादारी है फरेब। अहम के नशे में धुत्त लोग बसते है इस दुनिया में। ऐसे में बस मयखाना ही वह जगह है जहां ईमान पर कायम सच्चे लोग रहते हैं। मयखाना वो इकलौती जगह है जहां आकर इंसान एकदम पाक साफ हो जाता है। दरअसल ये नीम बेहोशी से बाहर आने की जगह है। बशीर बद्र गवाही देते है इस बात की।

न तुम होश में हो न हम होश में हैं
चलो मय-कदे में वहीं बात होगी।

ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

आबेहयात मिलती है मयखाने में। ज़ाहिर है जन्नत है ये। जन्नत जाना सभी चाहते हैं पर मरना कोई नहीं चाहता। और फिर सवाल यह भी कि जन्नत देखी किसने है? देखने वाले वापस आकर बयान कहां करते हैं उसके बारे में? किताबों में यह ज़रूर लिखा है कि आबेहयात की नदियां बहती हैं वहां। ये बताने वाले बिना मयखाने गये ये लिख सके होंगे यकीन करना मुश्किल है। दुनिया के छल कपट से बाहर निकल आना। सच्चे होने की निशानी है। ऐसे बंदे बस मयखाने में मिलते हैं। खुदा सच्चे लोगों की क़द्र ना करे ऐसा हो ही नहीं सकता। यदि जन्नत है तो मेरा मानना है कि मयखाने के पीछे का दरवाजा सीधे जन्नत मे खुलता है।

नितांत समाजवादी और सभी की जेब बर्दाश्त कर सके ऐसी जगह है मयखाना। यहां दिमाग़ का भी इलाज होता है और मन का भी। मयकदे न होते तो हमें हजार गुना ज्यादा मानसिक अस्पतालों की ज़रूरत होती। ऐसा न होता तो लोग जाते ही नहीं। यहां पहुंचा आदमी बहुत जल्दी हल्का हो जाता है, ख़ुशियों से भरपूर, तरोताज़ा हवा में तैरता है वो। गहरी नींद जैसा सूकून मिलता है उसे। यहां आकर फ़क़ीर भी ऐसे सपने देखता है, जहां वो बादशाह होता है, ऐसे सपने जहां उसे किसी चीज़ की कमी नहीं होती और मनचाहा करने की आज़ादी होती है। आजाद होने से अच्छा और हो तो आप मुझे बता सकते हैं।

दुनिया भर के बेहतरीन उस्ताद, विचारक, शायर, दार्शनिक, और हकीम मिलेंगे यहां आपको। ऐसे तपे तपाये अनुभवी लोग जो ज़िंदगी के बेशक़ीमती पाठ मुफ्त में पढ़ा सकते हैं। दुनिया के सारे सच्चे, नेक, भले और ईमान पर भरोसा रखने वाले लोग भी यहीं मौजूद है। बड़े दिलवाले, खरे कुंदन से दमकते बंदे। हमेशा सच बोलने वाले ऐसे लोग जिनकी संगत आपको बहुत कुछ सिखा सकती है। आप यहां आये और बेहतर हुए बिना लौट जाएं ये मुमकिन ही नहीं। ऐसा न होता तो ज़ौक़ जैसा मशहूर शायर ऐसा कभी ना कहता।

'ज़ौक़' जो हैं मदरसे के बिगड़े हुए मुल्ला!
उन को मय-ख़ाने में ले आओ संवर जाएंगे।

संवरना चाहते हैं? ज़ाहिर है हां ही कहेंगे आप ,तो आईए मयखाने चलते हैं। संवरने निखरने, दमकने के लिए उससे मुफ़ीद जगह इस धरती पर और कोई दूसरी है नही।

# संस्कृति की विशिष्ट परंपरा



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भारतीय संस्कृति की परम विशिष्ट परंपरा सनातन काल से यह रही है कि इसके सभी पर्व और त्योहार सूर्य और चंद्रमा की गति और स्थिति से जुड़े रहे हैं। यज्ञोपवीत संस्कार और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में देवगुरु बृहस्पति और दैत्य गुरु शुक्राचार्य को भी यथोचित सम्मान दिया गया है। यह प्रसंग इसलिए है कि गंगा स्नान के माघ मास का पुण्य प्राप्त करने का इस वर्ष का अंतिम दिन माघ पूर्णिमा आ गई है। इस साल यह कम से कम दस दिन के विलंब से है। बैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण और भादो इन पांच महीनों में तीन साल बाद किसी एक महीने में अधिमास हो जाता है। इसका कारण सामान्य रूप से यह समझ लीजिए कि सूर्य का राशि परिवर्तन लगभग निश्चित है और पृथ्वी 365.24- दिन में परिभ्रमण करती एक साल बाद उसीबिंदु पर आ जाती है। सूर्य के सापेक्ष, वैसे तो अनन्त ब्रह्मांड में तो सूर्य नारायण के साथ करोड़ों मील दौड़ गई होती है। हमारा जीवन तो सूर्य से ही जुड़ा है इसलिए हमें क्या कि सूर्य कितना दौड़ चुके हैं। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे कि आपके बालों के अन्दर एक छोटी सी जूं बैठी है और आप मुंबई से न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं लेकिन जूं की सीमा तो वहीं तक है जहां तक सिर में बाल हैं। चन्द्रमा शीघ्र गति होने के कारण इस परिपथ को लगभग दस दिन अग्रगामी हो जाता है, इसलिए इस अवधि को सौरमास के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए भारतीय पंचांग में अधिमास की गणना की जाती है।

यह गणित कैसे किया जाता है की क्लिष्टता में पड़ने की हमें जरूरत नहीं है। इस बार श्रावण मास में अधिमास आने से पूर्णिमा दस दिन आगे बढ़ गई है। जिस वर्ष भाद्रपद में अधिमास पड़ेगा उस साल यह बारह दिन आगे बढ़ जाएगी।

## एक नजर

### एएनटीएफ ने नशे के 31 कारोबारियों को दबोचा

अमृत विचार, लखनऊ : एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने 2024 में अब तक प्रदेश-भर के नशे के 14 कारोबारियों के खिलाफ मुकदमें दर्ज कर 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 13 वांछितों की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है। इनके पास से 1594.97 किलो. मादक पदार्थ बरामद किया गया है। इसकी कीमत 14 करोड़ 63 लाख है। एएनटीएफ आईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि इन आरोपियों के पास से 18,066 रुपये नगद, आठ दो पहिया, चार पहिया वाहन 4 और 2 ट्रक बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में अवैध नशे के सौदागरों के कब्जे से 5.31 किलो. मार्फिन, 21.33 किलो. हेरोइन (स्मैक), 115.80 किलो. चरस, 47.35 किलो. अफीम, 6155.87 किलो. (डोडा पोस्ता तृण), 5647.341 किलो. गांजा, 32 दो पहिया, 41 चार पहिया वाहन और 15 ट्रक बरामद किए गए हैं।

# नौकरी देने की नीयत ही नहीं थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर अखिलेश ने सरकार पर साधा निशाना**

**लखनऊः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने के मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने कहा सरकार की नौकरी देने की नियत ही नहीं थी। सुरक्षा का दावा करने वाली सरकार इतनी लापरवाह निकली जिसकी वजह से पेपर लीक हुआ है। अगर इनकी नीयत साफ होती तो, जिस समय पहला पेपर लीक हुआ था उसी समय सख्ती से कार्रवाई होती तो, इस तरह आज करोड़ों परिवार प्रभावित न होता।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है, यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच अब सब समझने लगे हैं।दिखावे के लिए नौकरियां निकालना, अरबों रुपये की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना फिर निरस्त करने का नाटक करना..., ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महंगा पड़ेगा। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे।

युवा कह रहे हैं कि फीस के नाम पर जो पैसा लिया गया है कहीं वो भाजपा का चुनावी फंड न बन जाए, इसीलिए अभ्यर्थियों का फार्म जमा रहे लेकिन भाजपा सरकार फीस का पैसा अभी लौटाए और जब कभी दुबारा परीक्षा हो तो ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट से तुरंत फिर से फीस ले ले।

## अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के निर्णय पर जाहिर की खुशी

**अमृत विचार, लखनऊः** पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री द्वारा शनिवार को परीक्षा निरस्त करने फैसले पर अभ्यर्थियों ने खुशी जाहिर की। सोशल मीडिया पर भी छात्रों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सीएम योगी के समर्थन में दर्जनों हैशटैग वायरल होने लगे। इनमें #YogiWithYouth ट्रेंड लिस्ट में टॉप पर आ गया। लखनऊ में एक छात्र ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लाखों छात्रों की बात को सुना है, इसके लिए हम उनके आभारी हैं। हमारी मांग है कि 6 महीने में सरकार न सिर्फ पारदर्शी तरीके से पुनः परीक्षा आयोजित करे, बल्कि पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा भी दिलाए।

# पेपर लीक नकल माफिया को संरक्षण का परिणामः कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को दिया जाए मुआवजाः अंशू**

**अमृत विचारः** प्रदेश कांग्रेस ने सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह प्रदेश सरकार का नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम है।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी प्रदेश में भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिर्फ मंचों से भाषणों में नकल को रोकने की बात करते रहे। प्रदेश के 50 लाख परिवारों ने अपने पेट काट-काट कर अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई, अपनी आजीविका से पैसे बचाकर कोचिंग कराई, नौजवान सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगा रहे थे कि उनको नौकरी मिलेगी, लेकिन प्रदेश सरकार ने नौकरी देने के बजाय प्रदेश में नकल माफिया के राज को बढ़ावा दिया, इसलिए प्रदेश में अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए, क्योंकि परीक्षा रद होने के कारण उनकी कई प्रकार से क्षति हुई है।

## जातिवादी लोगों से सावधान रहने की जरूरतः मायावती

**अमृत विचार, लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि बहुजन समाज को जातिवादी ताकतों से सावधान रहने की जरूरत है। संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बसपा प्रमुख ने उनके उपदेशों को अपनाकर जीवन संवारने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बसपा शासनकाल में भदोही जिले का नाम बदलकर संत रविदासनगर रखा गया, पर तत्कालनीन सपा सरकार ने जातिवादी व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया, पर प्रदेश की भाजपा सरकार ने नाम बहाल नहीं है। यह साबित करता है कि दोनों पार्टियों की सोच एक जैसी जातिवादी है। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपना सारा जीवन इंसानियत का संदेश देने में गुजारा।

# 58 जिलों से रिपोर्ट तलब, एक घंटे पहले वायरल हुई उत्तरकुंजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्तरकुंजी व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की गई थी वायरल
- अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों से सामने आई सच्चाई

**अमृत विचारः** समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक विवाद को लेकर यूपीपीएससी ने 58 जिलों के नोडल अफसरों से परीक्षा केंद्रों को लेकर रिपोर्ट तलब की है।

सूत्रों के अनुसार अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्य से सामने आया है कि दोनों पालियों के प्रश्नपत्रों की उत्तरकुंजी परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल की गई।

प्रथम प्रश्नपत्र की जो उत्तरकुंजी वायरल की गई, उसमें आधे सवालों के वैकल्पिक जवाब सही और आधे गलत हैं। जबकि दूसरी पाली में हिंदी के प्रश्नपत्र में केवल 28 सवालों के वैकल्पिक उत्तर सही हैं और बाकी सवालों के जवाब गलत हैं। सूत्रों के अनुसार अब तक हुई जांच में सामने आए इन तथ्यों के आधार पर माना जा रहा है कि पेपर आउट हुआ होता तो, यह परीक्षा केंद्र के स्तर से हो सकता है।

### धांधली को लेकर छात्रों में आक्रोश जारी

यूपीपीएससी की समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा में धांधली और पेपर लीक का आरोप लगाते हुए हजारों छात्र प्रयागराज में आयोग के गेट पर शुक्रवार से ही आंदोलित है।

# लोकसभा चुनावः प्रदेश में अर्धसैनिक बल की 230 कंपनी होंगी तैनात

## उप्र पुलिस की ओर से अंतिम दौर में है चुनाव को लेकर सुरक्षा तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी ने पुलिस कप्तानों को चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने का दिया निर्देश

**अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की अगले माह तारीख घोषित किए जाने की संभावना को देखते हुए पुलिस महकमा सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। डीजीपी मुख्यालय इस माह के अंत तक सुरक्षा तैयारी को मुकाम देने में जोर-शोर से लगा हुआ है। सुरक्षा इंतजाम को लेकर फिलहाल जो खांका तैयार किया गया है, उसके हिसाब से उप्र के लिए 230 कंपनी अर्धसैनिक बलों की आवश्यकता होगी। इसके लिए केंद्र सरकार से मांग की जाएगी।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान सभी पुलिस कप्तानों को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश जारी किया। दरअसल, इस माह आखिरी में केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम भी आने वाली हैं। वह जिला पुलिस के प्रमुखो और वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक करेगी और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था के मसले पर समीक्षा करेगी। लिहाजा डीजीपी कार्यालय पुलिस बल की तैनाती को लेकर अपनी तैयारी कर रहा है। पुलिस मुख्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक चुनाव में करीब दो लाख पुलिसकर्मियों की तैनाती का खांका तैयार किया गया है।

## राजधानी में 129 स्थानों पर ठहरेंगे जवान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। शनिवार को जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने मातहतों के संग बैठक कर निर्देशित किया। कहा शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिये फोर्स के ठहरने के लिये 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। कहा इन स्थानों पर बिजली, पानी, शौचालय, रास्ते व अन्य मूलभूत सुविधाएं संबंधित विभाग के अफसरों से समन्वय कर मुकम्मल करायें।

जेसीपी ने दोपहर एक बजे लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा कि मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिये अभी से कमर कस लें। मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल, पीएसी, समेत अन्य फोर्स रहेगा। ऐसे में इनके रात्रि विश्राम के लिये विद्यालय, स्कूल और धर्मशाला समेत 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। इन स्थानों पर पानी, शौचालय, स्नानागार, बिजली की समुचित व्यवस्था की जाये। इसके लिये पुलिस अफसर संबंधित विभागों के अफसरों से समन्वय स्थापित कर इन सुविधाओं को मुकम्मल करायें। खराब रास्तों की मरम्मत करायें। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर उचित कार्रवाई करें।

# यूपी बोर्ड परीक्षाः शासन स्तर से जांचे गए सात हजार परीक्षा केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर शनिवार को हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा नहीं होने के बावजूद भी बोर्ड मुख्यालय से प्रदेश भर के जिला विद्यालय निरीक्षकों के ऑनलाइन बैठक हुई। बाराबंकी के राजकीय इंटर कालेज में केंद्र व्यवस्थापक की नियुक्ति की एक शिकायत मिलने पर शासन ने तत्काल संज्ञान में लिया है। कंमाड सेंटर से अब सात हजार परीक्षा केंद्रों की मॉनीटिरिंग की जा चुकी है। वहीं सौ से अधिक परीक्षा केंद्रों की कमियों को कंट्रोल रूम ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पकड़ा और कमियों को दूर कराया।

यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ला के अनुसार कुछ परीक्षा केंद्रों में स्ट्रांग रूम पर सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही दिखी। इसे दूर करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा केंद्रों की साफ सफाई सही तरीके से हो इसके लिए सख्ती से कहा गया। बोर्ड सचिव ने गूगल मीट में बैठक में सभी अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### जिलों में गठित है विशेष निगरानी दस्ता

बोर्ड के सचिव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिलों में विशेष जांच दस्ता गठित किया गया है। इस दस्तें के अफसरों का नाम गोपनीय रखा गया है। यह दस्ता किसी भी समय परीक्षा केंद्रों पर जांच के लिए पहुंचने के लिए अधिकृत है। हालांकि जांच के लिए जाने के पहले जिलाविद्यालय निरीक्षक को इसकी जानकारी दी जाएगी।



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संत रविदास की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

### छह डिप्टी एसपी का हुआ स्थानांतरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र शासन ने शनिवार को छह पीपीएस अफसरों का तबादला किया है। 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर के सहायक सेनानायक संजय कुमार सिंह को एडीजी जोन गोरखपुर का स्टाफ अफसर बनाया गया है, जबकि राकेश प्रताप सिंह को पीएसी लखनऊ से एडीजी जोन लखनऊ का स्टाफ अफसर और परमानंद पाण्डेय को पीएसी मिर्जापुर से एडीजी जोन वाराणसी का स्टाफ अफसर के पद पर तैनाती दी गई है। ओजस्वी चावला को डिप्टी एसपी एसटीएफ से एडीजी जोन आगरा का स्टाफ अफसर, कुशल पाल सिंह पीएसी प्रयागराज से एडीजी जोन प्रयागराज का स्टाफ अफसर तथा सूक्ष्म प्रकाश को एलआईयू कानपुर नगर से एडीजी जोन मेरठ का स्टाफ अफसर बनाया गया है।

# सपा ने अपने विधायकों को समझाया वोट देने का तरीका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव को लेकर शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी विधायकों को वोट देने का तरीका बताया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की उपस्थिति में प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने मतदान की बारीकियां समझायीं। 25 फरवरी को विधायकों को डमी मत्र पत्र के जरिये मतदान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बीच, समर्थन जुटाने के लिए सपा प्रमुख जनसत्ता पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री राजा भैया से मुलाकात की।

राज्यसभा की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के आठ व सपा के तीन प्रत्याशी शामिल हैं। सपा प्रमुख की ओर से बुलाई गई बैठक में दो महिला समेत चार विधायक नहीं पहुंचे। इस मौके पर सपा प्रमुख ने सभी विधायकों को एकजुट होकर मतदान करने का निर्देश दिया।

# आकांक्षी नगर योजना पोर्टल शुरू, गाइडलाइन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचारः** आकांक्षात्मक जिलों की तर्ज पर प्रदेश के 100 पिछड़े नगरीय निकायों में विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री अर्बन फेलोशिप योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों का शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। इसका उद्घाटन नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने किया। साथ ही आकांक्षी नगर योजना पोर्टल की शुरुआत की और योजना से संबंधित गाइडलाइंस भी जारी की।

नगरीय निकाय निदेशालय में आयोजित समारोह में मंत्री ने चयनित सीएम फेलोज को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी नगर योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य प्रदेश के 100 निकायों को आकांक्षी नगर के रूप में विकसित करना है। योजना के तहत इन नगरों में बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा। उन्होंने फेलोज से आग्रह किया कि वे इस योजना को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

### 38 जिलों के 100 नगरीय निकाय आकांक्षात्मक श्रेणी में

ये फेलोज 20 हजार से 1 लाख तक की आबादी वाले 100 पिछड़े नगरीय निकायों में निर्धारित 32 इंडिकेटर्स के माध्यम से न केवल विकास की सभावनाएं तलाशेंगे, बल्कि अपनी शोध रिपोर्ट को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। राज्य सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 100 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक श्रेणी में रखा है। इनमें अलीगढ़ में 5, एटा में 1, हाथरस में 1, कासगंज में 1, अयोध्या में 2, अंबेडकर नगर में 1, बाराबंकी में 1, सुल्तानपुर में 1, आजमगढ़ में 2, बलिया में 3, मऊ में 2, शाहजहांपुर में 2, बस्ती में 9, संत कबीर नगर में 3, सिद्धार्थनगर में 4, बांदा में 1, बहराइच में 4, बलरामपुर में 1, गोंडा में 3, देवरिया में 6, गोरखपुर में 2, कुशीनगर में 5, महाराजगंज में 4, फरुखाबाद में 2, कानपुर देहात में 2, लखीमपुर खीरी में 2, लखनऊ में 2, रायबरेली में 1, उन्नाव में 2, बुलंदशहर में 1, सोनभद्र में 2, मुरादाबाद में 1, रामपुर में 3, फतेहपुर में 3, कौशाम्बी में 2, प्रतापगढ़ में 10, प्रयागराज में 1 और जौनपुर में 2 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक नगरीय निकाय की श्रेणी में रखा गया है।

## वर्ग पहेली-353



**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर, कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।

### वर्ग पहेली - 352 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 नी | | 2 दा | | 3 नौ |
| 4 त | र | हे | ल | | ब |
| | स | | द | | त |
| | ता | | लि | | ख़ा |
| | | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | | | |
| | | 7 म | न | मै | ला |

## सुडोकू-70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | 3 | 1 | |
| | | | 1 | | | | 5 | |
| 6 | | 1 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 5 | | 3 | | 8 | 4 |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| 7 | | | 2 | | 4 | | | |
| | | 4 | | | | 5 | | 2 |
| | 5 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 2 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 4 | 7 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-प्रतिपदा 20.35 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग

गु. 1 | रा. 12 | बु. | शु. मं. 10 | 9 | श. सू. 11 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | चं. | 6 | के. | 7

**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 26 फरवरी 01.24 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

**मेष** - आज नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आज आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए।

**वृष** - आज पैतृक संपति के विवादों को लेकर आज शान्ति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। सिर्फ अपने काम पर ध्यान रखें।

**मिथुन** - आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**कर्क** - आज धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वे शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। प्रेम संबंधों में आ रही गलतफहमियां दूर होंगी।

**सिंह** - आज आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। मेडिकल संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या** - आज संतान के व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आयेगी।

**तुला** - आज अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**वृश्चिक** - आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आज आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

**धनु** - आज समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

**मकर** - आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है, तो मोटिवेशनल वीडियोज़ से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

**कुंभ** - आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। मनोरञ्जन के लिए वेबसीरीज़ और सिनेमा का आनंद उठायेंगे। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**मीन** - आज उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- विश्वासघात — सुबह : 10.00
- अनाड़ी — रात : 07.00

SONY MAX
- अतरंगी रे — सुबह : 09.53
- टाइगर जिंदा है — रात : 10.06

SONY PIX
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11.13
- द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- जजमेंटल है क्या — सुबह : 10.30
- मदारी — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- छलांग — सुबह : 10.29
- दृश्यम 2 — रात : 09.06

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-09.06 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता और महिला दरवाजा खोलती है।
महिला- बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुरा कर उसका सिर सहलाते हुए कहती है) -"अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक-कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं
काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| गेहूं दड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूं फारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2600 -4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000 -2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200 -5400 |
| अरहर | 7500 -8000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 4200 -4300 |
| उड़द हरा | 10000 -10200 |
| उड़द काला | 6000 -8000 |
| मूंग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 14500-14700 |
| अरहर स्पेशल1 | 12200-12400 |
| चना दाल | 7050-7150 |
| मटर दाल | 5050-5150 |
| म्सूर मलका | 6900-6950 |
| मसूर दाल | 7100-7150 |
| उड़द दाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूंग दाल | 8800 -10300 |
| मूंग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं1. | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं2. | 6500 - 7500 |
| **किराना-मेवा (प्रति क्वि.)** | |
| कली मिर्च | 55000-70000 |
| बड़ीइलायची | 85000-120000 |
| सोंठ | 30000-40500 |
| धनिया | 6000-13000 |
| लालमिर्च | 28000-34000 |
| जीरा | 58000-62000 |
| अजवाइन | 20000-28000। |

# प्रधानमंत्री मोदी ने लॉन्च की दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

- योजना के तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) में अनाज भंडारण के लिए 11 गोदामों का उद्घाटन किया। ये गोदाम सहकारी क्षेत्र में सरकार की दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना का हिस्सा हैं। इस योजना में 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश शामिल है।

मोदी ने गोदामों और अन्य कृषि बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पैक्स की आधारशिला भी रखी। इन पहलों का मकसद नाबार्ड और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की मदद से पैक्स गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से जोड़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने कहा, 'आज हमने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की है। इसके तहत देश भर में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे।' उन्होंने कहा कि इसके तहत 700 लाख टन भंडारण क्षमता बनाई जाएगी।

मोदी ने सहकारी क्षेत्र से आग्रह किया कि वे खाद्य तेलों व उर्वरकों सहित कृषि उत्पादों के लिए आयात निर्भरता कम करने में मदद करें। उन्होंने अफसोस जताया कि देश में भंडारण बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों ने इस समस्या पर कभी ध्यान नहीं दिया, लेकिन आज पैक्स के जरिए इस समस्या का समाधान किया जा रहा है।'

### विकसित भारत के लिए विकसित कृषि जरूरी: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि क्षेत्र का विकसित और आधुनिक होना आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "कृषि प्रणालियों का आधुनिकीकरण भी विकसित भारत के निर्माण के लिए बराबरी का महत्व रखता है।" उन्होंने कहाकि कृषि और खेती-बाड़ी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता व सहयोग की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसीलिए उनकी सरकार ने सहकारिता के लिए एक अलग मंत्रालय बन गया है।

## अब भी सीईओ हूं, बर्खास्तगी की खबर अफवाह: रविंद्रन

**नई दिल्ली।** संकट से जूझ रही शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों को एक पत्र लिखकर कहा है कि वह सीईओ बने रहेंगे और प्रबंधन में कोई बदलाव नहीं होगा। निवेशकों द्वारा नेतृत्व परिवर्तन के लिए मतदान करने के एक दिन बाद उन्होंने पत्र में शुक्रवार की ईजीएम को तमाशा करार दिया।

कर्मचारियों के लिए यह पत्र महत्वपूर्ण है, क्योंकि बायजू के शेयरधारकों ने शुक्रवार को शिक्षा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' के चलते संस्थापक-सीईओ रवींद्रन और उनके परिवार को बोर्ड से हटाने के लिए मतदान किया था। रवींद्रन ने कंपनी संस्थापकों की अनुपस्थिति में की गई वोटिंग को अमान्य और अप्रभावी बताया है।

# अडाणी समूह उबर के साथ कर सकता है कारोबारी करार

नई दिल्ली, एजेंसी

- गौतम अडाणी ने उबर के सीईओ से मुलाकात के बाद दिए संकेत

अरबपति गौतम अडाणी ने शनिवार को उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही से मुलाकात की, जो इस समय भारत के दौरे पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने समूह और उबर के बीच भविष्य में सहयोग की संभावना के संकेत भी दिए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर दोनों व्यापारिक नेताओं ने भारत की वृद्धि गाथा और उपमहाद्वीप के लिए उनके नजरिए पर चर्चा की।

अडाणी ने एक्स पर एक पोस्ट पर कहा, 'उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही के साथ बेहद दिलचस्प बातचीत हुई। भारत में उबर के विस्तार के लिए उनका दृष्टिकोण वास्तव में प्रेरणादायक है, विशेष रूप से भारतीय ड्राइवरों और उनकी गरिमा बढ़ाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता। दारा और उनकी टीम के साथ भविष्य में सहयोग के लिए उत्साहित हूं।' उबर के सीईओ ने कहा कि उन्होंने 'बेहद शानदार बातचीत'' के लिए नाश्ते पर अडाणी समूह के प्रमुख से मुलाकात की। उन्होंने भारत में ईवी रूपांतरण में तेजी लाने के लिए अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता का भी जिक्र किया।

अडाणी ने मुलाकात की तस्वीरें भी पोस्ट कीं, लेकिन यह नहीं बताया कि मुलाकात कहां हुई। तस्वीरों से ऐसा लग रहा है कि बैठक अहमदाबाद में हुई थी। दारा ने अडाणी की पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, 'स्वादिष्ट नाश्ते के साथ भारत की अभूतपूर्व वृद्धि और बढ़ती उद्यमशीलता के बारे में गौतम अडाणी के साथ एक बहुत ही शानदार बातचीत हुई।'

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,500 |
| चांदी तैयार | 72,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 712 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

## जेमिनी संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं: गूगल

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी पर चैटबॉट की प्रतिक्रिया के बाद दी सफाई

सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी गूगल ने कहा है कि उसका एआई चैटबॉट वर्तमान घटनाओं और राजनीतिक विषयों से संबंधित कुछ संकेतों का जवाब देने में हमेशा भरोसेमंद नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक सवाल के जवाब में एआई टूल 'जेमिनी' की आपत्तिजनक प्रतिक्रिया और पूर्वाग्रह को लेकर गूगल को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

गूगल ने शनिवार को कहा कि उसने इस मुद्दे का समाधान करने के लिए तेजी से काम किया है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री से जुड़े एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जेमिनी की प्रतिक्रिया आईटी नियमों के साथ ही आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है। एक पत्रकार के सत्यापित खाते से लिखा गया था कि मोदी पर एक सवाल के जवाब में गूगल जेमिनी की प्रतिक्रिया पक्षपात से भरी है। इस पर संज्ञान लेते हुए चंद्रशेखर ने यह बात कही। जेमिनी से जब इसी तरह का सवाल ट्रंप या जेलेंस्की के बारे में पूछा गया, तो उसने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

## एमईएनए देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने में केरल सबसे आगे: रिपोर्ट

**मुंबई।** भारत से पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीकी (एमईएनए) देशों को स्वास्थ्यकर्मी भेजने के मामले में केरल सबसे आगे हैं। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ऐसा हैं, जहां पिछले साल मांग 3.3 गुना बढ़ी। नौकरी दिलाने में मदद करने वाले मंच हंटर के आंकड़ों के अनुसार केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश एमईएनए देशों में नर्सों, डॉक्टरों और प्रयोगशाला तकनीशियनों सहित स्वास्थ्यकर्मियों को भेजने के लिहाज से अग्रणी हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि केरल से यूएई को स्वास्थ्यकर्मियों का प्रवासन 2023 में बढ़कर 3.3 गुना हो गया।

# भारत एकमात्र अर्थव्यवस्था, जो तेजी से बढ़ रही आगे

मुंबई, एजेंसी

- 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने एक कार्यक्रम को किया संबोधित



सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने शनिवार को कहा कि दुनिया में तूफान लाने के लिए भारत की परिस्थितियां बिल्कुल सही हैं और भारत अब एकमात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो मजबूती से आगे बढ़ रही है।

डॉ. पनगढ़िया ने यहां एक निजी टेलीविजन चैनल के आइडियाज ऑफ इंडिया समिट 3.0 में 'द इकोनॉमिक व्हिस्पररः हाउ टू फ्यूल ग्रोथ विद जॉब्स' विषय पर अपने विचार साझा करते हुये भारत और नए भारत के बारे कहा, "1980 के दशक में मैं भारत को लेकर बहुत निराशावादी हुआ करता था। 1991 में हालात बदल गए। रुझान उदारीकरण की ओर हो गया। यदि हम कोविड काल को हटा दें, तो पिछले 20 वर्षों में वास्तविक डॉलर में लगभग 8.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसकी हम 1980 के दशक में कल्पना भी नहीं कर सकते थे।' उन्होंने कहा कि बेरोजगारी वास्तव में भारत के लिए कोई समस्या नहीं है। अल्परोजगार है, चुनौती अच्छी तनख्वाह वाली, उच्च उत्पादकता वाली नौकरियां पैदा करने की है। जनसंख्या बड़ी है और जनसंख्या युवा है। यह हमारी मदद करेगा। हमारे पास उस तरह का निर्भरता अनुपात नहीं है, जैसा चीन के पास है।

डॉ. पनगढ़िया ने कहा, "हम एक श्रम प्रचुर देश और पूंजी की कमी वाला देश हैं। हमने अपनी अधिकांश पूंजी कुछ चुनिंदा पूंजी-गहन क्षेत्रों में लगाई है। बहुत सारे कर्मचारी कृषि और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, जिनमें बहुत कम पूंजी है।"

## राष्ट्रीय

# मंदिरों पर टैक्स लगाने का विधेयक विधान परिषद में गिरा

## कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस को झटका, विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन ने विरोध में किया मतदान

बेंगलुरु, एजेंसी



कर्नाटक में 10 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले मंदिरों से कोष एकत्र करने संबंधी कांग्रेस सरकार का एक विधेयक विधान परिषद में विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन के चलते गिर गया।

कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 को इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा से मंजूरी मिल गई थी। शुक्रवार को उच्च सदन में ध्वनिमत से विधेयक गिर गया, जहां विपक्षी दलों के पास बहुमत है।

विधेयक में 10 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच वार्षिक आय वाले मंदिरों से पांच प्रतिशत और एक करोड़ रुपये से अधिक आय वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत राशि एकत्रित करने का प्रस्ताव है। विधेयक में कहा गया है कि एकत्रित धन को 'राज्य धार्मिक परिषद' द्वारा प्रशासित एक साझा कोष में डाला जाएगा, जिसका उपयोग पांच लाख से कम आय वाले 'सी' श्रेणी के मंदिरों (राज्य नियंत्रित) के अर्चकों (पुजारियों) के कल्याण के लिए किया जाएगा।

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष कोटा श्रीनिवास पुजारी ने पुजारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के कदम का स्वागत किया। हालांकि मंदिरों द्वारा अर्जित राजस्व के दुरुपयोग का विरोध किया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार उनके कल्याण के लिए बजट के तहत धन क्यों नहीं दे सकती। विपक्ष ने विधेयक में मंदिर समिति के अध्यक्ष को सरकार द्वारा मनोनीत करने के प्रस्ताव का भी विरोध किया। 'मुजराई' मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने विपक्ष को समझाने की कोशिश करते हुए सदन को आश्वासन दिया कि सरकार मंदिर समिति के अध्यक्ष के मनोनयन में हस्तक्षेप नहीं करेगी और मंदिरों से साझा कोष में दी जाने वाली प्रस्तावित राशि को भी कम करेगी।

विपक्ष ने विधेयक पारित करने से पहले इसमें संशोधन किए जाने पर जोर दिया, जिसको देखते हुए रेड्डी ने सोमवार तक का समय मांगा और कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ इस पर चर्चा करने की जरूरत है, क्योंकि इसमें वित्तीय निहितार्थ शामिल हैं।

हालांकि, सभापति के रूप में मौजूद उप सभापति एमके प्रणेश ने सोमवार तक का समय न देते हुए कहा कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, क्योंकि सदन पहले ही विधेयक पर विचार कर चुका है। इसके बाद विधेयक पर मतदान हुआ और यह विपक्षी भाजपा-जद(एस) गठबंधन के संख्या बल की वजह से गिर गया। भाजपा ने इस विधेयक के बाद कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने के आरोप लगाए हैं, जबकि इन आरोपों को खारिज करते हुए कांग्रेस ने कहा है कि यह एक्ट पहली बार 2003 में ही लाया गया था। वहीं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा है कि भाजपा इस बारे में भ्रांति फैला रही है।

### विधान परिषद में राजग का संख्या बल ज्यादा

कर्नाटक विधान परिषद में राजग यानी भाजपा के गठबंधन के पास सत्ताधारी कांग्रेस से अधिक संख्या बल है। कांग्रेस के 30 एमएलसी हैं, जबकि भाजपा के 35 एमएलसी हैं। इसके अलावा 8 एमलसी भाजपा की गठबंधन सहयोगी जेडीएस के हैं। कर्नाटक में लाए जा रहे 'कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक 2024' कानून के तहत सरकार सालाना एक करोड़ से अधिक आय वाले मंदिरों से आय पर दस प्रतिशत टैक्स ले सकेगी, जबकि दस लाख से एक करोड़ तक की आय वाले मंदिरों से 5 प्रतिशत टैक्स लिया जा सकेगा।

## शरद पवार ने अपनी पार्टी के चुनाव चिह्न का किया अनावरण

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने अपने नेतृत्व वाले पार्टी के गुट के चुनाव चिह्न 'तुरहा (पारंपरिक तुरही) बजाते हुए आदमी' का शनिवार को अनावरण किया और इसे लोगों के कल्याण के लिए एक नया संघर्ष शुरू करने और उनके उत्थान के वास्ते काम करने वाली सरकार बनाने के लिए प्रेरणा बताया।

अजित पवार और आठ अन्य विधायकों के पिछले वर्ष जुलाई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो जाने के बाद शरद पवार नीत राकांपा विभाजित हो गई थी। बाद में निर्वाचन आयोग ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असल राकांपा घोषित किया था और उसे पार्टी का चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया था।

# भ्रष्टाचार छिपाने को आप ने कांग्रेस के सामने टेके घुटने

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने दोनों पार्टियों के गठजोड़ को भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया



भाजपा ने कांग्रेस-आप गठजोड़ की आलोचना करते हुए शनिवार को इसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि आप ने भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कांग्रेस के सामने घुटने टेक दिए। यह (गठजोड़) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का किसी भी तरह से मुकाबला नहीं कर पाएगा।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी और भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिन राज्यों में यह गठजोड़ किया गया है चाहे वह गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, गोवा या दिल्ली हो, भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनावों में 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे। लेखी ने अतीत में कांग्रेस के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के कई आरोपों का हवाला देते हुए कहा कि यह भ्रष्ट गठबंधन उन लोगों के खिलाफ सफल नहीं होगा, जो जनता की सेवा करने के लिए जाने जाते हैं। लेखी ने कहा कि केजरीवाल न केवल 2004-14 के दौरान केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के अधिकांश मंत्रियों पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाते थे, बल्कि उन्होंने दिवंगत राजीव गांधी से भारत रत्न सम्मान वापस लेने की भी मांग की थी।

## एक नजर

### तमिलनाडु में कांग्रेस की विधायक विजयधरानी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में लगातार तीन बार से विधायक कांग्रेस की नेता एस. विजयधरानी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गईं और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विजयधरानी के भाजपा में शामिल होने को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वह राज्य में अपना जनाधार बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। विजयधरानी कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र की विलावनकोड सीट से विधायक हैं। भाजपा कन्याकुमारी से अतीत में लोकसभा चुनाव जीत चुकी है।

### कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**बेलगावी।** कर्नाटक के बेलागावी जिले से करीब 90 किमी दूर दत्त जंबोटी रोड पर हुई दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को हुई दुर्घटना में पांच लोगों की घटनास्थल पर, जबकि एक अन्य की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार एक कार ने खड़े हुए दोपहिया वाहन और फिर एक अन्य दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। खड़े हुए वाहन के पास मौजूद दो लोगों को गंभीर चोट आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## प्रधानमंत्री 27 फरवरी को केरल की यात्रा पर आएंगे

**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा चुनाव से पहले केरल में राजनीतिक पैठ मजबूत करने की भाजपा की कोशिशों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 फरवरी को राज्य की यात्रा पर आ रहे हैं। यह इस साल राज्य की उनकी तीसरी यात्रा है। मोदी आधिकारिक कार्यक्रम के लिए मंगलवार को केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे। वह भाजपा की राज्य इकाई द्वारा आयोजित 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भाग लेंगे।

## बरकती व उसकी पत्नी के खिलाफ चार्जशीट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने गैरकानूनी गतिविधियों और आतंकवादी वित्तपोषण के एक मामले में सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती, उसकी पत्नी और अब पाकिस्तान में सक्रिय एक आतंकवादी के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया। शोपियां के ज़ैनापोरा के निवासी सरजन बरकती और एक प्रमुख क्लर्क पर हिजबुल मुजाहिदीन कमांडर बुरहान वानी के निष्कासन के बाद 2016 की अशांति में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का आरोप लगाया गया था। एसआईए की कश्मीर इकाई ने बरकती, उसकी पत्नी शबरोजा बानो और हिजबुल मुजाहिदीन के एक सक्रिय आतंकी अब्दुल हामिद लोन के खिलाफ कुलगाम में विशेष यूएपीए अदालत के समक्ष शुक्रवार को आरोप पत्र पेश किया, जो पाकिस्तान में स्थित है और फरार है।

## झारखंड में माओवादियों ने मुखबिरी के शक में एक शख्स की हत्या की

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों ने पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना टोंटो थाना क्षेत्र के बंदाबेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात घटी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जितेन लागुरी नामक व्यक्ति के शुक्रवार शाम को घर लौटने के बाद नक्सलियों का एक समूह उनके घर पर पहुंचा और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

## सिंघू और टीकरी बॉर्डर को खोला जाएगा

**नई दिल्ली।** किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के मद्देनजर दिल्ली-हरियाणा सीमा पर सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों को करीब दो सप्ताह तक बंद रखने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उन्हें आंशिक रूप से खोलने की प्रक्रिया शुरू की। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सिंघू सीमा मार्ग के 'सर्विस लेन' और टीकरी सीमा मार्ग के एक लेन को खोला जा रहा है, ताकि वाहनों की आवाजाही हो सके। सिंघू और टीकरी सीमा मार्गों के खुलने से दिल्ली से हरियाणा जाने वाले वालों को बहुत राहत मिलेगी। इन दोनों सीमा मार्गों को 13 फरवरी को सील कर दिया गया था, क्योंकि पंजाब से प्रदर्शनकारी किसानों ने फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी तथा कृषि ऋण माफी समेत अपनी मांगों पर दबाव डालने के लिए अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू किया था।

### एडीआर ने विश्लेषण के बाद दी जानकारी

## राज्यसभा के 36% प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा चुनाव के 36 फीसदी उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि विश्लेषण किए गए उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 127.81 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने यह जानकारी दी।

एडीआर और 'नेशनल इलेक्शन वॉच' ने 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए मैदान में उतरे 59 उम्मीदवारों में से 58 के हलफनामों का विश्लेषण किया। राज्यसभा चुनाव 27 फरवरी को होंगे। एडीआर के विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 30 उम्मीदवारों में से आठ (27 प्रतिशत), कांग्रेस के नौ उम्मीदवारों में से छह (67 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के चार उम्मीदवारों में से एक (25 प्रतिशत), सपा उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत), वाईएसआर कांग्रेस के तीन उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत) और राजद के दो उम्मीदवारों में से एक (50 प्रतिशत) प्रत्याशी के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज है। इसके अलावा इनमें से 17 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं।

## मध्य प्रदेश में ट्रक से लहसुन की लूट, 11 बदमाश गिरफ्तार

**बड़वानी।** जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में ट्रक से ले जा रहे लहसुन लूटने के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़वानी के पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने लहसुन से भरे ट्रक की डकैती के मामले में अंतर्राज्यीय गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। पुनीत ने बताया कि देर रात आगरा मुंबई हाईवे पर लहसुन से भरे वाहन को 15 हथियार बंद लोगों ने अपना ट्रक अड़ाकर रोका था। इसके बाद कांच तोड़ते हुए उसके ड्राइवर को उतार कर उसके हाथ पैर बांध दिए थे। उसे अपने वाहन में मारपीट करते हुए 2 घंटे तक घुमाते रहे। आरोपियों ने उससे 15 हजार रुपये छीन कर नेशनल हाईवे पर छोड़ दिया था।

# असम में मुस्लिम विवाह और तलाक अधिनियम खत्म

गुवाहाटी, एजेंसी

- राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी दी, विपक्ष ने सरकार के फैसले को बताया मुस्लिम विरोधी



असम मंत्रिमंडल ने बाल विवाह को समाप्त करने के लिए असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को रद करने की मंजूरी दे दी है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, 'इस अधिनियम में ऐसी स्थिति में भी विवाह पंजीकरण की अनुमति दिए जाने के प्रावधान शामिल हैं, जब वर की आयु 21 वर्ष और वधू की आयु 18 वर्ष न हो, जो कि विवाह के लिए वैध आयु होती है। यह कदम (कानून को निरस्त किया जाना) राज्य में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।'

विपक्षी दलों ने सरकार के इस फैसले को मुसलमानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण और चुनावी वर्ष में मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने का प्रयास बताया। कांग्रेस के विधायक अब्दुल रशीद मंडल ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनावों के वर्ष में अधिनियम को निरस्त करने का निर्णय लेकर सरकार मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रही है। यह मुसलमानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण निर्णय के अलावा और कुछ नहीं है।' गोलपारा (पश्चिम) से विधायक ने कहा, 'सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने की बात करती है, लेकिन अब तक विधानसभा में ऐसा कोई विधेयक या अध्यादेश नहीं लाया गया है और इसका कारण उन्हें ही पता है।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून को निरस्त किए जाने पर जिला आयुक्तों और जिला रजिस्ट्रार को इस समय 94 मुस्लिम विवाह रजिस्ट्रार के पास मौजूद 'पंजीकरण रिकॉर्ड को अपने संरक्षण' में लेने के लिए अधिकृत किया जाएगा

### यह यूसीसी की ओर पहला कदम: अजमल



**गुवाहाटी।** एआईयूडीएफ अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल ने शनिवार को दावा किया कि असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करना समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन यह राज्य में भाजपा सरकार की ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। अजमल ने कहा, 'वे मुसलमानों को भड़काने और मतदाताओं को ध्रुवीकृत करने की कोशिश कर रहे हैं।'



## खेल डायरी

### सुमित नागल को दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को एटीपी 500 टूर्नामेंट दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला है। टूर्नामेंट के क्वालीफायर शनिवार को शुरू हो गए और मुख्य ड्रा के मैच सोमवार से आरंभ होंगे। नागल का सामना पहले दौर में इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिनकी मौजूदा विश्व रैंकिंग 49 है। इस 26 साल के भारतीय का यह साल शानदार रहा है, उन्होंने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया था, जिसमें वह कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। वह 1989 के बाद ग्रैंडस्लैम में वरीय खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। इस महीने नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रैंकिंग हासिल की थी लेकिन पिछले हफ्ते एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट चेन्नई ओपन जीतने के बावजूद 101वें स्थान पर खिसक गये थे। दुबई चैम्पियनशिप में रूस के दानिल मेदवेदेव शीर्ष वरीय हैं।

### कैमरन नोरी रियो ओपन के सेमीफाइनल में

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** गत चैंपियन कैमरन नोरी ने ब्राजील के थियागो सेबोथ वाइल्ड को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नोरी ने वाइल्ड को हराया। सेमी फाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना के मरियानो नवोन से होगा जिन्होंने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को हराया। इससे पहले अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में वह एक दूसरे के आमने-सामने होंगे। चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने सर्बिया के दुसान लाजोविच को हराया। सेमीफाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी सेबेस्टियन बेज़ होंगे, जिन्होंने ब्राजील के थियागो मोंटेइरो को पराजित किया।

### कलिंस्काया दुबई ओपन के फाइनल में

**दुबई, एजेंसी।** क्वालीफायर अन्ना कलिंस्काया ने इगा स्वियातेक को उलटफेर का शिकार बनाकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। कलिंस्काया ने स्वियातेक को सीधे सेटों में पराजित किया। यह एक वर्ष में पहला अवसर है जबकि स्वियातेक को सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। कलिंस्काया पहली क्वालीफायर हैं जिन्होंने शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर दुबई ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उन्होंने येलेना ओस्टापेंको और कोको गाफ को हराया था। कलिंस्काया फाइनल में इटली की विश्व में 26वें नंबर के खिलाड़ी जैसमीन पाओलिनी से भिड़ेगी। पाओलिनी ने सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया को हराया।

### जेडन शॉ के दो गोल, अमेरिका ने गोल्ड कप में अर्जेंटीना को 4-0 से रौंदा



**कार्सन (अमेरिका), एजेंसी।** जेडिन शॉ के दो गोल से अमेरिका ने शुक्रवार रात कोनकाकॉफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जेंटीना को 4-0 से शिकस्त दी। अमेरिका ने पहले 20वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी। उसके लिए 19 साल की शॉ ने 10वें और 18वें मिनट में गोल दागे जबकि अनुभवी एलेक्स मोर्गन ने 19वें मिनट में हेडर के जरिए तीसरा गोल किया। टीम के लिए अंतिम गोल लिंडसे होरान ने 77वें मिनट में पेनल्टी किक पर दागा। अमेरिका अब ग्रुप चरण के अंतिम मैच में सोमवार को मेक्सिको के सामने होगा, जिसने डोमिनिक गणराज्य को 8-0 से मात दी।

# स्पिन में फंसा भारत, बढ़त के करीब इंग्लैंड

## चौथे टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी लड़खड़ाई, 219 रन पर गवांए 7 विकेट

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**रांची, एजेंसी**





शोएब बशीर (84 रन देकर 4 विकेट) और टॉम हार्टली (47 रन देकर 2 विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने स्पिन में फंसाकर इंग्लैंड को चौथे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी में बढ़त हासिल करने की तरफ अग्रसर किया। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 219 रन बनाए।

भारत अभी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है। यशस्वी जायसवाल को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। जायसवाल ने 117 गेंद पर 73 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का है। वह 55 रन पर पहुंचते ही 1 टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने दो मैच में दोहरे शतक जमाए थे। भारत का स्कोर एक समय 7 विकेट पर 177 रन था, लेकिन इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (58 गेंद पर नाबाद 30) और कुलदीप यादव (72 गेंद पर नाबाद 17) ने दिन के बाकी बचे 17.4 ओवर में कोई झटका नहीं लगने दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की है। भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (02) तथा दूसरे सत्र में शुभमन गिल (38), रजत पाटीदार (17) और रविंद्र जडेजा (12) के विकेट गंवाए। इंग्लैंड की तरफ से दूसरे सत्र में तीनों विकेट बशीर ने लिए। जायसवाल, सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) तीसरे सत्र में पवेलियन लौटे। इससे पहले इंग्लैंड की पारी का आकर्षण जो रूट का शतक रहा। वह 274 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाकर नाबाद रहे।

उन्होंने ओली रॉबिंसन (96 गेंद पर 58 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। भारत के जडेजा ने 67 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही रोहित का विकेट गंवा दिया। जेम्स एंडरसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स के दस्तानों में समा गई। जायसवाल ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की लेकिन 44 रन के अंदर 3 विकेट गंवाने से भारत फिर बैकफुट पर चला गया।

गिल शुरू में सतर्कता बरतने के बाद जब अपने अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तब बशीर की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया। जायसवाल जब 40 रन पर थे तब कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें जीवनदान दिया। इस बल्लेबाज ने इसके बाद रॉबिंसन के खिलाफ कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया और बशीर पर छक्का भी जमाया। पाटीदार फिर से मौके का फायदा उठाने में असफल रहे। वह बशीर की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले अपनी पारी के दौरान किसी भी समय सहज नहीं दिखे। जडेजा ने हार्टली पर लगातार दो छक्के लगाए लेकिन बशीर ने अगले ओवर में उन्हें ओली पोप के हाथों कैच करा दिया।

बशीर ने जायसवाल को बड़ी पारी नहीं खेलने दी और नीची रहती गेंद पर उन्हें बोल्ड करके भारत को करारा झटका दिया। अपने पदार्पण टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ने वाले सरफराज को भी रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हार्टली की गेंद पर रूट ने स्लिप में उनका शानदार कैच लिया। हार्टली ने अश्विन को भी ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया। इंग्लैंड ने सुबह अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 302 रन से आगे बढ़ाई।

जडेजा ने पहले सत्र में बाकी बचे तीन विकेट लेकर भारत को वापसी दिलाई। रूट के शतक और रॉबिंसन के अपने करियर के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड पहले दिन लंच तक 112 रन पर 5 विकेट गंवाने के बावजूद चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। इंग्लैंड ने इसके बाद 241 रन जोड़े।

### यशस्वी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले 5वें भारतीय



**रांची, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच के दूसरे दिन एक टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने मौजूदा 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला में अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अंतिम सत्र में शोएब बशीर पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन तक पहुंचने के बाद हासिल की। जायसवाल ने मौजूदा श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक जमाये हैं। इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने के कारनामे में भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई के साथ शामिल हो गया। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट श्रृंखला में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई श्रृंखला में हासिल की थी। गावस्कर ने 1970-71 की इस श्रृंखला में ही 4 शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन जुटाकर एक टेस्ट श्रृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय हैं जो एक टेस्ट श्रृंखला में दो मौकों पर 700 से ज्यादा रन जुटा सके हैं। 'लिटिल मास्टर' ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के भारत दौरे पर चार शतक और एक अर्धशतक से छह टेस्ट में 732 रन बनाये थे। एक टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में चार शतकों से 974 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 353/10 (104.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 122 | 274 | 10/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन का जुरेल बो जडेजा | 58 | 96 | 9/1 |
| शोएब बशीर का पाटीदार बो जडेजा | 00 | 02 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बो जडेजा | 00 | 04 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 19, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, 8-347, 9-349, 10-353, **गेंदबाजी:** मोहम्मद सिराज 18-3 -78-2, आकाश दीप 19-0-83-3, रवीन्द्र जड़ेजा 32 .5-7-67-4, रविचंद्रन अश्विन 22-1-83-1, कुलदीप यादव 12-4 -22-0, यशस्वी जायसवाल 1-0 -6-0

| भारत (पहली पारी) | 219/7 (73 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल खेल रहे हैं | 30 | 58 | 2/1 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव खेल रहे हैं | 17 | 72 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 15, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112, 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, **गेंदबाजी:** एंडरसन 12-4-36-1, रोबिन्सन 9-0-39-0, बशीर 32-4-84-4, हार्टले 19-5-47-2, रूट 1-0-1-0

### कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए रूट की प्रशंसा की

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जो रूट की प्रशंसा की। रूट पहले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन रांची में चल रहे चौथे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने नाबाद 122 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 5 विकेट पर 112 रन के स्कोर से उबरकर 353 रन बनाने में सफल रहा। कुक ने कहा कि जो रूट ने अपने बेसिक्स पर लौटकर बल्लेबाजी की। आप जो रूट जैसे बल्लेबाज से इसी तरह के शॉट की उम्मीद करते हैं। उनके रिवर्स स्कूप को लेकर काफी चर्चा हुई, लेकिन रूट ने यह पारी अपने विशिष्ट अंदाज में खेली। उन्होंने कहा कि यह सामान्य से थोड़ा धीमी पारी थी लेकिन वह अपनी पूरी लय में थे। जब वह लय में होते हैं तो फिर रोहित की तरह उनके लिए बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है।

# आशा की स्पिन से यूपी चकराया, आरसी दो रन से जीता

**बेंगलुरु, एजेंसी**





विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (62) और सब्बीनेनी मेघना (53) के अर्धशतकों के बाद शोभना आशा के 5 विकेट से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) महिला टीम ने शनिवार को लीग मैच में यूपी वारियर्स को 2 रन से मात दी। मेघना ने 44 गेंद की पारी के दौरान 7 चौके और 1 छक्का जबकि ऋचा ने 37 गेंद की पारी में 12 चौके मारे। दोनों ने तब चौथे विकेट के लिए 71 रन की सांझेदारी की। टीम ने बल्लेबाजी के न्योते के बाद 7.5 ओवर में 54 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे, जिससे आरसीबी ने 6 विकेट पर 157 रन बनाए। जवाब में यूपी वारियर्स की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन ही बना सकी। श्रेयांका पाटिल ने 18वें ओवर में 14 रन लुटाए। इससे अंतिम दो ओवर में यूपी को जीत के लिए 12 गेंद में 16 रन बनाने थे, लेकिन 19वें ओवर में टीम ने एक विकेट गंवा दिया और 5 रन ही बना सकी। अब अंतिम ओवर में 11 रन की दरकार थी और 8 रन ही बन सके। ग्रेस हैरिस (38) शीर्ष स्कोरर रहीं। हैरिस और श्वेता सहरावत (31) ने चौथे विकेट के लिए 77 रन की सांझेदारी की। ये दोनों विकेट गिरते टीम की लय टूट गई। आरसीबी के लिए शोभना ने 22 रन देकर 5 विकेट लिए। सोफी मोलिनूक्स और जॉर्जिया वारेहम ने एक-एक विकेट झटके। मेघना और ऋचा दोनों ने हालात के अनुसार खेल जारी और क्रीज पर जमने के बाद टीम को संकट से निकाला। मेघना को 20 और 22 रन पर जीवनदान मिला। उन्होंने मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए। बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ पर उनका एक्स्ट्रा कवर में लगाया गया छक्का शानदार रहा। मेघना ने 40 गेंद में अर्धशतक बनाया। ऋचा ने साइमा ठाकोर पर 14वें ओवर में 16 रन जड़ दिए और तहलिया मैकग्रा पर चौके से 31 गेंद में पचासे तक पहुंच गईं। राजेश्वरी ने इस भागीदारी का अंत किया। उनकी गेंद पर मेघना को एलिसा हीली ने स्टंप आउट किया। इन दोनों के अलावा कप्तान स्मृति मंधाना (13 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं। सोफी डेविने और एलिसे पैरी कोई कमाल नहीं कर सकीं।

### जीत के लिए संघर्ष



फ्रांस के ल्योन में फ्रांस और जर्मनी के बीच शनिवार को खेले जा रहे नेशंस लीग महिला सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के दौरान जर्मनी की मरीना हेगरिंग के साथ गेंद के लिए चुनौती पेश करतीं फ्रांसे की कादि दियातोउ डायनी।

## बॉलीवुड हलचल

### हर्ष और प्रणव का जय जय राम रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** भगवान श्रीराम चन्द्र की जय जयकार करता हुआ भजन जय जय राम रिलीज़ हो गया है। भजन जय जय राम प्रणव वत्स ने लिखा है और संगीत कम्पोजिशन हर्ष उपाध्याय ने दिया है। इस भजन का कोरस राहुल चिटनीस, विवेक नाइक, सन्तोष बोटे, और सागर लेले ने गाया है। इस भजन में प्रयुक्त अतिरिक्त पंक्तियों को श्रुति शुक्ला ने कलमबद्ध किया है। वाइब म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स हर्ष उपाध्याय और जय मवानी द्वारा निर्मित इस भजन का वोकल सुकृति भारद्वाज और जय मवानी ने डिजाइन किया है। भजन जय जय राम के यूट्यूब के रिलीज टॉपिक चैनल पर सुना जा सकता है।

### संजय लीला भंसाली ने मनाया 61वां जन्मदिन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार संजय लीला भंसाली आज 61 वर्ष के हो गए। 24 फरवरी 1963 को मुंबई में जन्में संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत विदु विनोद चोपड़ा के सहायक के तौर पर की। भंसाली ने विदु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिन्दा, 1942 अ लव स्टोरी और करीब में सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया। बतौर स्वतंत्र निर्देशक संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी से की। इस फिल्म में नाना पाटेकर, सलमान खान और मनीषा कोइराला ने मुख्य भूमिकायें निभायी थी। यूं तो फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन संजय लीला भंसाली ने अपने बेहतरीन निर्देशन के जरिये दर्शकों के साथ हीं समीक्षकों का भी दिल जीत लिया। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम दिल दे चुके सनम संजय लीला भंसाली के करियर की पहली सुपरहिट साबित हुयी। इस फिल्म में भी संजय लीला भंसाली ने सलमान खान का चुनाव किया। फिल्म में सलमान खान के अलावा ऐश्वर्या राय और अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

### दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जाह्नवी कपूर फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।



### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी वरुण धवन-जाह्नवी कपूर की जोड़ी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका होगी।इस फिल्म में वरुण धवन 'सनी संस्कारी' के किरदार में नजर आएंगे। जाह्नवी कपूर फिल्म में 'तुलसी कुमारी' का किरदार अदा करेंगी। फिल्म का टाइटल शेयर करने के साथ ही मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, अपनी कुमारी को लेने के लिए संस्कारी आ रहा है। ये लव स्टोरी आपका मनोरंजन करने के लिए जल्द ही स्क्रीन पर आ रही है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।

### समीर ने दिए कई सुपरहिट फिल्मों में गीत



**मुंबई।** बॉलीवुड के गीतकार समीर आज 66 वर्ष के हो गये। शीतला पांडेय उर्फ समीर का जन्म 24 फरवरी 1958 को बनारस में हुआ। उनके पिता अंजान फिल्म जगत के मशहूर गीतकार थे। बचपन से ही समीर का रूझान अपने पिता के पेशे की ओर था। वह भी फिल्म इंडस्ट्री में गीतकार बनना चाहते थे लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वह अलग क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें। समीर ने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढाई पूरी की। इसके बाद परिवार के जोर देने पर उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत बतौर बैंक ऑफिसर शुरू की। बैंक की नौकरी उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं थी। कुछ दिनों के बाद उनका मन इस काम से उचट गया और उन्होंने नौकरी छोड़ दी। अस्सी के दशक में गीतकार बनने का सपना लिये समीर ने मुंबई की ओर रूख कर लिया। लगभग तीन वर्ष तक मुंबई में रहने के बाद वह गीतकार बनने के लिये संघर्ष करने लगे। आश्वासन तो सभी देते रहे लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नहीं देता था। अथक परिश्रम करने के बाद 1983 में उन्हें बतौर ..बेखबर .. फिल्म के लिये गीत लिखने का मौका मिला। इस बीच समीर को इंसाफ कौन करेगा, जवाब हम देगें, दो कैदी, रखवाला, महासंग्राम, बीबी हो तो ऐसी, बाप नंबरी बेटा दस नंबरी जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इन फिल्मों की असफलता से वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहे।

### पूजा भट्ट ने मनवाया था कभी अपने अभिनय का लोहा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री -फिल्मकार पूजा भट्ट 42 वर्ष की हो गई। 24 फरवरी 1972 को मुंबई में जन्मी पूजा भट्ट ने बतौर अभिनेत्री अपने कॅरियर की शुरूआत अपने पिता महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म डैडी से की। इस पिल्म में पूजा भट्ट के पिता की भूमिका अनुपम खेर ने निभाई थी। अपनी पहली ही फिल्म के जरिए पूजा भट्ट ने दर्शकों के बीच अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। 1991 में प्रदर्शित फिल्म दिल है कि मानता नहीं पूजा भट्ट के कॅरियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। महेश भट्ट निर्देशित इस फिल्म में पूजा भट्ट के अपोजिट आमिर खान थे। फिल्म की कहानी हॉलीवुड फिल्म ..इट हैपेंड वन नाईट ..पर आधारित थी। फिल्म में पूजा भट्ट और आमिर खान ने अपने चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया। 1991 में पूजा भट्ट की एक और सुपरहिट पिल्म सड़क प्रदर्शित हुई। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पूजा भट्ट की जोड़ी संजय दत्त के साथ काफी पसंद की गई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

